अर्थात् कार्य-हेतु (जैसे वह्न्यनुमान में धूम), कारणहेतु (जैसे बधिरकर्तृक शब्दानुमिति में भेरीदण्डसंयोग), संयोगि-हेतु (जैसे त्वगिन्द्रियानुमान में शरीर), विरोधिहेतु (जैसे आवरणान्तर्गत नकुलानुमान में सर्प-विस्फूर्जन) और समवायिहेतु (जैसे-तेजानुमान में जलगत उष्णता) के ज्ञान से 'इस हेतु का यह साध्य है' इस प्रकार का ज्ञान अनुमिति कहलाता है।

तदुपरान्त यह प्रतिपादित किया है कि अनुमान की उक्त प्रक्रिया से ही शब्द की भी व्याख्या हो जाती है, अतः शब्द को पृथक् प्रमाण नहीं माना जा सकता। वैशेषिक सूत्रों के भाष्यकार प्रशस्तपाद ने भी मत व्यक्त किया है कि शब्द अनुमान से भिन्न अतिरिक्त प्रमाण नहीं क्योंकि शब्द द्वारा अर्थावबोधन की प्रक्रिया वैसी ही है जैसी लिङ्ग द्वारा साध्य के साधन की–

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

"शब्दादीनामप्यनुमानेऽन्तर्भावः, समानविधित्वात्। यथा प्रसिद्धसमयस्याऽसन्दिग्ध-लिङ्गदर्शनप्रसिद्ध्यनुस्मरणाभ्यामतीन्द्रियेऽर्थे भवत्यनुमानमेवं शब्देऽपि।" (प्र०पा०भा०, पृ० ५/२)

अभिप्राय यह है कि शब्द तब तक अपने अर्थ का बोध नहीं कर सकता जब तक यह निश्चित रूप से ज्ञात न हो कि किसी विशेष शब्द का कोई विशेष अर्थ होता है। अतः चूँकि शब्द अर्थ के साथ अपने अव्यभिचरित सम्बन्ध-ज्ञान के पश्चात् ही अर्थ का बोध कराता है, अतः जैसे धूम से अग्नि के अनुमान में धूम लिङ्ग और अग्नि साध्य होती है, वैसे ही शब्द से अर्थ के ज्ञान में शब्द लिङ्ग और अर्थ साध्य होता है। इसीलिए शब्द पृथक् प्रमाण नहीं, अनुमान ही है–

"तावद्धि शब्दो नार्थं प्रतिपादयति, यावत् 'अयं शब्दः अस्यार्थस्याव्यभिचारी इत्येवं नावगम्यते। ज्ञाते त्वव्यभिचारे अर्थं प्रतिपादयन् शब्दः धूम इव लिङ्गं स्यादिति तदाशयः।" (भूमिका, पृ० ५)

वैशेषिक मत-निरसन

इसी भाँति न्यायलीलावतीकार वल्लभाचार्य ने भी अपने ग्रन्थ में प्रतिपादित किया है कि शब्द अनुमान से पृथक् प्रमाण नहीं–

एतानि पदानि स्मरितार्थसंसर्गज्ञानपूर्वकाणि संसृष्टार्थपरत्वात्।

अर्थात् सभी (वैदिक एवं लौकिक) पद पहले से स्मरण कराये गये विषयों के संसर्ग-ज्ञान से युक्त होते हैं क्योंकि पदों के प्रयोग से पूर्व उनके प्रयोक्ता आप्त पुरुष अथवा परमेश्वर में उन पदों के अर्थों का परस्पर संसृष्ट-विषयक ज्ञान अवश्य रहता है। तत्त्वचिन्तामणिकार गंगेश उपाध्याय ने उक्त वैशेषिकानुसारी मत को अपने ग्रन्थ में विस्तारपूर्वक उद्धृत किया है और फिर न्यायमतानुसार उसका खण्डन किया है जो प्रस्तुत ग्रन्थ 'शाब्दबोधमीमांसा' प्रथम भाग में यथास्थल प्रदर्शित किया गया है (पृ० ११-१२)।

न्यायमञ्जरीकार जयन्तभट्ट ने भी वैशेषिक के उक्त तर्कों की सयुक्तिक समीक्षा करते हुए सिद्ध किया है कि शब्द अनुमान से पृथक् एक स्वतन्त्र प्रमाण है। उन्होंने प्रथमतः शब्द को दो प्रकार का माना है–पद और वाक्य। इनमें से वाक्य अपने अर्थ का बोध कराने में किसी सम्बन्ध पर आश्रित नहीं होता, क्योंकि वाक्य में शक्ति नहीं होती। किसी नूतन व्यक्ति द्वारा प्रथमतः प्रणीत श्लोकों को सुनते ही पदों से परिचित श्रोताओं को वाक्यार्थ-बोध होता देखा जाता है। इसलिए सम्बन्धज्ञान के आधार पर प्रवृत्त होने वाले अनुमान से वाक्य की समानता कथमपि सिद्ध नहीं की जा सकती।

जहाँ तक पद का प्रश्न है, यद्यपि उसकी अर्थ में प्रवृत्ति तो सम्बन्ध-ज्ञान की अपेक्षा से ही होती है, तथापि विषय-भेद और सामग्री-भेद के कारण वह अनुमान से तो भिन्न ही है। शब्दों से अर्थ की प्रतीति उनकी अर्थबोधक शक्ति के आधार पर होती है अवश्य, किन्तु शब्द से अर्थ की प्रतीति और हेतु से साध्य की प्रतीति समान नहीं कही जा सकती। पद से बोध्य अर्थ मात्र एक

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

जातिविशिष्ट व्यक्ति का ज्ञान कराता है जबकि अनुमान में हेतु से जो ज्ञान उत्पन्न होता है, वह मात्र इतना वाक्यार्थ बोध कराता है कि–'यहाँ अग्नि है अथवा पर्वत पर अग्नि है'–

जातिविशिष्टव्यक्तिमात्रं पदस्यार्थः। अनुमानं तु वाक्यार्थविषयकम्।

(भूमिका, पृ० ५)

अपि च, अनुमान में पर्वतादिरूपी जो विशेष्य है, उसका ज्ञान होने पर ही, धूमादि लिङ्ग के द्वारा अग्न्यादि विशेषण का ज्ञान होता है जबकि शब्द प्रमाण के स्थल पर पद से पहले घटरूपी विशेष्य का बोध होता है। अतः स्पष्ट है कि शाब्द-बोध जन्य विषय भिन्न होता है और हेतुजन्य अनुमान का विषय भिन्न होता है, इसलिए शब्द अनुमान से पृथक् है–

"किञ्च पर्वतादिरूपं यद्विशेष्यं तज्ज्ञानपूर्वकम् अग्न्यादिविशेषणज्ञानं लिङ्गादुदेति। पदात्तु विशेषणावगतिपूर्विका विशेष्यावगतिरिति विषयभेदः।" (भूमिका, पृ० ५)

सामग्री-भेद

इसके अतिरिक्त, शब्द और अनुमान में सामग्रीगत भेद भी पाया जाता है। आशय यह है कि अनुमान के लिए शुद्ध हेतु में जिन पक्षसत्त्व, सपक्षसत्त्व, विपक्षासत्व, अबाधितत्व और असत्प्रतिपक्षत्व–इन पाँच विशेषताओं की अपेक्षा होती है, वे शब्द में अपेक्षित नहीं होती हैं–

"सामग्रीभेदाच्च न शब्दोऽनुमानम्। पक्षसत्त्वसपक्षसत्त्वादिरूपसापेक्षमनुमानम्, शब्दे तु न तानि रूपाणि सन्ति, न वा अपेक्षितानि।" (भूमिका, पृ० ५)

इसलिए जयन्तभट्ट के मत का उपसंहार करते हुए शाब्दबोधमीमांसाकार कहते हैं कि यद्यपि शब्द से अर्थ का ज्ञान उन दोनों के परस्पर सम्बन्ध की अपेक्षा रखकर ही प्रवृत्त होता है, तथापि वह अनुमान से पृथक् है क्योंकि अनुमान का आधार लिङ्ग और लिङ्गी के मध्य पाया जाने वाला अविनाभाव सम्बन्ध है किन्तु शब्द और अर्थ के मध्य पाया जाने वाला वाच्य-वाचक सम्बन्ध 'समय' नाम से जाना जाता है। अतः स्पष्ट है कि विषय-भेद और सामग्री-भेद के कारण प्रत्यक्ष की भाँति अनुमान से भी शब्द का भेद है–

"लिङ्गलिङ्गिनोर्हि अविनाभावो नाम सम्बन्धः, शब्दार्थयोस्तु समयापरनामा वाच्यवाचकसम्बन्धः प्रत्ययाङ्गम्। एवं च विषयभेदात् सामग्रीभेदाच्च प्रत्यक्षवत् अनुमानात् अन्यः शब्दः।" (भूमिका, पृ० ६)

इस भाँति प्राचीन नैयायिक मतानुसार शब्द के अनुमान में अन्तर्भावविषयक पूर्वपक्ष का खण्डन करने के पश्चात् ग्रन्थकार ने नव्यनैयायिकों द्वारा प्रदर्शित रीति से भी शब्द की पृथक् प्रमाणता प्रदर्शित की है। इसके लिए उन्होंने न्याय-कौस्तुभकार को आधार बनाकर निम्न युक्तियाँ प्रस्तुत की हैं–

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

(क) व्याप्ति आदि का ज्ञान न होने पर भी शाब्द-बोध होता है, यह अनुभवसिद्ध है। अनुमिति की सामग्री का अभाव होने से उस समय अनुमिति तो सम्भव नहीं, अतः वहाँ कोई अन्य प्रमाण मानना ही होगा, वही शब्द नामक पृथक् प्रमाण है।

(ख) 'चैत्रोक्त वाक्य से यह विषय श्रुत है'-इस प्रकार के व्यवहार का विषय होने से 'श्रु' धातु के अर्थ के रूप में 'शाब्द' बोध नामक एक विलक्षण अनुभव को स्वीकार करना ही होगा और उसके कारण रूप में शब्द को अतिरिक्त प्रमाण भी मानना पड़ेगा। अन्यथा 'श्रुत' इत्यादि शब्द-व्यवहार की व्याख्या का कोई आधार नहीं रहेगा।

(ग) यहाँ यह भी नहीं कहा जा सकता कि उक्त व्यवहार में 'श्रु' धातु को अनुमित्यर्थक मान लेना चाहिए, उसके लिए एक पृथक् प्रमाण मानने की क्या आवश्यकता है? क्योंकि फिर तो 'पर्वत पर अग्नि है' इस अनुमिति के पश्चात् 'पर्वत पर वह्नि श्रुत है'-यही व्यवहार मानना पड़ेगा जो कि अनुभव-विरुद्ध होने से अग्राह्य है।

(घ) शब्दजन्य ज्ञान के पश्चात् 'शाब्दबोध प्राप्त करता हूँ'-(**'शाब्दयामि'**) ऐसा ही अनुव्यवसाय होता है न कि 'अनुमान करता हूँ'-(**अनुमिनोमि**)-ऐसा। इसलिए भी शाब्दबोध अनुमिति से पृथक् ही सिद्ध होता है।

अन्य शब्दों में शब्दप्रमाण इसलिए भी अनुमान से पृथक् है कि शब्द से अर्थज्ञान के अनन्तर 'अनुमान नहीं करता हूँ'-इस अनुव्यवसाय के होने से शाब्द ज्ञान की अनुमितिरूपता सम्भव ही नहीं।

(ङ) अन्ततः, सिद्धि के होने पर भी, शब्द-श्रवण के पश्चात्, श्रोता की इच्छा के विना भी शाब्दबोध उत्पन्न होता देखा जाता है। जबकि अनुमिति तो सिद्धि के होने पर तथा अनुमिति की इच्छा के बिना, नहीं हो सकती। इसलिए शब्दजन्य बोध अनुमानजन्य ज्ञान से भिन्न है, यही सिद्ध होता है-

"अपि च सिद्धिसत्त्वे शब्दश्रवणानन्तरम् इच्छां विनापि शाब्दबोधो जायते। अनुमितिस्तु सिद्धिसत्त्वे अनुमितीच्छां विना च जायत इति वैलक्षण्यात् अनुमितिविलक्षणा शब्दप्रमितिः।" (भूमिका, पृ० ६)

VI

शब्द द्विविध माना गया है-पद और वाक्य। इनमें से पद रूपी शब्द का लक्षण भी दो प्रकार से दिया गया है-**'शक्तं पदम्'**(=शाक्तत्व) तथा **'सुप्तिङन्तं पदम्'** (=विभक्त्यन्तत्व)।

(क) वाक्यरूप शब्द का लक्षण स्वयं न्यायसूत्रकार ने इस भाँति किया है-**'आप्तोपदेशः शब्दः।'** (न्या० सू० १/१/७)

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

तदनुसार आप्तजन वे हैं, जिन्हें हित-अहित, प्राप्ति-परिहार आदि के प्रयोजनक पदार्थों का निश्चित तत्त्वज्ञान है–वे चाहे ऋषि हों, आर्य हों अथवा म्लेच्छ हों। ऐसे आप्त जनों द्वारा उच्चरित आकांक्षा, योग्यता और आसत्तियुक्त पदसमूह या वाक्य ही उनका उपदेश या शब्द प्रमाण है–इस भाँति टीकाकारों द्वारा स्पष्ट किया गया है।

(ख) न्यायमञ्जरीकार जयन्तभट्ट ने शब्द प्रमाण का लक्षण इस भाँति दिया है–'श्रोत्रेन्द्रिय द्वारा ग्राह्य, अर्थ की प्रतीति का करणभूत तत्त्व ही शब्दप्रमाण है–**अर्थप्रतीतिकारणभूतं श्रोत्रग्राह्यं वस्तु शब्दप्रमाणमिति न्यायमञ्जरीकारः**। स्पष्टतः यह लक्षण पद और वाक्य दोनों पर समान रूप से घटित होता है।

(ग) न्यायसार-प्रणेता भासर्वज्ञ ने शब्द का लक्षण इस प्रकार किया है– **'समयबलेन सम्यक्परोक्षानुभवसाधनमागमः'**–अर्थात् शब्दार्थ-सम्बन्धीरूपी समय के द्वारा सम्यक् रीति से परोक्ष अनुभव कराने वाला साधन आगम या शब्द प्रमाण है।

स्पष्टतः यह लक्षण केवल पदरूपी शब्द पर घटित हो सकता है, वाक्यरूपी शब्द पर नहीं, क्योंकि वाक्य में 'समय' का अभाव होता है।

(घ) तत्त्वचिन्तामणिकार गंगेश उपाध्याय ने अपने ग्रन्थ के शब्दखण्डारम्भ में इस भाँति शब्द को लक्षित किया है–**अथ शब्दो निरूप्यते। प्रयोगहेतुभूतार्थतत्त्वज्ञानजन्यः शब्दः प्रमाणम्।** अर्थात् अब शब्द का निरूपण किया जा रहा है। शब्द प्रमाण वक्ता के द्वारा प्रयुज्यमान पदों के उच्चारण किये जाने पर विषयवस्तु-तत्त्वज्ञान से जन्य होता है। ध्यातव्य है कि उच्चार्यमाण शब्द तो केवल अपने अर्थो की स्मृति को उत्पन्न कर सकते हैं, क्योंकि वे अर्थ या तो प्रत्यक्ष से और या अनुमान से पूर्वतः ज्ञात होते हैं। किन्तु वे शब्द अपने अर्थों के अनुभव को उत्पन्न नहीं कर सकते, अतः वे प्रमाण नहीं कहे जा सकते। किन्तु वाक्य का अर्थ पूर्वतः ज्ञात नहीं होता, अतः वाक्य उस अर्थ के अनुभव का जनक होने से प्रमाण है। इसीलिए वाचस्पतिमिश्र एवं अन्य टीकाकारों ने न्यायसूत्रोक्त शब्द-प्रमाण के लक्षण की व्याख्या वाक्य के संदर्भ में की है। कुछ अन्य व्याख्याकारों का मत है कि स्वर्गादि अपूर्व-अर्थ के बोधक पद भी प्रमाण हैं क्योंकि वे पूर्वतः अननुभूत प्रमिति के जनक होते हैं।

(ङ) तर्कसंग्रहकार अन्नम्भट्ट ने शब्द का लक्षण इस भाँति दिया है–**आप्तवाक्यं शब्दः।** अर्थात् आप्तजनोच्चारित वाक्य शब्द है। इसकी व्याख्या करते हुए न्यायबोधिनीकार कहते हैं–**आप्तत्वं च प्रयोगहेतुभूतार्थज्ञानवत्त्वम्। तथा च प्रयोगहेतुभूतार्थज्ञानजन्यशब्दत्वमिति पर्यवसन्नार्थः**। अर्थात् शब्द प्रयोग के हेतुभूत विषय का ज्ञान रखने वाला व्यक्ति आप्त होता है तथा ऐसे ज्ञान से जन्य वाक्य शब्दप्रमाण होता है।

तर्कसंग्रहदीपिका की टीका 'नीलकण्ठप्रकाशिका' में उक्त विषय को इस भाँति विशद किया गया है कि वह वाक्य शब्द प्रमाण है जो प्रस्तुत वाक्यार्थ से व्यक्त होने वाले यथार्थ ज्ञान से जन्य है। ऐसा ज्ञान ही वक्ता को वाक्य-प्रयोग की अर्हता प्रदान करता है तथा इसी से

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

अनाप्तोक्त-वाक्य में अतिव्याप्ति भी निवृत्त हो जाती है। इस विषय का स्पष्ट विवेचन तत्त्वचिन्तामणि में किया गया है।

तर्कसंग्रहदीपिका की एक अन्य टीका 'नृसिंहप्रकाशिका' में कहा गया है कि आप्तोक्त वाक्य शब्दप्रमाण है। यह लक्षण उन्होंने उदयनाचार्य के उस मत के आधार पर दिया है, जिसके अनुसार ज्ञायमान वाक्य ही शब्द प्रमाण है जबकि सामान्यत: सिद्धान्तमतानुसार वाक्य-ज्ञान ही शब्द प्रमाण है। इस लक्षण के द्वारा वाक्य का उच्चारण न होने पर भी मौनी व्यक्ति द्वारा रेखाङ्कित अथवा लिखित शब्दों के ज्ञान से जन्य वाक्यज्ञान से ही शाब्दबोध की उत्पत्ति होती देखी जाती है, अत: इसमें व्यतिरेक-व्यभिचार का दोष पाया जाता है। इसीलिए यदि वाक्य ज्ञान को ही शब्द प्रमाण माना जाये तो मौनी व्यक्ति के द्वारा लिखित सङ्केतों अथवा अक्षरों से वाक्य का ज्ञान और उस वाक्यज्ञान से शाब्दबोध की उत्पत्ति मान लेने पर उक्त दोष का निवारण हो जाता है।

(च) न्यायवार्त्तिकतात्पर्यटीकाकार ने भी उक्त मत का ही समर्थन किया है, क्योंकि वे वाक्यज्ञान को ही शब्दप्रमाण मानते हैं।

(छ) तर्कसंग्रहदीपिका की रामरुद्रीय टीका में भी आप्तोच्चारित वाक्यज्ञान को ही शब्द प्रमाण कहा गया है। इससे मौनी व्यक्ति द्वारा लिखित श्लोकादि में वाक्य का अभाव होने पर भी शाब्दबोध की उत्पत्ति होने से वाक्य द्वारा शाब्दबोध की उत्पत्ति असम्भव होने पर भी कोई हानि नहीं होती क्योंकि वहाँ भी वाक्य का अनुमान कर लेने पर वाक्य का ज्ञान तो होता ही है। अनाप्त व्यक्ति द्वारा उच्चरित वाक्य में उक्त लक्षण की अतिव्याप्ति को रोकने के लिए लक्षण में 'आप्त' पद जोड़ा गया है।

(ज) इसी भाँति 'शब्दशक्तिप्रकाशिका' ग्रन्थ के मंगल श्लोक में जगदीश तर्कालङ्कार कहते हैं कि वह ज्ञायमान वाक्य जो अनुभव का हेतु है तथा आकांक्षा, योग्यता और आसत्ति से समन्वित है, शब्दप्रमाण कहा जाता है–

अनुभवहेतु सकले सद्यः समुपासिता मनुजे।
साकांक्षासन्ना च स्वार्थे योग्या सरस्वती देवी।।

(झ) मीमांसासूत्रों के भाष्यकार शबरस्वामी शब्दप्रमाण का लक्षण देते हुए कहते हैं–

शास्त्रं शब्दविज्ञानादसंनिकृष्टेऽर्थे विज्ञानम्।

अर्थात् ऐसा वाक्य जो जाना गया है और जो अपने अर्थ के उस ज्ञान का जनक है, जो अन्य किसी प्रमाण द्वारा नहीं जाना जा सकता, तथा न ही प्रमाणान्तर से बाधित होता है, शब्द प्रमाण है।

"तेन मानान्तराप्राप्ताबाधितार्थविषयक-ज्ञानजनकविषयत्वे सति शब्दत्वं शब्दप्रमाण-लक्षणमिति।" (भूमिका पृ० ८)

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

(ञ) धर्मराजाध्वरीन्द्र अपने **'वेदान्तपरिभाषा'** नामक ग्रन्थ में शब्दप्रमाण को लक्षित करते हुए कहते हैं–**"यस्य वाक्यस्य तात्पर्यविषयीभूतः संसर्गो मानान्तरेण न बाध्यते तद्वाक्यं प्रमाणम्।"** अर्थात् जिस वाक्य के तात्पर्य का विषय उसमें प्रयुक्त शब्दों का अर्थ होता है और वह किसी अन्य प्रमाण से बाधित नहीं होता है, वह वाक्य शब्द प्रमाण है।

(ट) जयतीर्थ ने अपने **'प्रमाणपद्धति'** शीर्षक ग्रन्थ में शब्द प्रमाण का लक्षण इस प्रकार दिया है–**"निर्दोषशब्दत्वं निर्दोषवाक्यत्वं वा आगमलक्षणम्।"** अर्थात् दोषरहित शब्दों वाला वाक्य ही शब्द प्रमाण है।

(ठ) वेदान्तदेशिक अपने 'न्यायपरिशुद्धि' नामक ग्रन्थ में शब्दप्रमाण का लक्षण देते हुए कहते हैं कि **'अनाप्तानुक्तवाक्यं शब्दः'** अर्थात् अनाप्त व्यक्ति द्वारा न बोला गया वाक्य ही शब्दप्रमाण है। शब्द का यह लक्षण पौरुषेय और अपौरुषेय दोनों प्रकार के शब्दों पर घटित होता है। इसीलिए यहाँ केवल 'आप्तवाक्य' को शब्द नहीं कहा गया, क्योंकि वैसा कहने पर अपौरुषेय वेद में यह लक्षण अव्याप्त हो जाता। चूँकि अपौरुषेय वेद में आप्तोक्तत्व की ही भाँति अनाप्तोक्तत्व भी नहीं है, इसलिए वहाँ उक्त लक्षण की संगति हो जाती है। इसी भाँति आप्तोक्त पौरुषेय वाक्य में भी अनाप्तानुक्तत्व तो होता ही है, अतः यह लक्षण उसमें भी घटित हो जाता है। साथ ही, यह लक्षण अनाप्त व्यक्ति द्वारा उक्त शब्दाभास में भी अतिव्याप्त नहीं होता, क्योंकि इसमें 'अनाप्तानुक्तत्व' नहीं पाया जाता।

(ड) सांख्यकारिका में **'आप्तश्रुतिराप्तवचनं तु'** कहकर शब्द प्रमाण का लक्षण दिया गया है। तदनुसार शब्द प्रमाण बुद्धि की वह वृत्ति है जो वाक्य के अर्थ के रूप में चेतन पुरुष के प्रतिबिम्ब से प्रेरित होती है। सांख्यमतानुसार बुद्धि की वृत्ति ही 'प्रमाण' शब्द से व्यवहृत होती है, अतः उसे ही वाक्यजनित वाक्यार्थ ज्ञानरूपी 'श्रुति' समझना चाहिए। तथा जब यह वाक्यार्थज्ञान निर्दोष वाक्य से जन्य होता है, तब वही आगम प्रमाण कहा जाता है। अन्य प्रकार से कहें तो निर्दोष वाक्य ही शब्द प्रमाण है–

"आप्ता=प्राप्ता, युक्तेति, यावत्। आप्ता चासौ श्रुतिश्चेत्याप्तश्रुतिः। श्रुतिः=वाक्यजनितं वाक्यार्थज्ञानम्" इति। (सां० त० कौ०)

(ढ) नागेशभट्टप्रणीत 'लघुमञ्जूषा' में शब्द प्रमाण को स्पष्ट करते हुए कहा गया है–**"आप्तोपदेशः शब्दः प्रमाणम्। आप्तो नाम अनुभवेन वस्तुतत्त्वस्य कार्त्स्न्येन विद्वान्, रागादिवशादपि नान्यथावादी। आप्तोपदेश इत्यस्य आप्तश्चासौ उपदेशः, आप्तस्योपदेश इति द्वेधा विग्रहात् आप्तत्व- आप्तोक्तत्वान्यतावान् उपदेश इत्यर्थः। अपौरुषेयस्य वेदस्य स्वत एवाप्तत्वम्। पौरुषेयस्य वाक्यस्य तु आप्तोक्तत्वमित्युभयानुयायीदं लक्षणमित्युक्तम्।"** (भूमिका, पृ० ९)

अर्थात् आप्त व्यक्ति का उपदेश ही शब्द प्रमाण है। आप्त वह व्यक्ति है जो वस्तुतत्त्व को समग्रता से जानता है और रागादि के वशीभूत होकर भी अन्यथा नहीं बोलता। 'आप्तोपदेश'

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

इस पद का विग्रह दो प्रकार से हो सकता है–(i) आप्त उपदेश, अथवा (ii) आप्त (व्यक्ति) का उपदेश। इनमें से प्रथम विग्रह के अनुसार शब्दप्रमाण वह उपदेश है जो आप्त होने से हितकर है। यह विग्रह वेद पर घटित होता है जो हमारे लिए सदा हितकर है–इह लोक में भी और परलोक में भी। द्वितीय विग्रह के अनुसार वह उपदेश शब्द प्रमाण है जो किसी आप्त व्यक्ति द्वारा प्रोक्त है–स्पष्टतः इस दृष्टि से यह पौरुषेय वाक्यों पर घटित होने वाला लक्षण है।

VII

इस भाँति, 'शाब्दबोधमीमांसा' के प्रथम भाग में शब्द-प्रामाण्य एवं शब्द-लक्षण-इन दो विषयों पर पृष्ठभूमि के रूप में विचार करने के उपरान्त **'वाक्य-वाक्यार्थविचार'** नामक मुख्य विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला गया है। उसमें भी प्रधानतः निम्न चार बिन्दुओं पर विचार किया गया है–

(अ) वाक्य-स्वरूप-विचार

(ब) वाक्यार्थ-स्वरूप-विचार

(इ) वाक्य-वाक्यार्थ-सम्बन्ध

(ई) वाक्यार्थबोध-निमित्त

इनमें से भी क्रमशः एक-एक बिन्दु को लेकर न्याय, मीमांसा, वेदान्त, व्याकरण आदि विभिन्न दर्शन-सम्प्रदायों के अनुसार विस्तारपूर्वक सयुक्तिक उपपादन किया गया है, जैसा कि नीचे दिए गए शीर्षकों पर दृष्टिपात करते ही स्पष्ट हो जाता है–

(अ) वाक्य-स्वरूप-विचार

(i) न्याय दर्शन में वाक्य का स्वरूप

(ii) न्यायदर्शन में वाक्य का लक्षण

(iii) वाक्य के पदातिरिक्तत्व-अनतिरिक्तत्व का विचार

(iv) मीमांसादर्शन में वाक्य का स्वरूप

(v) वेदान्तदर्शन में वाक्य का स्वरूप

(vi) व्याकरणदर्शन में वाक्य का स्वरूप

इस स्थल पर व्याकरण दर्शन में भर्तृहरि द्वारा उपन्यस्त निम्न आठ पक्षों का विशद विवेचन इस ग्रन्थ में किया गया है–

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

आख्यात शब्द वाक्य है

संघात (पदों का) वाक्य है

संघातवर्तिनी जाति वाक्य है

एक, अनवयव शब्द वाक्य है

क्रम वाक्य है

बुद्ध्यनुसंहृति वाक्य है

आद्य पद वाक्य है

पृथक् सर्वपद साकांक्ष वाक्य है

उक्त आठों मतों की सयुक्तिक समीक्षा करने के उपरान्त वाक्य के विषय में दो पक्षों पर विचार किया गया है–सखण्डवाक्यपक्ष और अखण्डवाक्यपक्ष। तदुपरान्त निम्नलिखित दो अन्य मतों में वाक्य-स्वरूप पर प्रकाश डाला गया है–

(vii) सांख्यदर्शन में वाक्य का स्वरूप

(viii) योगदर्शन में वाक्य का स्वरूप

(आ) वाक्यार्थ-स्वरूपविचार–तत्पश्चात् वाक्यार्थ के विषय में निम्न मत उपन्यस्त किये गये हैं–

(i) न्यायदर्शन के अनुसार वाक्यार्थ-स्वरूप

(ii) मीमांसादर्शन के मत में वाक्यार्थ-स्वरूप

(iii) वेदान्तदर्शन के अनुसार वाक्यार्थ-स्वरूप

(iv) व्याकरणदर्शन के अनुसार वाक्यार्थ-स्वरूप

(इ) वाक्य-वाक्यार्थ-सम्बन्ध

(i) अभिहितान्वयवाद

(ii) अन्विताभिधानवाद

(ई) स्फोट विचार

(i) न्यायदर्शन के अनुसार स्फोटनिराकरणप्रकार

(ii) मीमांसादर्शन के अनुसार स्फोटनिराकरणप्रकार

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

(iii) अद्वैत वेदान्तदर्शन के अनुसार स्फोटनिराकरणप्रकार

(iv) विशिष्टाद्वैतवेदान्त के अनुसार स्फोटनिराकरणप्रकार

(v) द्वैतवेदान्तदर्शन के अनुसार स्फोटनिराकरणप्रकार

(उ) वाक्यार्थधीनिमित्तविचार

(ऊ) वाक्यार्थ-बोध में मुख्य विशेष्य विचार

(ए) एकवाक्य-वाक्यभेदादिविचार

(ऐ) आकांक्षानिरूपण

(ओ) योग्यतानिरूपण

(औ) आसत्तिनिरूपण

(अं) तात्पर्य विचार

VIII

अत: उक्त संक्षिप्त किन्तु विशद विवेचन से स्पष्ट है कि **'शाब्दबोधमीमांसा'** नामक ग्रन्थ भारतीय भाषिक चिन्तन की समग्र समस्याओं पर उपलब्ध होने वाली शास्त्रीय विचारधारा का आकरग्रन्थ है। यदि इसे शाब्दबोध के विषय में भारतीय भाषा-दर्शन का विश्वकोष कहा जाये तो अत्युक्ति न होगी।

चार बृहत्काय ग्रन्थों की परियोजना में से केवल प्रथम भाग के उपोद्घात में उपन्यस्त एक या दो बिन्दुओं के स्थालीपुलाकन्याय से किये गये उक्त निरूपण के आधार पर कहा जा सकता है कि प्रो० रामानुज ताताचार्य ने आधुनिक अध्येताओं पर महान् उपकार किया है—विविध शास्त्रीय सिद्धान्तों के ऊहापोह को अत्यन्त सरल, स्पष्ट एवं सहज संस्कृत में इस भाँति प्रस्तुत किया गया है मानो आचार्यश्री कक्षा में बैठे हुए छात्रों को इन विषयों का अध्यापन कर रहे हों। अध्याय के अन्तर्गत दिए गये शीर्षकों एवं उपशीर्षकों से विषय की अवगति सुगम हो जाती है तो पादटिप्पणी में दिए गये सन्दर्भ-सङ्केतों से कथ्य की पुष्ट प्रामाणिकता को बल मिलता है। इन सबसे बढ़कर ग्रन्थकार की तटस्थ, निष्पक्ष वर्णन-शैली ने प्रत्येक दार्शनिक सम्प्रदाय के सिद्धान्तों को इतनी सुबोधता से प्रस्तुत किया है कि ऐसा प्रतीत होता है मानो तत्तद् शास्त्र के ग्रन्थ का ही अध्ययन किया जा रहा है।

अन्त में यही कहा जा सकता है कि प्रस्तुत ग्रन्थ भारतीय भाषा-दर्शन के प्रविविक्षु एवं पारङ्गत दोनों प्रकार के विद्वानों हेतु उपादेय होगा, इसमें लेशमात्र भी सन्देह नहीं। वस्तुतः संस्कृत

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

स्रोतों में सन्निहित भाषा सम्बन्धी चिन्तन की व्यापकता एवं गहनता का दिग्दर्शन कराने वाला यह अमूल्य ग्रन्थरत्न भारतीय वाक्य-विचार की ऐसी पूर्वपीठिका है, जिसके पारायण के विना इस विषय को आत्मसात् करना असम्भव है। दूसरी ओर, इस ग्रन्थ के अध्ययन द्वारा मौलिक बिन्दुओं का आरम्भिक ज्ञान प्राप्त करने के उपरान्त तत्तद् शास्त्रों के प्रौढ़ ग्रन्थों का अध्ययन-विश्लेषण अतीव सुगम होगा, ऐसा स्वयं ग्रन्थकार का मन्तव्य निष्कर्षतः उद्धरणीय है–

"लौकिके शास्त्रीये च व्यवहारे वाक्यस्य प्रयोगोऽवर्जनीयः। तत्र वाक्यस्य वाक्यघटकपदानां पटघटकप्रकृतिप्रत्ययोश्च कस्कोऽर्थः? कश्च तेषां संसर्गः? कथं च तेषां विशिष्टार्थबोधः भवति? इत्यादि विषये सूक्ष्मदृष्टिकोणैः दार्शनिकाः विवेचनं कृतवन्तः। तेषां सर्वेषां विवेचनानां प्रौढपण्डितैकावगम्यानाम् एकत्र क्रोडीकरणेन सुबोधक्रमबद्धशैल्या प्रदर्शनं प्राचीनपद्धत्या अधीतिनाम्, आधुनिकभाषाविज्ञानिनां च जिज्ञासूनामनुसन्धानकर्मनिरतानां च महते उपकाराय स्यात् इत्येव मुख्यमुद्देश्यमस्य प्रबन्धस्य।" (भूमिका, पृ० ५२)

"एकमेव विषयं यदा ग्रन्थकाराः सयुक्तिकं येन क्रमेण प्रतिपादयन्ति, तदा तेनैव क्रमेण तदध्ययनमेव मनःसन्तोषाय कल्पत इति तत्तद्ग्रन्थस्थक्रममेवानुसृत्य अत्र संकलनं कृतमस्ति। यत्र ग्रन्थस्थशैली सुलभा वर्तते तत्र तथैव वाक्यसंनिवेशः, कठिनपदस्थाने सुबोधपदप्रक्षेपपूर्वकमत्र कृतोऽस्ति। एतद्ग्रन्थपठनेन एकत्र सर्वग्रन्थस्थविषयावगमः एकं प्रयोजनं प्राप्येत्, पश्चात् मूलग्रन्थे प्रवेशसौलभ्यं चापरं प्रयोजनं लभ्येतेति अस्माकं विश्वासः।" (भूमिका, पृ० ५२)

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

भारतीय दर्शन की चिन्तन परम्परा में विशिष्टाद्वैत वेदान्त

डॉ० केदार प्रसाद परोहा

अनादि काल से अनवच्छिन्न रूप से प्रवाहमान भारतीय चिन्तनधारा की चरम परिणति वेदान्त दर्शन में हुई परिलक्षित होती है। वेदान्त दर्शन के तीन प्रस्थान स्वीकार किए जाते हैं-उपनिषद्, गीता एवं ब्रह्मसूत्र। स्थूल रूप से हम इन्हें क्रमशः श्रुतिप्रधान, स्मृतिप्रधान एवं न्यायप्रधान प्रस्थान के रूप में स्वीकार कर सकते हैं। बादरायणकृत वेदान्त-सूत्रों की अनेक आचार्यों ने व्याख्या कर अपने-अपने मतों का उपस्थापन किया है। इनमें पांच वाद सर्वाधिक प्रचलित हैं-अद्वैतवाद, विशिष्टाद्वैतवाद, द्वैताद्वैतवाद, द्वैतवाद तथा शुद्धाद्वैतवाद।[1]

विशिष्टाद्वैतवाद, जिसके उद्भावक आचार्य होने का श्रेय श्री रामानुजाचार्य जी को है, वैष्णव सम्प्रदाय के मुख के रूप में स्वीकार किया जाता है। इस मत का सबसे बड़ा वैशिष्ट्य यह है कि केवलाद्वैत में एक मात्र ब्रह्म में तीन पदार्थों-जीव, जगत् और ईश्वर की समष्टि है। इस मत में शास्त्रीय-वाक्यों से निश्चित कर दिया गया है कि विश्व ब्रह्म में लीन है और ईश्वर विश्व में अन्तर्हित है, अतः बिना मिथ्या कल्पना के ही ब्रह्म का एकत्व प्रमाणित हो जाता है अर्थात् उपनिषदों में भिन्न-भिन्न शब्दों में वर्णित यह जगत्कारण तत्व ईश्वर भिन्नता में न होकर एक ही है और वह एकमात्र तत्व नारायण है।[2] वही इस सम्पूर्ण जगत् का एकमात्र कारण है, जो अद्वैत वेदान्तियों के समान निर्गुण निर्विशेष न होकर सगुण है, क्योंकि सगुण ब्रह्म की उपासना से ही मोक्ष की प्राप्ति होती है। ईश्वर की प्रत्यक्ष तथा अनुमान द्वारा सिद्धि नहीं हो सकती है। वह शास्त्रवेद्यक है अर्थात् शास्त्रों द्वारा जाना जाता है। ईश्वर या ब्रह्म ही इस सम्पूर्ण जगत् का अभिन्ननिमित्तोपादान कारण है।[3]

भारतीय दर्शन का उद्भव ही वास्तविक तत्व के सर्वाङ्गपूर्ण उपपादन और क्रमबद्ध विवेचन के लिए हुआ है। भारतीय दर्शन की प्रमुख विशेषता यह है कि चार्वाक को छोड़कर इसके सभी आस्तिक एवं नास्तिक सम्प्रदायों ने निःश्रेयस को मानव जीवन का परम पुरुषार्थ माना है।[4]

---

1. वेदान्तकारिकावलीविमर्श - भूमिका।
2. संस्कृतवाङ्मय का वृहद इतिहास - ब्रह्म निरूपण, पृ. 206.
3. स्थित्युत्पत्तिप्रलयकृतसर्वोकरणान्वितम्।
   दिव्यंतच्चिन्तयेद्यस्यविश्वंतिष्ठति शासने।। - लक्ष्मीतन्त्र-104, पृ. 62.
4. क. परलोकः अस्तीति मतिर्यस्यस आस्तिकः तद्विपरीतो नास्तिकः-काशिका, पाणिनि, 4.4.60
   ख. नास्तिको वेदनिन्दकः। - मनुस्मृति, 2.11

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

परतत्व के सम्यक् अनुशीलन के लिए सभी सम्प्रदायों का अध्ययन उपादेय है। इन सभी दर्शनों में वेदान्त दर्शन सर्वोपरि है। यह प्रस्थानत्रयी-उपनिषद्, भगवद्गीता और ब्रह्म सूत्र पर आधारित है। वस्तुतः वेदान्त में वेदों का अन्तिम लक्ष्य निहित है, क्योंकि वेद के मूलभूत सिद्धान्तों का उपनिषदों ने दार्शनिक शैली में, भगवद्गीता ने नैतिक शैली में और ब्रह्मसूत्र ने तार्किक शैली में प्रतिपादन किया है। ब्रह्म सूत्रों में उपनिषदों के विभिन्न दार्शनिक सिद्धान्तों को समन्वित एवं सुनियोजित रूप में प्रस्तुत किया है। पांच सौ पचपन सूत्रों में निबद्ध ब्रह्मसूत्र इतना सारगर्भित है कि इसके आधार पर विभिन्न वेदान्ताचार्यों ने अपने सिद्धान्तों का निर्माण एवं पोषण किया है।[1] अधोलिखित तालिका प्रदर्शित वेदान्त के सम्प्रदायों ने ब्रह्मसूत्र की सर्वोच्च प्रामाणिकता स्वीकार की है, और उन पर भाष्यों का प्रणयन कर अपने सिद्धान्तों को सुदृढ़ किया है।[2]

वेदान्त

सिद्धान्त-अद्वैत	द्वैत	विशिष्टद्वैत	शुद्धाद्वैत	द्वैताद्वैत	अचिन्त्यभेदाभेदवाद
↓	↓	↓	↓	↓	↓
आचार्य-शंकर	मध्व	रामानुज	वल्लभ	निम्बार्क	बलदेवविद्याभूषण
↓	↓	↓	↓	↓	↓
भाष्य-शांकरभाष्य	पूर्णप्रज्ञभाष्य	श्रीभाष्य	अणुभाष्य	वेदान्तपारिजात सौरभ	गोविन्दभाष्य

इस प्रकार वेदान्त के इन विभिन्न सम्प्रदायों के विकास का आधार जीव और ब्रह्म का आपसी सम्बन्ध है।

ब्रह्मसूत्र

अनन्त वेद राशि का ऋगादि चार वेदों में विभाजन करने वाले महर्षि व्यास ने ईसापूर्व तीसरी शताब्दि में सारगर्भित एवं विद्वत्तापूर्ण सूत्र शैली में वेदान्तदर्शन की व्यवस्थित रूपरेखा प्रस्तुत की, जिसे ब्रह्मसूत्र कहा जाता है।[3] आचार्य रामानुज के अनुसार उपनिषद्रूप क्षीरसमुद्र का मन्थन

---

1. क. ब्रह्म सूच्यते यथायथं निरूप्यते येन तत् ब्रह्मसूत्रम्। – श्रीभाष्य, भूमिका, पृ. 2.
   ख. हिन्दी विश्वकोष, खण्ड–22, पृ. 184.
   ग. रामानुजं श्रीः स्वीचक्रे मध्वाचार्यश्चतुर्मुखः।
   श्रीविष्णुस्वामिनं रुद्रो निम्बादित्यं चतुस्सनः–प्र. रत्न, पृ. 2.
2. पदच्छेदः पदार्थोक्तिः विग्रहो वाक्ययोजना।
   आक्षेपस्य समाधानं व्याख्यानं पञ्च लक्षणम्।। – श्रीभाष्य, 1.1.1., पृ. 2.
3. अ. विव्यास वेदान् यस्मात्स तस्माद् व्यास इति स्मृतः। – महाभारत, आदि पर्व, 63.88
   ब. अस्याक्षरमसंदिग्धं सारवद्विश्वतोमुखम्,
   अस्तोभनमवद्यं च सूत्रं सूत्रविदोविदुः।... श्रीभाष्य, भूमिका, पृ. 2.

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

करके, व्यास जी ने ब्रह्मसूत्र या शारीरिकमीमांसादर्शन रूप वाक्यसुधा प्रकट की।[1] गूढ़ार्थ संक्षिप्त शैली में विरचित होने के कारण प्रयास किया कि उनका सिद्धान्त ही ब्रह्मसूत्रकार का इष्ट सिद्धान्त है। इन भाष्यकारों में से श्रीशंकराचार्य एवं भाष्यकार श्रीरामानुजाचार्य विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

आचार्य शंकर के अनुसार जीव और ब्रह्म में वस्तुतः अद्वैत है। जीव ब्रह्म ही है, ब्रह्म निर्गुणनिर्विशेष है, और नानात्मक जगत् असत्य है।[2]

रामानुजाचार्य ने शास्त्रीय उद्धरणों एवं प्रबल युक्तियों से शंकराचार्य के निर्विशेषब्रह्म, माया कल्पित ब्रह्माण्ड एवं जीवब्रह्मैक का खण्डन किया है। उनके अनुसार ब्रह्म, चित्-जीव, अचित-प्रकृति विशिष्ट अद्वैत है। ब्रह्म समस्त कल्याणगुणाकार एवं प्राकृत हेय गुण रहित है।

जीव ब्रह्म का अंश है। जीव ब्रह्म में तारतम्य नहीं है अपितु अपृथक् सिद्ध सम्बन्ध है, जिसे विशिष्टाद्वैत में ''शरीर-शरीरीभाव'' सम्बन्ध की संज्ञा प्रदान की है।

विशिष्टाद्वैत

विशिष्टाद्वैत विश्वविख्यात दर्शन है। यह विद्वत् समाज एवं जनसाधारण दोनों को प्रिय है, क्योंकि इसमें धर्म और तर्क दोनों सम्मिलित हैं। अपने सर्वोत्कृष्ट शास्त्रसम्मत सिद्धान्तों के क़ारण यह दर्शन वेदान्त में मूर्धन्य स्थान अधिकृत किये हुये हैं। विशिष्टाद्वैत के बिना वेदान्त अधूरा है। विशिष्टाद्वैत का निर्वचन दो प्रकार से किया जाता है -

1. **विशिष्टस्य अद्वैतम्**-इसके अनुसार चित् 'जीव' अचित् 'प्रकृति' से विशिष्ट ब्रह्म का एकत्व ही अभिप्रेत है।

2. **विशिष्टयोः अद्वैतम्**-सूक्ष्मचिद्विशिष्टं स्थूल चिद्विशिष्टञ्च इति विशिष्टयोः अद्वैतम्।[3]

प्रथम परिभाषा के अनुसार ईश्वर चित् एवं अचित् इन दो तत्वों से विशिष्ट होता है, परन्तु ईश्वर प्रधान है तथा चित् एवं अचित् दोनों ईश्वर के आधीन हैं।[4] ईश्वर नियामक है और जीव नियाम्य। ईश्वर शेषी है जीव एवं जगत् गौण होने के कारण शेष। ब्रह्म आधार एवं जीव आधेय है। जीव पूर्णतया ईश्वर पर आश्रित है तथा ईश्वर की शरण में गये बिना जीव का कल्याण नहीं होता।

द्वितीय परिभाषा के अनुसार जब प्रलयावस्था में जीव एवं जगत् सूक्ष्मरुपापन्न होते हैं तब ईश्वर इनकी सूक्ष्मावस्था अपने में धारणा कर लेता है। ऐसी अवस्था में ईश्वर सूक्ष्मचिद्चिद्विशिष्ट

---

1. पराशर्यवचः सुधामुपनिषद्दुग्धाब्धिमध्योद्धृताम्।। - श्रीभाष्य, भूमिका, पृ. 2.
2. ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या जीवो ब्रह्मैव नापरः।-ब्रह्मज्ञानवल्लीमाला, पृ. 1.
3. (क) मुक्तिविमर्श - पृ. 95 (ख) वेदान्तकारिकावलीविमर्श - भूमिका, पृ. 10.
4. अशेषचिद्चद्प्रकारं ब्रह्मैकमेवतत्वम्। तत्र प्रकार प्रकारिणोः प्रकाराणां च मिथोऽत्यन्तभेदेऽपि विशिष्टैक्यादि विवक्षयैकत्वव्यपदेशः।-न्यायसिद्धाञ्जनम्, वाराणसी, पृ. 2.

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

रहता है। इस स्थिति में इसे 'कारणावस्थब्रह्म' कहते हैं। इसी प्रकार सृष्टि काल में स्थूल रूप धारण करने पर 'स्थूलचिदिचिद्विशिष्ट' होकर ईश्वर कार्यावस्थ ब्रह्म कहलाता है।[1]

विशिष्टाद्वैत नामकरण

आचार्य रामानुज द्वारा प्रतिपादित सिद्धान्त का 'विशिष्टाद्वैत' अभिधान न तो रामानुज ने स्वयं प्रयुक्त किया और न ही उनके परवर्ती वरदनारायण भट्टारक 1150 ई. एवं वेदान्त देशिक 1268 ई. ने प्रयोग किया। विशिष्टाद्वैत शब्द का प्रथम प्रयोग सुदर्शनसूरि 1300 ई. ने श्रीभाष्य की व्याख्या 'श्रुतिप्रकाशिका' और 'वेदार्थसंग्रह' की व्याख्या 'तात्पर्यदीपिका' में किया। सुदर्शनसूरि द्वारा प्रयुक्त विशिष्टाद्वैत शब्द से उनके परवर्तीविद्वान् अत्यन्त प्रभावित हुए, परन्तु फिर भी उनके परवर्ती मेघनादारि ने अपने दर्शन को 'विशिष्टाद्वैत' नाम प्रदान नहीं किया। सोलहवीं शताब्दि के उत्तरार्द्ध में भट्टाचार्य, श्रीनिवासदास और वुच्चिवेंकटाचार्य की कृतियों में रामानुजसिद्धान्त 'विशिष्टाद्वैत' नाम की संज्ञा से प्रसिद्ध हुआ।[2]

विशिष्टाद्वैत के प्रमुख सिद्धान्त

विशिष्टाद्वैत ने चित्, अचित् एवं ईश्वर इन तीन तत्वों को स्वीकार किया है। चित् का अभिप्राय भोक्ताजीव से, अचित् का भोग्य जगत् से तथा ईश्वर का अभिप्राय अन्तर्यामी परमेश्वर से है। चित् और अचित् ईश्वर का शरीर है और ईश्वर चित् अचित् की आत्मा है। ईश्वर एवं चित्-अचित् में 'शरीर-शरीरीभावसम्बन्ध' हैं जो उपनिषदों पर आधारित है। चित् और अचित् की सत्ता स्वीकार करने पर भी ईश्वर के 'एकत्व' एवं 'अद्रव्यत्व' की हानि नहीं होती क्योंकि भेद की दृष्टि से तत्व तीन हैं परन्तु अभेद के विस्तार से तत्व एक ही है, वह है चिदचिद्विशिष्ट ब्रह्म।[3]

संक्षेपतः-विशिष्टाद्वैत के मूलभूत सिद्धान्तों को निम्नरूप से प्रस्तुत किया जा सकता है-

1. सत्य रूप ब्रह्म से उत्पन्न जगत भी सत्य है।

2. सृष्टि के लिए किसी भी प्रकार की उपाधि, माया, अविद्या, अध्यास आदि की मान्यता नहीं है।

---

1. अ. अतः स्थूलसूक्ष्मचितचित्प्रकारं ह्यवकार्य, कारणं चेति ब्रह्मोपादानं जगत्।
सूक्ष्मचित्द्वस्तुशरीरकं ब्रह्मैवकारणमिति।... श्रीभाष्य, श्रुतिप्रकाशिका, पृ. 213.
ब. उत्तरत्र कार्यावस्थः कारणावस्थश्च परमात्मा एत एवेति भाष्येणइदमेव वाक्यं कार्यकारणद्रव्यैक्यप्रतिपादन परमित्यादि व्याख्यातम्।।-न्यायसिद्धाञ्जनम्, सुदर्शन टीका, पृ. 1317.

2 क. श्रीमन्नारायण एवं चिद्चिद्विशिष्टाद्वैततत्वम्।-यतीन्द्रमततदीपिका, आनन्दाश्रम, पृ. 2.
ख. तदेवं विशिष्टद्वैतमिति पदस्यैषोर्थः पर्यवसन्नः विशिष्टस्य अशेषचिदचिद्विशिष्टस्य ब्रह्मणः अद्वैतमैक्यविशिष्टा-द्वैतमिति-वेदान्तकारिकावली, उपोद्धात, पृ. 2.

3. सर्वशरीरतया सर्वप्रकारं ब्रह्मैवावस्थितमिति, अभेदः समर्थितः, एकमेव ब्रह्म नानाभूतचिदचिद्वस्तुप्रकार नानात्वेन अवस्थितं इति भेदाभेदौ। अचिद्वस्तुनश्चिद्वस्तुनश्च, ईश्वरस्य च भेदः समर्थितः।। - वेदार्थसंग्रह, पृ. 88.

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

3. माया को ब्रह्म की परम ऐश्वर शक्ति के रूप में जाना जाता है।

4. जीव स्वाभाविक रूप से ज्ञान का स्वरूप है।

क. ज़ीव नित्य है एवं जानने योग्य तथा कर्म फल का भोक्ता है।

ख. जीव अनेक हैं तथा ब्रह्म या ईश्वर के वश में रहते हैं।

5. ब्रह्म सविशेष एवं दोष रहित है।

क. ब्रह्म जगत् का कर्ता है, परमेश्वर है, समस्त कल्याण गुणों से सम्पन्न है।

ख. ब्रह्म सर्व व्यापक है, अन्तर्यामी रूप से सबके अन्तः करण में निवास करता है।

ग. ब्रह्म की उपासना से मुक्ति प्राप्त होती है जिसे मोक्ष भी कहते हैं। इसे विशिष्टद्रव्य के रूप में भी स्वीकार करते हैं।

6. दिव्यलोक में भगवान् के नित्यकैंकर्य की प्राप्ति ही सर्वोत्तम मोक्ष है।

7. भक्ति या शरणागति ही उस मोक्ष का सर्वोत्तम उपाय है।

8. कर्म, ज्ञान और योग भक्ति के अंङ्ग हैं।

इस तरह स्पष्ट है कि विशिष्टाद्वैत प्राचीनतम सिद्धान्त है। इसके सभी प्रमेय पूर्ण वैदिक हैं, जिनका महर्षि कण्व, बौधायन, आपस्तम्ब, व्यास, पराशर, मनु, वाल्मीकि, याज्ञवल्क्य एवं गौतम ने विविध विधि-वर्णन किया है।

आचार्य शंकर से पूर्व विशिष्टाद्वैत के सिद्धान्त भली-भान्ति प्रचलित एवं प्रसारित थे, इस तथ्य की पुष्टि इस बात से भी होती है कि शंकराचार्य ने जीव को सत्य स्वीकार करने वाले सिद्धान्त का उल्लेख अपने ब्रह्मसूत्र के प्रथम अध्याय के तीसरे पाद के पन्द्रहवें सूत्र के भाष्य में किया है। उन्होंने 'अस्मदीय' शब्द द्वारा विशिष्टाद्वैत वेदान्त को आदरपूर्वक स्मरण किया।[1]

पाञ्चरात्र संहिताओं का विशिष्टाद्वैत चिन्तन में प्रभाव

विशिष्टाद्वैत सिद्धान्त के पूर्ववर्ती प्रमुख आचार्य यामुनमुनि ने पाञ्चरात्र के प्रामाण्य की स्थापना करने का प्रयास करते हुए 'आगमप्रामाण्यम्' नामक ग्रन्थ लिखकर पाञ्चरात्र के महात्म्य की सिद्धि की है। श्रीरामानुजाचार्य ने भी श्रीभाष्य के पाञ्चरात्राधिकरण की व्याख्या खण्डनपरक न करके मण्डनपरक ही की है। आचार्यशंकर के द्वारा भी पाञ्चरात्रागम में उद्भावित दोषों का परिहार ही किया गया है। इसे महाभारत में महोपनिषद् कहा गया है।[1] इसके महात्म्यातिशय का हेतु

1. त्रययन्तैः एककण्ठैः तदानुगण मनुव्यासमुन्योक्तिभिश्च।
श्रीमन्नारायणो न पतिरखिलतनुः मुक्तिदः मुक्तभोग्यः।।-रहस्यसारः, परदेवता, परमार्थ्याधिकार, पृ. 1

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

है इसका नारायण भगवान् के मुखारविंद से निर्गमन।[2] वेंकटनाथ ने भी 'पाञ्चरात्ररक्षा' नामक ग्रन्थ लिखकर इस शास्त्र की महिमा को विस्तृत किया है।

इस प्रकार पाञ्चरात्र आगम विशिष्टाद्वैत के व्यूहवाद एवं शरणागति के सिद्धान्त को पल्लवित एवं पुष्पित करता है।

विशिष्टाद्वैत में प्रमुख प्रतिपाद्य विषय

विशिष्टाद्वैत में पदार्थों का विभाजन प्रमाण एवं प्रमेय के रूप में किया गया है।[3]

प्रमाण:

'प्र' उपसर्ग पूर्वक 'मा' धातु से भाव और करण अर्थ में 'ल्युट्' प्रत्यय करने से प्रमाण शब्द की व्युत्पत्ति होंती है। किसी के अनुसार भाव अर्थ में ल्युट् प्रत्यय करने से प्रमाण की व्युत्पत्ति होती है अर्थात् प्रमा ही प्रमा है। अन्य के मत में करण अर्थ में ल्युट् प्रत्यय करने पर प्रमाण की व्युत्पत्ति होती है। अर्थात् प्रमा के करण को प्रमाण कहते हैं। वेदान्तकारिकावलीकार को प्रमाण में ल्युट् प्रत्यय को ही स्वीकार करके प्रमा के करण को प्रमाण मानते हैं।[4] इस प्रकार प्रमाण वह है जिसके द्वारा यथार्थज्ञान प्रमा प्राप्त हो और इसे प्रमा के करण को प्रमाण कहते हैं।[5]

भारतीय दर्शन में प्रमाणों की संख्या के विषय में अनेक प्रकार के मत पाये जाते हैं। विभिन्न मतों में 'एक' से लेकर 'आठ' तक प्रमाण के भेद स्वीकार किये गये हैं। परन्तु विशिष्टाद्वैत वेदान्त में त्रिविध प्रमाण ही माने गये हैं-

1. प्रत्यक्ष
2. अनुमान
3. शब्द

इस प्रकार त्रिविध प्रमाण के अन्तर्गत ही अन्य प्रमाणों के अन्तर्भाव को सिद्ध किया है।[6]

---

1. इदंमहोपनिषदं सर्ववेद समन्वितम्।-महाभारत, शान्तिपर्व
2. पञ्चरात्रस्य कृत्स्नस्य वक्ता नारायणः स्वयम्। -यतीन्द्रमतदीपिका, पृ. 30.
3. क. मानमेयविभेदेन पदार्थो द्विविधोमतः-वेदान्तकारिकावली, पृ. 74.
   ख. प्रमाणप्रमेयभेदेन द्विधा। -यतीन्द्रमतदीपिका, पृ. 5
4. प्रमायाःकरणं प्रमाणमिति प्रमाणसामान्यलक्षणम्। -वेदान्तकारिकावली, पृ. 74.
5. प्रमायाःकरणं तत्र प्रमाणं परिकीर्तितम्।
   यथावस्थितवस्त्वेकव्यवहारानुगा प्रमा।। -वे.का. - का.सं. - 15.
6. प्रत्यक्षमनुमानं च शास्त्रं च विविधागमम्।
   त्रयं सुविदितं कार्यं धर्मसिद्धिमभीप्सता।। - वेदान्त कारिकावली-टीका, पृ. 74.

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

प्रमेय

प्रमा अर्थात् ज्ञान के विषयों को प्रमेय कहते हैं, किन्तु दार्शनिक प्रकरण के अनुसार जिन प्रमा के विषयों के ज्ञान से नि:श्रेयस या मोक्ष की प्राप्ति में सहायता प्राप्त होती है, उन प्रकृष्ट मेय-ज्ञेय को प्रमेय कहते हैं। सम्पूर्ण चिदचिद्रूपी विशेषणों से विशिष्ट ब्रह्म एक ही तत्व है। उसमें प्रकार-प्रकारी विशेषण-विशेष्य तथा प्रकारों विशेषणों में पारस्परिक अत्यन्त भेद रहने पर भी विशिष्ट एकत्व विवक्षित है। इसलिए विशिष्टाद्वैत सिद्धान्त में विशिष्टाद्वैत मात्र 'प्रमेय' है। प्रमेय तत्व के भेद के सम्बन्ध में अनेक मत उपलब्ध होते हैं। किन्तु विशिष्टाद्वैत में प्रमेय तत्व को द्रव्य एवं अद्रव्य दो भेदों में स्वीकृत किया इस सिद्धान्त में पदार्थों का तीसरा प्रकार असंभावित है। इसलिए सभी पदार्थ इन्हीं दो के अन्तर्गत आ जाते हैं। इस द्रव्य-अद्रव्य की सिद्धि प्रत्यक्ष प्रमाणों से भी स्वयमेव सिद्ध है। इसका किसी भी प्रकार से अपलाप नहीं किया जा सकता।

अतएव विशिष्टाद्वैत सिद्धान्त में 'प्रमेय' के दो भेद द्रव्य और अद्रव्य हैं। जिसमें द्रव्य भी दो भागों में विभक्त है-जड़ और अजड़।[1]

जो स्वयं प्रकाशमान् न हो, उसे जड़ कहते हैं। तथा जो स्वयं प्रकाशमान् पदार्थ हों उन्हें अजड़ कहते हैं। इस प्रकार जड़ पदार्थ के भी दो भेद हैं-प्रकृति और काल। मिश्रसत्वाश्रय को प्रकृति कहते हैं। क्षण, लय, भूत, भविष्य, वर्तमान आदि व्यवहार के हेतु को काल कहते हैं।[2] अजड़ पदार्थ के दो भेद हैं-पराक् और प्रत्यक्। दूसरे के लिए प्रकाशमान् को पराक् कहते हैं। पराक् के दो भेद हैं-नित्य विभूति और धर्मभूत ज्ञान।

प्रकृति व्यतिरिक्त शुद्धसत्वाश्रय को नित्य विभूति कहते हैं। प्रकाशक को बुद्धि या ज्ञान कहते हैं।

प्रत्यक् के दो भेद हैं-जीव और ईश्वर। परतन्त्र चेतन को जीव कहते हैं। ईश्वर सर्वतन्त्र स्वतंत्र है। जीव के तीन भेद हैं-बद्ध, मुक्त और नित्य। बद्ध जीव के दो भेद-बुभुक्षु और मुमुक्षु। बुभुक्षु जीव के दो भेद हैं-अर्थकामनिष्ठ और धर्मनिष्ठ। धर्मनिष्ठ भी दो प्रकार का है-देवतान्तरनिष्ठ और भगवन्निष्ठ।

मुमुक्षे के दो भेद हैं-कैवल्यपर, मोक्षपर। मोक्षनिष्ठ जीव के भी दो भेद हैं-भक्त और प्रपन्न। प्रपन्न भी दो प्रकार के होते हैं-एकान्ती, परमैकान्ती, परमैकान्ती के भी दो भेद हैं-दृप्त और

---

1. क. प्रमेयं द्विविधम् द्रव्याद्रव्यभेदात्। द्रव्यं द्विविधं जडाजड़ं च। - यतीन्द्र मतदीपिका, पृ. 5.
   ख. प्रमेयं द्विविधं प्रोक्तं द्रव्याद्रव्य विभेदतः। - वे.का. - का.सं. 3.
2. जडं च द्विविधम् - प्रकृतिः कालश्च। प्रकृतिश्चतुर्विंशति तत्त्वात्मिका। कालस्तु उपाधिभेदेन त्रिविधः। - यतीन्द्रमतदीपिका, पृ. 56.

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

आर्त।[1]

ईश्वर स्वरूप के पांच भेदों को निरूपित किया गया है-पर, व्यूह, विभव, अन्तर्यामी और अर्चावतार। जिसमें पर स्वरूप एक ही है। व्यूह स्वरूप के चार भेद हैं-वासुदेव, संकर्षण, प्रद्युम्न और अनिरुद्ध।

वैभव स्वरूप में-मत्स्य, कूर्म, वामन आदि रूपों को वर्णित किया गया है। अन्तर्यामी स्वरूप प्रति शरीर में रहता है। अचार्वतार स्वरूपों में श्रीरङ्गम्, श्रीवेङ्कटाद्रि स्थलों में अर्चावतार स्वयं व्यक्त स्वरूप हैं।[2]

प्रमेय के दूसरे भेद अद्रव्य के दस भेद हैं-सत्य, रज, तम, शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध, संयोग और शक्ति।[3] इस प्रकार से भारतीय दर्शन की चिन्तन परम्परा में प्रमाण-प्रमेय स्वरूप का विवेचन समस्त वेदान्तों में विशिष्टाद्वैत वेदान्त का अन्यतम स्थान परिलक्षित होता है।

1. क. अजडंतुद्विविधम्-पराक् प्रत्यक् च। परागपि द्विधा-नित्यभूतिः धर्मभूतज्ञानं च। प्रत्यगपि-द्विविधः-जीवेश्वरभेदात्। जीवस्त्रिविधः-वद्धमुक्तनित्यभेदात्। वद्धोऽपिद्विविधाः- बुभुक्षुमुमुक्षुभेदात्। बुभुक्षुर्द्विविधः-अर्थकामपरो-धर्मपरश्च। धर्मपरोद्विविधः-देवतान्तरपरो-भगवत्परश्च। मुमुक्षुर्द्विविधः-कैवल्यपरोमोक्षपरश्च। मोक्षपरोद्विविधः-भक्तः प्रपन्नश्च। प्रपन्नश्च द्विविधः- एकान्ती परमैकान्ती च। परमैकान्ती द्विविधः-दृप्तार्तभेदात्।
यतीन्द्रमतदीपिका, पृ. 6 - प्रकृतिःकाल इत्याद्या चतुर्विंशतिधा मता।

ख. जडाजडत्वभिन्नेऽत्र द्रव्ये तद् द्विविधं जडम्।
कालस्तूपाधिभेदेन त्रिविधःपरिकीर्त्यते।।
अजडं तु पराक् प्रत्यगिति भेदाद्द्विधास्थितम्। पराङ्नित्यविभूतिश्च धर्मभूतमतिस्तथा।
प्रत्यग्जीवेश्वरभिदाशाली जीवः पुनस्त्रिविधः। वद्धोमुक्तोनित्य इति वद्धस्तु द्विविधो भवेत्।।
बुभुक्षुश्चमुमुक्षुश्च पुनर्द्विधा। अर्थकामपरोधर्मपरश्चेतिविवेचनात्।।
अन्यदेवपरोविष्णुपरो धर्मपरोद्विधा। मुमुक्षरपि कैवल्यमोक्षद्विधामता।।
भक्तप्रपन्नभेदेन स तु मोक्षपरोद्विधा। द्विधाप्रपन्नएकान्तिपरमैकान्ति भेदतः।।
दृप्त आर्त इति द्वेधापरमैकान्त्युदाहृतः।। - वेदान्तकारिकावली विमर्श, पृ. 65-66.

2. क. ईश्वरः पञ्चधाभिन्नः परव्यूहादिभेदतः।
पर एकश्चतुर्धा तु व्यूहः स्याद्वासुदेवकः।
संकर्षणश्च प्रद्युम्नोऽनिरुद्ध इतिभेदतः।।
मत्स्यादयस्तु विभवा अनन्ताश्च प्रकीर्तिताः।
अन्तर्यामी तु भगवान् प्रतिदेहमवस्थितः।।
अर्चावतारः श्रीरङ्गवेकटाद्र्यादिषु स्थितः।
केशवादि तु तत्त्वज्ञैर्व्यूहान्तरमुदाहृतम्।। - वेदान्तकारिकावली-का-10, 11, 12, 13.

ख. परव्यूहविभवान्तर्याम्यर्चावतार भेदात्। पर एकधा। व्यूहश्चतुर्था-वासुदेव सङ्कर्षणप्रद्युम्नानिरुद्धभेदात्। केशवादि व्यूहान्तरमत्रैवान्तर्भवति। मत्स्यादयो विभवाः पुनरनन्ता। अन्तर्यामी प्रतिशरीरमवस्थितः। अर्चावतारस्य, श्रीरङ्गवेङ्कटाद्रिहस्तिगिरियादवाद्रिघटिकाचलादिषु सकलमनुजनयनविषयतां गतो मूर्तिविशेषः। - यतीन्द्रमतदीपिका - पृ 6.

3. क. सत्वं रजस्तमः शद्वस्पर्शरूपरसास्तथा।
गन्धः संयोगशक्ती चेत्यद्रव्यं दशधामतम्। - वेदान्तका.व. - का.सं. 14.

ख. अद्रव्यं तु सत्वरजस्तमशशद्वस्पर्शरूपरसगन्धसंयोगशक्तिभेदाद्रव्यं तु सत्वरजस्तमशशद्वस्पर्शरूपरसगन्धसंयोग-शक्तिभेदाद्दशधैव। - यतीन्द्रमतदीपिका - पृ. 6.

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

शब्द और मीमांसा दृष्टि

डा. संगीता खन्ना

शब्द का स्वरूप विवादास्पद है क्योंकि कुछ दार्शनिक मुख से उच्चरित होने वाले वर्णों को ही शब्द मानते हैं तथा वैयाकरण आदि वर्ण से अतिरिक्त स्फोटतत्त्व को शब्द मानते हैं। मीमांसा भाष्यकार **शबरस्वामी** ने शब्द-स्वरूप के विषय में स्वमत-उपस्थापन के लिये प्रश्न उठाते हुए प्राचीन वृत्तिकार **उपवर्ष** के मतानुसार उत्तर दिया है– **"अथ गौरित्यत्र कः शब्दः। गकारौकार-विसर्जनीया इति भगवानुपवर्षः।"**[१] अकारादि वर्ण ही शब्द है। इसकी उपपत्ति भाष्यकार ने इस प्रकार की है कि लोक में वक्ता के कण्ठ तालु आदि स्थानों से समुद्भूत नाद के द्वारा अभिव्यङ्ग्य तथा श्रोता के श्रोत्रेन्द्रिय से सुने जाने वाले तत्त्व को ही शब्द कहा जाता है। वर्णों के अतिरिक्त अन्य किसी तत्त्व को शब्द रूप से स्वीकार करना युक्तिसंगत प्रतीत नहीं होता। यद्यपि किसी पद के घटकीभूत वर्णों में उत्तरोत्तर वर्णों के उच्चारण से पूर्व-पूर्व वर्णों का विनाश होता जाता है, अतः अर्थबोधकता वर्णों में सम्भव नहीं होती, तथापि पूर्व-पूर्व वर्णों से जनित संस्कारों से संवलित अन्तिम वर्ण को अर्थबोधक माना जाता है।[२] भाष्यकार ने वर्णसमूहात्मक आगम अथवा शास्त्र के प्रामाण्य को निरूपित किया है।[३] नैयायिक जिस शाब्दज्ञान को शब्द-प्रमाण का फल मानते हैं, मीमांसक उसी ज्ञान को शास्त्र-प्रमाण की संज्ञा देते हैं।[४]

शब्द दो प्रकार का है– लौकिक तथा वैदिक। दोनों प्रकार के शब्दों का प्रामाण्य भाट्टमत के अनुसार माना जाता है। जैसे वैदिक शब्द-समूह को "शास्त्र" कहते हैं, उसी प्रकार लौकिक व्यवहार में विशिष्ट शब्दावली को "शास्त्र" कहा जाता है, जिस वाक्य के द्वारा पुरुषों की अपने अभीष्ट पदार्थ में प्रवृत्ति तथा अनिष्टकारक पदार्थों से निवृत्ति सिद्ध होती है, वह लौकिक हो अथवा वैदिक, उसे शास्त्र कहते हैं।[५] भाष्यकार शबरस्वामी ने भी सामान्यतः लौकिक-वैदिक सभी शब्दों को ध्यान में रखकर शास्त्र का लक्षण किया है[६] कि शास्त्र के विषय में किसी प्रकार की शंका नहीं करनी चाहिए, क्योंकि वह माता-पिता के वाक्य से भी अधिक मनुष्य का हितकारक होता है। जैसे अपनी इन्द्रियों के विषय में किसी व्यक्ति को सन्देह नहीं होता, उसी प्रकार शास्त्रों पर

१. शाबर भाष्य १. १. ५
२. पूर्ववर्णजनितसंस्कारसहितोऽन्त्यो वर्णः प्रत्यायक इत्यदोषः। शाबर भाष्य १. १. ५
३. शास्त्रं शब्दविज्ञानादसन्निकृष्टेऽर्थे विज्ञानम्। शाबर भाष्य १. १. ५
४. शब्दविज्ञानापेक्षादात्ममनस्सन्निकर्षाद्यददृष्टार्थविषयं विज्ञानं तत् शास्त्रं नाम प्रमाणम्। प्रकरण पञ्चिका, पृ. २२९
५. प्रवृत्तिर्वा निवृत्तिर्वा नित्येन कृतकेन वा।
पुंसां येनोपदिश्येत तच्छास्त्रमभिधीयते।। श्लोकवार्तिक, शब्दपरिच्छेद, श्लोक-४
६. शास्त्रं चानतिशङ्क्यं पितृमातृवचनादपि प्रमाणतरम्। स्वयं हि तेन प्रत्येति। इन्द्रियस्थानीयं हि तत्। शाबरभाष्य, ४.१.३

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

किसी प्रकार का अविश्वास नहीं किया जा सकता। प्रभाकर वैदिक शब्दों को शब्दविधया शास्त्रप्रमाण मानते हैं, किन्तु लौकिक शब्दों को स्वतन्त्र प्रमाण न मानकर अनुमानविधया प्रमाण मानते हैं।[१] प्रभाकर के शब्दों में **"शास्त्रं हि शासनात्"**[२] द्वारा शास्त्र को प्रमाण रूप में स्वीकार किया गया है। मनुष्यों के हित का शासन, जिन वाक्यों द्वारा किया जाता है, वे "शास्त्र" कहलाते हैं। वेद भी ऐसा ही एक मौलिक शास्त्र है। शास्त्र का लक्षण है–**"शिष्टिः शास्त्रमिति ज्ञानम्, शास्त्रम्–शिष्यतेऽनेनेति तु शब्दः"**।[३] यह लक्षण ऊपर वर्णित भाट्टमतानुसारी शास्त्र-लक्षण से साम्य रखता है। प्रभाकर के मतानुसार शास्त्र पद का दो प्रकार से विग्रह किया जाता है–

१. शिष्टिः शास्त्रम्

२. शिष्यतेऽनेनेति शास्त्रम्।

प्रथम व्युत्पत्ति के अनुसार शास्त्र पद के द्वारा "ज्ञान" का ग्रहण किया जाता है। और द्वितीय व्युत्पत्ति के अनुसार "शब्दराशि" का ग्रहण होता है।[४] प्रभाकर प्रथम व्युत्पत्ति में आस्था रखते हुए शास्त्र का शब्द-प्रामाण्य स्वीकार करते हैं। शेष का अनुमान में अन्तर्भाव मानते हैं। भाष्यकार शबरस्वामी द्वारा प्रस्तुत शास्त्र-लक्षण **"शास्त्रं शब्दविज्ञानादसन्निकृष्टेऽर्थे विज्ञानम्"**[५] की परिधि में प्रभाकार मत का स्पष्टीकरण हो सकता है। प्रभाकर उक्त लक्षण में प्रयुक्त 'शब्दविज्ञान' पद की व्याख्या में शब्दविषयक विज्ञान [शब्दे विज्ञानम्] इस सप्तमी समास की अपेक्षा शब्द से जनित अर्थविषयक विज्ञान [शब्दात् विज्ञानम्] इस पंचमी समास की श्रेष्ठता मानते हैं, क्योंकि उनके मत में शास्त्र शब्दजनित अर्थविषयक विज्ञानमात्र है, शब्दात्मक नहीं।[६] तात्पर्य यह है कि प्रभाकर अपौरुषेय वैदिक वाक्य को ही शास्त्र-प्रमाण मानते हैं, लौकिक वाक्यावली को शास्त्र तो मानते हैं लेकिन शास्त्र-प्रमाण नहीं। क्योंकि वे सन्निकृष्ट अर्थ के ही प्रतिपादक होते हैं, असन्निकृष्ट अर्थ के नहीं।

शब्द के द्वारा जिस अर्थ की प्रतीति होती है, उस अर्थ का स्वरूप क्या है? अथवा शब्द का प्रवृत्ति-निमित्त क्या है? अथवा विषयता सम्बन्ध से शब्दनिष्ठ शक्ति का आश्रयभूत अर्थ क्या है? इस प्रश्न के उत्तर में भाट्टपक्षीय मीमांसक लौकिक शब्दों की शक्ति 'आकृति' अथवा 'जाति' में तथा वैदिक वाक्यों की शक्ति 'भावना' आदि में मानते हैं। प्रभाकर शब्द की शक्ति जाति में तो मानते ही हैं, लेकिन इनके मत में पद की शक्ति शुद्ध अर्थ में नहीं, अपितु अन्वित [सम्बन्ध युक्त]

---

१. अयमर्थः – पौरुषेयं वाक्यं लिङ्गभूतं प्रमाणान्तरोपस्थापनमुखेनार्थं प्रतिपादयति; ... पौरुषेयवाक्यसमुत्थमपि ज्ञानं शाब्दमिति ये मन्यन्ते, तेऽपि निरस्ताः; तद्ध्यनुमानमित्युक्तम्। बृहती, ऋजुविमला टीका, १.१.५

२. बृहती - १.१.५

३. प्रकरणपञ्चिका पृ. २४९

४. अत्रापि शिष्टिश्शास्त्रमिति ज्ञानम्, शास्त्रं शिष्यतेऽनेनेति तु शब्दः। प्रकरणपञ्चिका, पृ. २४९

५. शाबर भाष्य, १.१.५

६. अथ शब्दाद्यदर्थे विज्ञानमुत्पद्यते, तच्छब्दविज्ञानम्; तत्र विशेषावगतौ कारणं वक्तव्यम् ... उक्तं च – "शास्त्रम्" इति। शास्त्रं हि शासनात्; तच्चार्थविषये एव विज्ञाने उपपद्यते, न शब्दविषये। बृहती, १.१.५

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

अर्थ में होती है। नियोग [कार्य] रूप अलौकिक अर्थ के प्रतिपादन में ही समस्त वैदिक वाक्यों का प्रामाण्य है। अतः शाब्द-बोध कार्यत्वविषयक ही होता है। स्वयं महर्षि जैमिनि ने **"आकृतिस्तु क्रियार्थत्वात्"**[१] द्वारा आकृति में ही शब्द की वाच्यता का प्रतिपादन किया है। आकृति शब्द से यहाँ जाति विवक्षित है।[२] "जाति" व्यक्ति के साथ ही ज्ञात होती है। इसलिये जातिशक्तिवादी मीमांसक जाति के साथ व्यक्ति-भान का प्रतिपादन अलग-अलग ढंग से करते हैं।

शब्द विशेष से अर्थविशेष के बोध के नियमन के लिये शब्द और अर्थ के बीच सम्बन्ध की कल्पना आवश्यक है। शब्दार्थ के उस सम्बन्ध को "वृत्ति" भी कहा जाता है, क्योंकि इस सम्बन्ध के द्वारा ही अर्थ में शब्द का वर्तन [व्यवहार] होता है। शब्दार्थ-सम्बन्ध के मुख्य दो भेद हैं– शक्ति [सहज सम्बन्ध] एवं लक्षणा [परम्परया सम्बन्ध]। अन्य मतवाद "व्यञ्जना" तथा "तात्पर्य" सम्बन्ध को भी स्वीकृति देते हैं। शब्दार्थ के कथित सहज या साक्षात् सम्बन्ध को वैयाकरण "तादात्म्य" नैयायिक "संकेत" तथा मीमांसक "वाच्यवाचकभाव" संज्ञा से अभिहित करते हैं। "मुख्य" "अभिधा" और "शक्ति" भी इसी के नामान्तर हैं।

मीमांसा दर्शन में शक्ति-विषयक विचार अन्यान्य मतवादों से विलक्षण है। जैमिनीय सूत्रों में विशेषतः दो प्रकार की शक्ति का प्रतिपादन उपलब्ध होता है– **शब्दगत शक्ति** तथा **पदार्थगत शक्ति।** शब्द में अभिधा, लक्षणा, गौणी आदि वृत्ति का प्रतिपादन[३] तथा अग्नि, जुहु, स्रुवा, हस्त आदि पदार्थों में कार्य करने की सामर्थ्य [योग्यता या शक्ति] का अभिधान[४] किया है। प्रकारान्तर से इन शक्तियों का विभाजन इस प्रकार भी हो सकता है– १. सहजा शक्ति २. आधेया शक्ति ३. पद शक्ति। प्रथम दो पदार्थगत तथा अन्तिम पदगत [शब्दगत] शक्ति है। जैसे– अग्नि आदि में दाहकत्व शक्ति "सहजा शक्ति", ब्रीहि आदि में प्रोक्षण से जनित "आधेया शक्ति" और शब्द में पदार्थबोधकत्व या पदार्थस्मारिका शक्ति "पदशक्ति" मानी जाती है।

सम्प्रति **पदार्थगत शक्ति** का विवेचन करते हैं– अग्नि आदि द्रव्यों में दाहानुकूल शक्ति की सिद्धि अन्वय-व्यतिरेक के द्वारा सिद्ध होती है। वह शक्तितत्त्व शक्तिमान् पदार्थ के ही आश्रित माना जाता है। जहाँ यागादि पदार्थों के नष्ट हो जाने पर यागजन्य शक्ति मानी जाती है, उस शक्ति का आधार यजमान का आत्मतत्त्व है। तात्पर्य यह है कि शक्तितत्त्व स्वाश्रय में भी रहता है,

---

१. जैमिनि सूत्र ६.३.२३।

२. जातिमेवाकृतिं प्राहुर्व्यक्तिराक्रियते यया।
सामान्यं तच्च पिण्डानामेकबुद्धिनिबन्धनम्।। श्लोकवार्तिक, आकृतिवाद, श्लोक ३

३. यः शब्दादेवावगम्यते, स प्रथमाऽर्थो मुख्यः। मुखमिव भवतीति मुख्य इत्युच्यते। यस्तु खलु प्रतीतादर्थात् केनचित् सम्बन्धेन गम्यते, स पश्चाद्भावाज्जघनमिव भवतीति जघन्यः। गुणसम्बन्धाच्च गौण इति। शाबर भाष्य, ३.२.१

४. अर्थाद्वा कल्पनैकदेशत्वात्। जैमिनि सूत्र, १.४.३०
(हिन्दी अनुवाद – सामर्थ्य के अनुसार कल्पना करे, एक देश होने के कारण।
व्याख्या – साधनगत सामर्थ्य के अनुसार साध्य की व्यवस्था कर लेनी चाहिए क्योंकि सामर्थ्य द्रव्य का ही एकमात्र होता है अर्थात् द्रव्य में उसकी शक्ति निहित होती है।)

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

अन्याश्रय में भी।[१] कुमारिल भट्ट ने अर्थापत्ति के द्वारा शक्ति की कल्पना की है।[२] इस 'शक्तितत्त्व को भाट्ट आदि द्रव्य गुणादि से अतिरिक्त नहीं मानते, किन्तु प्रभाकरमत की विशेषता है कि वह द्रव्यादि से भिन्न शक्तितत्त्व की स्थापना करता है।[३] जैसे–अग्नि में दाहकत्व शक्ति है। वह दाहकत्व शक्ति अग्नि के स्वरूप से भिन्न माननी पड़ती है, क्योंकि मणि, मन्त्र तथा औषधि के सान्निध्य से अग्नि की दाहकत्व शक्ति प्रतिबद्ध हो जाती है। किन्तु अग्नि का स्वरूप यथावत् देखा जाता है। मणि, मन्त्रादि का उपचार समाप्त हो जाने पर अग्नि से दाह होने लगता है, लेकिन उसके स्वरूप में किसी प्रकार का अन्तर नहीं देखा जाता। फलतः अग्निगत दाहकत्व-शक्ति एक अनुमेय पदार्थ है। मन्त्रादि के प्रयोग से उस शक्ति का नाश हो जाता है, जिसके फलस्वरूप दाह आदि कार्य नहीं होता। यथा–कुण्ठित कुठार से काष्ठछेदन नहीं होता, लेकिन उस कुठार की धार तेज कर ली जाए तो काष्ठ का छेदन-कार्य होने लगता है। उसी प्रकार अपने कार्य में अक्षम द्रव्यतत्त्व स्वशक्ति से युक्त होकर सक्षम बन जाता है। इस सक्षम अवस्था, अतिशयता अथवा शक्तिमत्ता के द्वारा शक्तितत्त्व की तर्कना की जाती है। अग्नि आदि में रहने वाले अतीन्द्रिय कार्यान्वयी पदार्थ को शक्ति, सामर्थ्य आदि पदों द्वारा बतलाया जाता है।[४] नित्य द्रव्य में रहने वाली शक्ति नित्य तथा अनित्य द्रव्य में रहने वाली शक्ति अनित्य कहलाती है।

पदार्थगत शक्ति के विवेचन के बाद पुनः **पदगत शक्ति** पर विचार किया जाता है, वस्तुतः पदगत शक्ति उस सम्बन्ध का नाम है, जो पदज्ञान को पदार्थज्ञान का कारण बनाता है। पद - पदार्थ का यह सम्बन्ध ही शास्त्रों में 'शब्द-व्यापार', 'शब्दवृत्ति', 'शब्दशक्ति' आदि नामों से व्यवहृत हुआ है। यह सम्बन्ध साक्षात् और परम्परा के भेद से दो प्रकार का है, लेकिन परस्परा सम्बन्ध में ही गुणयोग के आधार पर भेद स्वीकार कर पदगत शक्ति तीन प्रकार की मानी गयी है– अभिधा, लक्षणा, गौणी।

[i] अभिधा- पदों की पदार्थबोधन की मुख्य वृत्ति (साक्षात् सम्बन्ध) 'अभिधा' है। "शक्ति" नामान्तर से भी इसका व्यवहार होता है। साक्षात् सम्बन्ध का अर्थ है पद के उच्चारण के बाद श्रोता को सर्वप्रथम जिस वस्तु का स्मरण हो, जैसे 'दुग्ध (Milk) कहते ही श्वेत, तरल विशेष गन्ध और स्वाद से युक्त गोरस का स्मरण होता है। यहाँ 'दुग्ध' पद का अपने कथित 'पदार्थ' के साथ जो सम्बन्ध है, उसे "मुख्य" या "शक्ति" कहते हैं। यह सम्बन्ध जिस अर्थ का स्मरण करवाता है, वह "मुख्य" या "शक्य" कहा जाता है। मीमांसक पदों में अपने अर्थों का ज्ञान कराने

---

१. शक्तिः कार्यानुमेयत्वाद्यद्गतैवोपयुज्यते।
तत्रैव साभ्युपेतव्या स्वाश्रयान्याश्रयापि वेति।। शास्त्रदीपिका, १.१.५

२. शक्तयोऽपि च भावानां कार्यार्थापत्तिकल्पिताः।
प्रसिद्धाः पारमार्थिक्यः प्रतिकार्यं व्यवस्थिताः।। श्लोकवार्तिक, शून्यवाद, श्लोक

३. प्राभाकराः पुनरस्याः पदार्थान्तरत्वमनुमानगम्यत्वं च सङ्गिरन्ते। तदयुक्तम्, अस्याः सिद्धस्यैव पदार्थस्य गुणत्वेन कल्पने लाघवादन्यथा गौरवप्रसङ्गात्। मानमेयोदय, पृष्ठ २४८

४. यच्च तदतीन्द्रियमग्नेः स्वरूपम्, तत् शक्तिसामर्थ्यादिशब्दवाच्यतया लोके प्रतीतम्। प्रकरणपञ्चिका, पृ. २१९

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

की सामर्थ्य को "वाच्यवाचकभाव सम्बन्ध" का नाम देते हैं और यह मानते हैं कि पद की शक्ति ज्ञात होकर ही अर्थ-स्मारण कार्य करती है जबकि पदार्थ की शक्ति का ज्ञात होना अनिवार्य नहीं है, वह अज्ञात रहकर भी कार्य करती है।

शक्ति के प्रसंग में पूर्वचर्चित **शक्य अर्थ** [शब्द का मुख्य अर्थ] का विभिन्न मतवादों के परिप्रेक्ष्य में विचार अपेक्षित है। **भाट्ट मीमांसक** का मत यह है कि घट आदि पदों की शक्ति 'जाति' में है, जो समानाकारक विभिन्न व्यक्तियों में एकविषयत्व का सम्पादन करती है। यही आकृति शब्द का मुख्यार्थ है, अवयवसंस्थान नहीं। सभी विचारक इस सामान्य में शब्द की वाच्यता स्वीकार करते हैं।[१] जाति का ज्ञान होते ही व्यक्ति का ज्ञान होता है, व्यक्ति में जाति भी आभासित होती है। जाति-व्यक्ति धर्म-धर्मी भाव अभिन्न हैं। अतः एक ज्ञान में दोनों का ज्ञान हो जाता है।[२]



प्रभाकर मिश्र ने पद में दो शक्तियाँ मानी हैं-स्मारिका शक्ति तथा अनुभाविका शक्ति [कार्यान्वित पदार्थों के बोधन की शक्ति]। अतः पद पहले जाति और व्यक्ति पदार्थ का स्मरण कराता है, तत्पश्चात् अन्वित अर्थ का प्रतिपादन करता है।[३] इस प्रकार प्रभाकर अन्वय को भी शक्य कोटि में रखते हैं।[४] शक्ति के विषय में प्रभाकर मत यह है कि पदों की शक्ति व्यक्ति में स्वरूपतः विद्यमान होती है और जाति के ज्ञान में वह ज्ञात होती हुई कारण है। जाति के शक्तिमत्त्व का ज्ञान होने पर व्यक्ति शक्तिज्ञान के बिना भी अविलम्ब व्यक्तिज्ञान हो जाता है। अर्थात् शब्द का शक्य जाति है, जाति-बोधक सामग्री से ही व्यक्तिबोध की उपपत्ति हो जाती है। प्रथम स्थल पर शक्ति ज्ञात है और द्वितीय स्थल पर अज्ञात।



मीमांसकों में ही **मण्डन मिश्र** का मत है कि जाति का ज्ञान तो पदजन्य है लेकिन व्यक्ति का बोध "तद्विशिष्ट रूप अर्थ" में लक्षणा करने से होता है।



---

१. तन्निमित्तं च यत्किञ्चित् सामान्यं शब्दगोचरम्।
सर्व एवेच्छतीत्येवमविरोधोऽत्र वादिनाम्।। श्लोकवार्तिक, आकृतिवाद, श्लोक-४

२. अत्र भाट्टाः-पदान्न व्यक्तेः स्मरणमनुभवो वा किन्तु आक्षेपादेव व्यक्तिधीः आक्षेपिका च जातिरेव। वेदान्त परिभाषा, पृ. २००

३. किञ्च पदानि तावदभिधायकानीति निर्विवादम्। तेन तेषामभिधानशक्तिस्सम्प्रतिपन्नैवेति, तस्या एवाऽन्वयपर्यन्तता कल्पयितुं सुकरा। प्रकरणपञ्चिका, पृष्ठ ४००

४. अन्वयवानेवाऽन्वित उच्यत इति, अन्वयोऽप्यभिधानानुप्रविष्टः। प्रकरणपञ्चिका, पृष्ठ ४११

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

न्यायमतानुसार सभी पदों की शक्ति आकृति [अवयव संस्थान], जाति [अनेक पदार्थों में नित्य रहने वाला धर्म], व्यक्ति [जाति का आश्रय] में होती है। अतः घट पद की शक्ति कपालसंयोगसहित घटत्वविशिष्ट घट [व्यक्ति] में है।[1]



वैयाकरण तथा **अलंकारशास्त्री** शब्द और अर्थ के बीच भेद सह अभेद की उपपत्ति करते हुए तादात्म्यसम्बन्ध मानते हैं। कवि कालिदास ने **"वागर्थाविव सम्पृक्तौ"** के द्वारा शब्द और अर्थ के तादात्म्य का संकेत किया है। **वेदान्त मतानुसार** भी शब्दों का सम्बन्ध आकृति से ही है, व्यक्ति से नहीं।[2] इनके मतानुसार आकृति से जाति का ही ग्रहण होता है।

[ii] लक्षणा– शब्द का अर्थ से परम्परासम्बन्ध 'लक्षणा' वृत्ति है। परम्परा-सम्बन्ध का अर्थ होता है कि पद के शक्यार्थ से सम्बद्ध अर्थ का पद के साथ सम्बन्ध। इस सम्बन्ध को "अमुख्य" या "गौण" भी कहा जाता है। यह अमुख्यता या परम्परा क्या है? पद के श्रवण के अनन्तर प्रथमतः जिसका ज्ञान नहीं होता अपितु शक्यार्थ के साथ सम्बन्ध-ज्ञान होने के बाद उस "लक्ष्य" अर्थ का ज्ञान होता है, यही परम्परया ज्ञान है, यही अमुख्यता है। अब प्रश्न यह है कि इस सम्बन्ध द्वारा ज्ञान कब किया जाता है? जहाँ पर मुख्य अर्थ अन्य प्रमाणों के साथ विरोध होने के कारण या अन्वय की उपपत्ति न होने के कारण बाधित हो, वहाँ मुख्य अर्थ के साथ सम्बद्ध अर्थ की कल्पना की जाती है।[3] यह कल्पित अर्थ ही लक्ष्यार्थ तथा उसका पद के साथ सम्बन्ध "लक्षणा" कहा जाता है। जैसे–"गङ्गायां घोषः" [गंगा पर ग्वालों की बस्ती], यहाँ गंगा पद वाच्य है– "प्रवाह", इस 'प्रवाह' रूप अर्थ के साथ 'घोष' का सम्बन्ध सम्भव नहीं है। अतः इस मुख्य अर्थ को छोड़कर, 'प्रवाह' के साथ नित्य-सम्बद्ध "तट" रूप अर्थ में लक्षणा होती है। तब लक्ष्यार्थ होता है– गंगातट पर ग्वालों की बस्ती। लक्षणीय वस्तु में कभी शक्यार्थ का परित्याग, कभी इतरार्थ का संग्रह हो जाता है। अतः लक्षणा के तीन भेद माने गये हैं– (1) जहत् लक्षणा– जहाँ पद अपने मुख्य अर्थ का परित्याग कर देता है। जैसे– "गंगायां घोषः" में (2) अजहत् लक्षणा– जहाँ पद अपने वाच्य अर्थ का त्याग नहीं करता। जैसे– "श्वेतो धावति" में (3) जहदजहद् लक्षणा– जहाँ वाच्यार्थ में से किसी एक भाग का त्याग और भागान्तर का ग्रहण होता है अर्थात् विरुद्धांश परित्यागपूर्वक अविरुद्धांश का ग्रहण। इसे भागत्याग लक्षणा भी कहते हैं। जैसे–"सोऽयं देवदत्तः" स्थल में।

---

१. व्यक्त्याकृतिजातयस्तु पदार्थः। न्यायसूत्र २.२.६५

२. आकृतिभिश्च शब्दानां सम्बन्धो न व्यक्तिभिः। व्यक्तिनामानन्त्यात्सम्बन्धग्रहणानुपपत्तेः। ब्रह्मसूत्र, शांकरभाष्य, १.३.२८

३. मानान्तरविरोधे तु मुख्यार्थस्यापरिग्रहे।
मुख्यार्थेनाविनाभूते प्रवृत्तिर्लक्षणेष्यते।।

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

मीमांसा दर्शन में सामान्यतः पद-पदार्थ के इन्हीं दो सम्बन्धों का प्रतिपादन हुआ है और इन्हीं के आधार पर वाक्यार्थबोध की उपपत्ति भी हो जाती है। तथापि सिद्धान्ततः स्वीकृत 'गौणी' नामक तृतीया वृत्ति का उल्लेख अपेक्षित है।

[iii] गौणी– सादृश्यरुप परम्परा सम्बन्ध 'गौणी' वृत्ति है। अर्थात् पद के शक्यार्थ से सम्बद्ध अर्थ के गुणादि का पद से सम्बन्ध गौणी वृत्ति है।[१] यथा– 'सिंहो देवदत्तः' स्थल पर सिंह सम्बन्धी देवदत्त का भान तो लक्षणा वृत्ति से हो जाता है। लेकिन जब सिंहनिष्ठ क्रूरता जैसी क्रूरता देवदत्त में बतलानी हो तो गौणी वृत्ति का आश्रयण किया जाता है।

पद-पदार्थ-विवेचन के उपरान्त **वाक्य-विषयक विचार** की अपेक्षा होती है। वाक्य क्या है? वाक्य कितने प्रकार के होते हैं?–इस प्रश्न के उत्तर में वाक्यपदीयकार **भर्तृहरि** ने आठ मतों का उपन्यास किया है[२]–

१. 'आनय' आदि आख्यात शब्द

२. संघात अथवा पदसमूह

३. पदसमूह में रहने वाली वाक्यत्व रूप जाति

४. एक अखण्ड वाक्य-स्फोटात्मक शब्द

५. पदों का क्रम

६. बुद्धि में वाक्यत्वेन परामृष्ट वस्तु

७. वाक्य का घटकीभूत प्रथम पद

८. केवल प्रथम पद ही नहीं अपितु ऐसे सभी पद मिलकर वाक्य कहलाते हैं, जिनका विभाग करने पर साकांक्षता रह जाती है।

इन आठ मतों में से अन्तिम मत मीमांसा की वाक्य-विषयक विचारणा को प्रस्तुत करता है। जैमिनि ने इसी एकवाक्यता का निरूपण सूत्र[३] में किया है। सूत्र का अर्थ है कि जो शब्दराशि 'एक' विशिष्ट अर्थ की बोधक हो, वह शब्दराशि एक 'वाक्य' है, यदि उस समूह को विभाजित

---

१ अभिधेयाविनाभूते प्रवृत्तिर्लक्षणेष्यते।
लक्ष्यमाणैर्गुणैर्योगात् वृत्तेरिष्टा तु गौणता। तन्त्रसिद्धान्तरत्नावली, पृ. ६६

२. आख्यातशब्दः संघातो जातिः संघातवर्तिनी।
एकोऽनवयवः शब्दः क्रमो बुद्ध्यनुसंहतिः।।
पदमाद्यं पृथक्सर्वं पदं साकांक्षमित्यपि।
वाक्यं प्रति मतिर्भिन्ना बहुधा न्यायवादिनाम्।। वाक्यपदीय, २.१-२

३. अर्थैकत्वात् एकं वाक्यं साकाङ्क्षं चेद्विभागे स्यात्। जैमिनि सूत्र, २.१.४६

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

कर दिया जाए तो वे विभाजित अंश साकांक्ष रहें। अर्थात् उन अंशों के सम्मेलन से ही उक्त विशिष्टार्थ का बोध हो, अन्यथा नहीं।

उक्त सूत्र के दो अंश हैं (१) **'अर्थैकत्वादेकं वाक्यम्'** अर्थात् एक प्रयोजनवाला पदसमूह ही एक वाक्य है। (२) **'साकांक्षं चेद्विभागे स्यात्'** अर्थात् यदि उस पदसमूह को दो या दो से अधिक भागों में बाँट दिया जाए तो वे सभी भाग परस्पर साकांक्ष रहें, वे परस्पर सहायक हुए बिना एक विशिष्टार्थ का बोध न कर सकें। सूत्रस्थ ये दोनों ही अंश "वाक्य" के लिये साभिप्राय [Significant] हैं। इनमें से प्रथम अंश ऐसे स्थल में वाक्यैकता का वारण करता है, जहाँ दो अलग-अलग प्रयोजन को लेकर प्रवृत्त हुए दो वाक्य भी परस्पर साकांक्ष होते हैं। सूत्रस्थ द्वितीय अंश ऐसे विभिन्न वाक्यों में एकवाक्यता की प्रसक्ति नहीं होने देता, जो एक ही प्रयोजन को लेकर प्रवृत्त होते हैं, लेकिन परस्पर साकांक्ष नहीं होते हैं।

वैयाकरण, भाट्ट और प्राभाकर तीनों दार्शनिक "कार्य" को ही **वाक्यार्थ** मानते हैं, किन्तु वाक्यार्थ का स्वरूप तीनों मतों में एक न होकर भिन्न प्रकार का है। **वैयाकरणों** का मत है कि याग, दान, होम आदि क्रिया ही कार्य है और उसका विधान धातु पदों के द्वारा होता है।[१] **कुमारिल भट्ट** आन्तरिक क्रिया, प्रयत्न अथवा भावना को कार्य कहते हैं और उसका विधान तिङादि प्रत्ययों के द्वारा मानते हैं।[२] **प्रभाकर मिश्र** नियोग को कार्य क़हते हैं, लिङादि प्रत्ययों के द्वारा जिसका प्रतिपादन होता है। नियोग की वाक्यार्थता का मूल कारण है– पदों की अन्विताभिधायिता।[३]

वाक्य के द्वारा वाक्यार्थबोध के विषय में विभिन्न मतवाद हैं। **वैयाकरण** सम्पूर्ण वाक्य की शक्ति वाक्यार्थबोध में मानते हैं। **शबरस्वामी** वाक्य के घटकीभूत पूर्व-पूर्व वर्णों के संस्कार से युक्त अन्तिम वर्ण को वाक्यार्थ का बोधक मानते हैं।[४] **नैयायिक** वाक्य के अङ्गभूत शब्दों के पौर्वापर्य रूप वाक्यसामर्थ्य से ही वाक्यार्थबोध की उपपत्ति करते हैं। मीमांसकों में वाक्य से वाक्यार्थ बोध की प्रक्रिया में दो मत प्रसिद्ध हैं–

१. अभिहितान्वयवाद [कुमारिल भट्ट का मत]

२. अन्विताभिधानवाद [प्रभाकर मिश्र का मत]

---

१. फलव्यापरयोर्धातुराश्रये तु तिङस्स्मृताः।
फले प्रधानं व्यापारस्तिङर्थस्तु विशेषणम्।। वैयाकरणभूषणसार, पृ. १७

२. भावनैव च वाक्यार्थः सर्वत्राऽऽख्यातवत्तया।
अनेकगुणजात्यादि कारकार्थानुरञ्जिते।। श्लोकवार्तिक, वाक्याधिकरण, श्लोक ३३०-३१

३. तत्र कार्यवाक्यार्थवादिन एव भावम्, भावनाम् अपूर्वञ्च वाक्यार्थान् प्रतिजानते। तत्राऽपूर्वमेव वाक्यार्थ इति साधनीयम्। तस्य मूलं पदानामन्विताभिधायितेति, तामेव तावदादौ परिशोधयति। प्रकरणपञ्चिका, पृष्ठ ३७६

४. पूर्ववर्णजनितसंस्कारसहितोऽन्त्यो वर्णः प्रत्यायक इत्यदोषः। शाबर भाष्य, १.१.५

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

वार्तिककार कुमारिल भट्ट ने पदों के द्वारा पदार्थों के और पदार्थों के द्वारा वाक्यार्थबोध के क्रम को स्वीकार किया है।[१] पदों में अर्थबोधन की शक्ति होती है, उसी के कारण पद पदार्थों के अभिधायक होते हैं। उन पदार्थों की आकांक्षा, योग्यता, सन्निधि आदि सहकारी कारणों के आधार पर परस्पर अन्वयार्थ में लक्षणा होती है। पदार्थगत लक्षणा वृत्ति के द्वारा ही संसर्गात्मक वाक्यार्थ का बोध भाट्ट मीमांसक मानते हैं। पदार्थ अपने अन्वय के अनुभावक होते हैं, वाक्यार्थ का पदार्थ द्वारा अनुभावित होना ही उसकी लक्ष्यता है।

प्रभाकर की अन्विताभिधानवाद की प्रक्रिया इस प्रकार है कि श्रुतपद पहले अपने वाच्यार्थ का स्मरण करवाता है, अभिधान नहीं करता। सभी पदों के द्वारा अपने-अपने वाच्यार्थ का स्मरण करवाने के बाद अनुयोगिप्रतियोगिभाव से अन्वित पदार्थ का अभिधान किया जाता है। पद जिस अन्वित रूप पदार्थ के विधायक होते हैं, उन पदार्थों से अतिरिक्त वाक्यार्थ नाम की कोई वस्तु नहीं।[२] अत: पद ही वाक्यार्थबोधक स्थिर होते हैं। इनके मतानुसार भी वाक्यार्थ में लक्षणा होती है। लेकिन प्रभाकर-सम्मत लक्षणा में वैलक्षण्य है– वाक्यार्थ के उपयोगी पदार्थ का प्रतिपादन पदों के द्वारा करना चाहिए। वाक्यार्थ में कार्यार्थान्वित अथवा दूसरे पदार्थ के साथ अन्वित पदार्थ का ही उपयोग होता है। अन्वयरहित शुद्ध पदार्थों का नहीं। अत: पद अपनी 'मुख्य' शक्ति के द्वारा अन्वयरहित अर्थ की उपस्थिति और 'लक्षणा' के द्वारा अन्वित पदार्थ की उपस्थिति करवाया करते हैं। अन्वय की अनुपपत्ति लक्षणा का निमित्त है। वाक्यार्थ में शुद्ध पदार्थ का अन्वय अनुपपन्न होने के कारण अन्वित अर्थ की उपस्थिति लक्षणा द्वारा सम्भव होने से वाक्यार्थ 'लक्ष्यार्थ' रूप ही होता है। आकांक्षा, योग्यता तथा सन्निधि के द्वारा अवगत [ज्ञात] अर्थ से अन्वित-स्वार्थ का अभिधान प्रत्येक पद करता है।[३]

उपर्युक्त वाक्यार्थ-बोध-विश्लेषण से यह भी फलित होता है कि आकांक्षा, योग्यता तथा सन्निधि वाक्यार्थ-ज्ञान-प्रक्रिया के सहकारी कारण हैं। मीमांसको में भाट्टैकदेशी 'तात्पर्यज्ञान' को भी सहकारी कारण मानते हैं।

शास्त्रों का मूल 'वेद' हैं, जो प्रवर्तक ज्ञान के उत्पादक होते हुए मीमांसा-सम्प्रदाय में अपौरुषेय होने के कारण शाब्द-प्रमाण [शास्त्रप्रमाण] रूप से स्वीकृत हैं। अत: वेद के प्रवर्तक वाक्य [विधिवाक्य] इस शास्त्रप्रमाण का ही एक अंग हैं। इन वाक्यार्थों का प्रवृत्तिनिमित्त क्या है? अथवा वाक्यप्रयुक्त विंधि-प्रत्यय द्वारा किस अर्थ का विधान किया जाता है?–इन तथ्यों का विचार वाक्यार्थबोध की मान्यताओं को समझने के लिये अनिवार्य है।

---

१. पदानि हि स्वं स्वं पदार्थमभिधाय निवृत्तव्यापाराणि। अथेदानीं पदार्था अवगता: सन्तो वाक्यार्थं गमयन्ति। शाबर भाष्य, १.१.२५

२. प्रधानगुणभावेन लब्धान्योन्यसमन्वयान्।
पदार्थानेव वाक्यार्थान् सङ्गिरन्ते विपश्चित:।। प्रकरणपञ्चिका, पृ. ३७७

३. यद्यदाकांक्षितं योग्यं सन्निधानं प्रपद्यते।
तदन्वित: पदेनाऽर्थस्स्वकीय: प्रतिपाद्यते।। प्रकरणपञ्चिका, पृ. ३८४

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

"यजेत स्वर्गकामः" इत्यादि वाक्यों में प्रयुक्त लिङ्, लोट् तथा तव्यत् आदि प्रत्ययों के द्वारा किस अर्थ का विधान किया जाता है? इस प्रश्न का उत्तर मीमांसकों ने ही प्रायः विभिन्न रूपों में दिया है–

कुमारिल भट्ट ने लिङादि विधि-प्रत्यय का अर्थ 'प्रवर्तना' या 'भावना' किया है। भावना के दो भेद हैं–शाब्दी भावना तथा आर्थी भावना। **"स्वर्गकामो यजेत"** इस वाक्य में 'यज्' धातु के उत्तर प्रयुक्त "त" प्रत्यय में लिङ्त्व और आख्यातत्व दो धर्म हैं। अतः एक ही 'त' प्रत्यय दो प्रकार की भावनाओं का अभिधान करता है–शाब्दी भावना और आर्थी भावना। लिङ्त्व अंश से शाब्दी भावना तथा आख्यातत्व अंश से वही 'त' प्रत्यय आर्थीभावना का अभिधान करता है।[१] अभिधाभावना का अर्थ शब्दभावना अथवा शाब्दीभावना है। क्योंकि लिङादि शब्द जिस 'प्रेरणा' या 'प्रवर्तना' का अभिधान करते हैं, वह लोक में प्रेरक पुरुष का अभिप्राय विशेष है। किन्तु वेद में कोई पुरुष प्रेरक अथवा प्रवर्तक नहीं, अपितु लिङ्ादि शब्द ही प्रवर्तक होते हैं। अतः प्रवर्तक व्यापार अथवा प्रेरणा लिङादि शब्दों में ही निहित होने के कारण उसे शब्दनिष्ठभावना अथवा शाब्दीभावना कहा जाता है और सभी आख्यात प्रत्ययों द्वारा आर्थीभावना का प्रतिपादन किया जाता है। अर्थ अथवा प्रयोजन की निष्पादिका होने के कारण वह आर्थीभावना कहलाती है। लोक में शाब्दीभावना स्थानीय 'प्रेरक' पुरुष में रहने वाली प्रेरणा और आर्थीभावना के स्थान पर 'प्रेर्य' पुरुष में रहने वाली प्रवृत्ति होती है। प्रेरणा के द्वारा प्रवृत्ति की उत्पत्ति और प्रवृत्ति के द्वारा गवानयनादि प्रयोजन की निष्पत्ति हुआ करती है।

भावना के सम्बन्ध में यह ज्ञातव्य है कि वह साध्य, साधन और इतिकर्तव्यता में नित्य साकांक्ष है। अतः लिङ् द्वारा उसकी उपस्थिति होते ही यह आकांक्षा होती है कि भावयेत्? अर्थात् किसकी भावना हो, केन भावयेत्? किस करण या साधन से भावना हो तथा कथं भावयेत्? अर्थात् किस प्रकार से भावना हो। इन तीनों आकांक्षाओं के उपशमन के लिये लिङर्थ शाब्दी भावना में क्रमशः आर्थीभावना [साध्य], लिङ् तथा लिङर्थ अभिधा के सम्बन्ध ज्ञान [साधन] तथा धात्वर्थ क्रिया के अर्थवाद से प्राप्त प्राशस्त्यज्ञान [इतिकर्तव्यता] का अन्वय होता है। इसी प्रकार शाब्दीभावना की साध्यरूपा आर्थीभावना भी उक्त आकांक्षात्रय से युक्त होती है। यहाँ स्वर्ग का साध्य रूप से, याग का करण रूप से तथा प्रयाज आदि अङ्गभूत कर्मों का इतिकर्तव्यता रूप से अन्वय होता है। लेकिन वाक्यार्थ बोध में लिङर्थ शाब्दीभावना और तिङर्थ आर्थीभावना का अपने साध्य, साधन और इतिकर्तव्यता के साथ अलग-अलग बोध नहीं होता, अपितु इन सबको मिलाकर **"स्वर्गकामो यजेत"** इस वाक्य से यह बोध होता है कि स्वर्गाभिलाषी पुरुष प्रवृत्तिरूपभावनासाध्यक, लिङर्थसम्बन्धज्ञानकरणक प्राशस्त्यज्ञानेतिकर्तव्यताक अभिधाभावना से जन्य स्वर्गसाध्यक, यागकरणक, प्रयाजादि- इतिकर्तव्यताक प्रवृत्ति रूप आर्थीभावना का आश्रय है। **'स्वर्गकामो यजेत'** यह वाक्य लिङ् द्वारा अभिधात्मक भावना का बोधक होने से ही प्रवर्तक होता है, अभिधात्मक भावना का ज्ञान ही प्रवर्तक ज्ञान है और अभिधात्मक भावना ही विधि प्रत्यय लिङ् का अर्थ है। इस अभिधात्मक

---

१. मीमांसान्यायप्रकाश, पृ. १०

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

भावना से ही अधिकारी पुरुष में जो प्रवृत्ति उत्पन्न होती है, उससे स्वर्गादि प्रयोजन की सिद्धि अपूर्व अथवा अदृष्ट के द्वारा हुआ करती है।

मण्डन मिश्र के मतानुसार विधि-प्रत्यय इष्टसाधनता ज्ञान का जनक होता है। उसके आधार पर ही अग्निहोत्रादि क्रियाओं में पुरुष की प्रवृत्ति होती है।[१] इष्टसाधनत्वेन क्रिया का अभिधान किया जाता है। अदृष्ट अथवा अपूर्व उसी क्रिया का एक व्यापार मात्र है। विधिवाक्य जनित बोध में उसे प्रधान नहीं माना जा सकता, क्योंकि वह अर्थतः सिद्ध है। तात्पर्य यह है कि अदृष्ट, अपूर्व, नियोग वस्तु प्रयोजनतः पर्यवसित होती है, उसमें वेद के प्रामाण्य को स्वीकार नहीं किया जाता है। यद्यपि नियोगविशिष्ट अर्थ की प्रतीति शब्द से हो जाती है, तथापि विशेषणीभूत नियोग की सत्ता शब्दतः सिद्ध नहीं होती।[२] अतः नियोग को विध्यर्थक नहीं माना जा सकता। 'इष्टसाधनता ज्ञान' ही प्रवर्तक होने के कारण विध्यर्थक है।

विध्यर्थ के सम्बन्ध में **प्रभाकर मिश्र** का दृष्टिकोण यह है कि लोक में इष्टसाधनता ज्ञान ही पुरुष की प्रवृत्ति का नियामक नहीं माना जाता, अपितु इष्टसाधनीभूत पदार्थ में कार्यता[३], कृतिसाध्यता का ज्ञान होना आवश्यक है। चन्द्रमण्डलादि का आनयन इष्टसाधन होने पर भी मनुष्य की कृति के द्वारा साध्य न होने के कारण उसमें मनुष्य की प्रवृत्ति नहीं देखी जाती। फलतः 'कृतिसाध्यता के ज्ञान' को ही प्रवर्त्तक मानना होगा। कृतिसाध्यत्वेन अपूर्व आदि पदार्थों को नियोग इसलिये माना गया है कि यागादिजन्य अपूर्व मानवीय कृति के द्वारा निष्पादनीय होने के कारण नियोग माने जाते हैं। इस प्रकार प्रभाकर मतानुसार नियोग की कल्पना अन्यान्य मतवादों से उत्कृष्ट और प्रशस्त मानी जाती है। भाट्ट मत में कृति पदार्थ को आर्थीभावना कहा जाता है, किन्तु न तो प्रयत्न सर्वत्र हो सकता है और न सर्वत्र प्रयत्नसाध्यता। किन्तु मनुष्य की प्रवृत्ति का असाधारण निमित्त कृतिसाध्यताज्ञान ही होता है। अपने साध्य पदार्थ के उद्देश्य से ही साधन मात्र की प्रवृत्ति देखी जाती है। वही एकमात्र कृति का उद्देश्य अथवा प्रधानतत्त्व माना जाता है। लिङादि प्रमाणों से भिन्न अन्य किसी भी प्रमाण से उसकी अधिगति नहीं होती।[४] अतः नियोग और अपूर्व पर्यायवाची शब्द माने गए हैं। कुछ दार्शनिकों को यह भ्रम हो जाता है कि यागादि क्रियाओं में इष्टसाधनता का ज्ञान ही कार्यता का ज्ञान है। वही अपूर्व अथवा नियोग पद द्वारा प्रतिपादित होता है। उनके भ्रम का निराकरण करते हुए शालिकनाथ मिश्र ने कहा है[५] कि फल [इष्ट] की साधनता को कार्यता

---

१. पुंसो नेष्टाभ्युपायत्वात् क्रियास्वन्यः प्रवर्तकः।
प्रवृत्तिहेतुं धर्मं च प्रवदन्ति प्रवर्तनाम्।। विधिविवेक, पृ. २४३

२. प्रतिपत्तिविशिष्टापि विषयस्य नियोगतः।
सत्तां न साधयत्येव समारोपेण संभवात्।। ब्रह्मसिद्धि, पृ. १३५

३. सा यावन्मम कार्येयमिति नैवाऽवधार्यते।
तावत्कदाऽपि मे तत्र प्रवृत्तिरभवन्न हि।। प्रकरण पञ्चिका, पृ. ४२७

४. मानान्तरापूर्वमपूर्वमिति गीयते। प्रकरणपञ्चिका, पृ. ४४१

५. फलसाधनता नाम या सा नैव च कार्यता।
कार्यता कृतिसाध्यत्वं फलसाधनता पुनः।।
करणत्वं फलोत्पादे भिद्येते ते परस्परम्। प्रकरणपञ्चिका, पृ. ४२८

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

नहीं कहा जाता। क्योंकि दोनों धर्मों के स्वरूप भिन्न-भिन्न होते हैं। कृति अथवा मानव के प्रयत्न की साध्यता का नाम कार्यता है। व्यक्ति का 'ममेदं कार्यम्' अथवा 'मेरे प्रयत्न के द्वारा यह निष्पन्न हो सकता है'– इस प्रकार का ज्ञान ही कार्यता का ज्ञान है। फल की उत्पत्ति में कारणीभूत यागादि को इष्टसाधन कहा जाता है। कर्म [अग्निहोत्रादि क्रिया] में कार्यता का ज्ञान स्वभावतः नहीं हो सकता। कारण यह है कि कर्म क्लेशबहुल होता है। जबकि मनुष्य स्वभावतः सुखात्मक वस्तु की ओर आकृष्ट होता है, प्रवृत्त होता है। कर्म में प्रवृत्ति होने का एकमात्र कारण है–इष्टसाधनता। अतः इष्टसाधनता कार्यता का नियामक, बोधक अथवा जनक माना जा सकता है, उसका स्वरूप नहीं।[१] अब प्रश्न यह हो सकता है कि पाणिनि जैसे व्याकरणशास्त्र के प्रणेता महर्षि ने तो कार्यता के अर्थ में लिङादि प्रत्ययों का विधान नहीं किया है, अपितु विधि आदि अर्थों में लिङादि प्रत्यय का विधान किया है।[२] तब कार्यता के अर्थ में लिङादि का विधान क्यों होगा? इस प्रश्न का उत्तर है[३] कि सभी प्रवृत्तियों में एकमात्र कार्यता [कर्तव्योऽयं] का ज्ञान अपेक्षित होता है। क्योंकि सभी प्रकार की प्रवृत्तियों में कार्यता का ज्ञान अव्यभिचरित देखा जाता है। इससे यह सिद्ध हो जाता है कि कार्यता का ज्ञान लिङादि प्रत्ययों द्वारा निष्पादित होता है।

विध्यर्थ के विषय में **सूत्रकार जैमिनि** की सम्मति **"चोदनालक्षणोऽर्थो धर्मः**[४] सूत्र के द्वारा अपूर्वमुख्यक [अर्थात् वेद के प्रवर्तक वचन की मुख्यार्थकता अपूर्व में ही है] जानी जाती है। यह अपूर्व, कार्य, नियोग यागादि क्रिया से भिन्न होता है, क्योंकि क्षणिक क्रिया में स्वर्गादि रूप फल की साधनता सम्भव नहीं है। अपूर्वाधिकरण[५] में यह सिद्धान्त प्रतिपादित किया गया है कि पुरुषसंस्कार के द्वारा भी अथवा यागादि क्रिया की शक्ति के द्वारा फलसाधनता की प्रयोजकता क्रिया में सम्भव नहीं। फलतः **स्वर्गादि** कामनावान् नियोज्य पुरुष की नियुक्ति के माध्यम से आत्मसमवायी "**अपूर्व**" अथवा "**नियोग**" लिङादि प्रत्ययों के द्वारा प्रतिपादित होता है। उस "**नियोग**" को कार्य इसलिये कहा जाता है, क्योंकि वह पुरुष की कृति से साध्य है। पुरुषगत आभ्यन्तर प्रयत्न कृति है। यागादि रूप भावार्थ को विषय करने वाला प्रयत्न लिङादि के स्थानापन्न प्रत्यय के द्वारा प्रतिपादित होता है। अपूर्व में यागादि का द्विधा अन्वय विवक्षित है। यह यागादिजन्य है और यागादि भावार्थ को ही विषय करने वाला है।[६] **'अग्निहोत्रं जुहुयात् स्वर्गकामः'** इत्यादि वाक्यों का प्रतिपाद्य सर्वथा 'अपूर्व' ही माना जाता है।[७] विषय का स्पष्टीकरण यह है कि "अपूर्व" क्रिया और फल के बीच एक स्थायी कारण है। क्योंकि यागादि की स्वर्ग आदि के प्रति शाब्दबोधिक साधकता नहीं

---

१. फलसाधनता तत्र कारणं तेन कार्यता। प्रकरणपञ्चिका, पृ. ४२९
२. विधिनिमन्त्रणामन्त्रणाधीष्टसंप्रश्नप्रार्थनेषु लिङ्। पाणिनि सूत्र, ३.३.१६१
३. कार्यमेव हि सर्वत्र प्रवृत्तावेककारणम्।
प्रवृत्त्यव्यभिचारित्वाल्लिङाद्यर्थोऽवधार्यते।। प्रकरण पञ्चिका, पृ. ४३१
४. जैमिनिसूत्र, १.१.२
५. जैमिनिसूत्र, २.१.२
६. यागादिजन्यं यागादिविषयकमपूर्वम्। जैमिनिसूत्र २.२.१
७. शाबरभाष्य, २.१.१

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

बनती है। दूसरा तथ्य यह है कि भाव अर्थात् याग होम के वाचक क्रियापद 'अपूर्व' के वाचक नहीं हैं, प्रेरक हैं।

विध्यर्थ के विषय में दार्शनिकों के भिन्न-भिन्न दृष्टिकोण हैं–[१]

१. भगवान पाणिनि के मत में विधि-निमन्त्रण-आमन्त्रण अधीष्ट-संप्रश्न प्रार्थना ये छः लिङ्र्थ है।

२. विधि आदि चारों में प्रवर्तनात्व तथा संप्रश्न और प्रार्थना वाक्यपदीयकार के मत में लिङ्र्थ है।

३. नवीन वैयाकरण इष्टसाधनत्व को लिङ्र्थ कहते हैं।

४. प्राचीन नैयायिक इष्टसाधनत्व-बलवदनिष्टाननुबन्धित्व कृतिसाध्यत्व इन तीनों को लिङ्र्थ मानकर विशेष्य-विशेषण-भाव मानते हुए एक ही शक्ति स्वीकार करते हैं। नवीन नैयायिक लिङ् की अलग-अलग शक्ति मानते हैं।

५. उदयनाचार्य के अनुसार लिङ्घटितवाक्य के उच्चारयिता का "मैं इसको प्रवृत्त करा रहा हूँ" यह अभिप्रायविशेष लिङ्र्थ है। यह अभिप्राय लोकवेद साधारण है।

६. वेदान्तियों में कुछ लोग भगवदाज्ञा को लिङ्र्थ मानते हैं।

७. चित्सुखाचार्य एव सुरेशवराचार्य इष्टसाधनत्व को ही लिङर्थ मानते हैं।

८. वाचस्पति मिश्र के मत में इष्टसाधनत्व और कृतिसाध्यत्व दोनों लिङ्र्थ है।

९. मण्डनमिश्र इष्टसाधनत्व को विध्यर्थ कहते हैं।

१०. कुछ भाट्ट मतानुयायी धात्वर्थगत कार्यत्व को लिङार्थ मानते हैं।

११. भाट्ट सम्प्रदाय के कुछ पक्षधर लिङादि शब्दगत अर्थप्रकाशनसामर्थ्य रूप अभिधा व्यापार को लिङ्र्थ स्वीकार करते हैं।

१२. पार्थसारथि मिश्र प्रवर्तना के रूप से इष्टसाधनत्व को लिङ्र्थ कहते हैं।

१३. भट्ट सोमेश्वर एवं खण्डदेव इष्टसाधनत्व से अलग प्रवर्तना नामक अलौकिक धर्मविशेष को लिङ्र्थ कहते हैं।

१४. प्राभाकर अंपूर्व-कार्य-नियोग को लिङ्र्थ मानते हैं।

१५. सूत्रकार जैमिनि के शब्दों में धर्म [निःश्रेयस् का प्रापक अर्थ] ही चोदना [क्रियागत प्रेरक वचन] से लक्षित होता है। अर्थात् लिङ्प्रत्यय की मुख्यार्थता धर्म में है।

---

१. विधितत्त्वसंग्रह -म.म. चिन्नस्वामी विरचित

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

१६. भाष्यकार शबरस्वामी ने कथित धर्म को अपूर्व पद से व्याख्यायित किया है। वस्तुतः यागादि कर्म ही धर्म है, लेकिन अपूर्व के द्वारा ही इनकी फलनिष्पत्ति सम्भव है। अपूर्व कल्पनीय है।

विध्यर्थ-विचार के बाद यह फलित होता है कि विधि-प्रत्यय का अर्थ दृष्टिभेद से पृथक्-पृथक् कहा जा सकता है, किन्तु यह तथ्य सर्वत्र सामान्य है कि "विधिप्रत्यय" साध्य के प्रति साधक को प्रवृत्त करता है।

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

कालिदास का जलीय-पारितन्त्र

डॉ० मीरा द्विवेदी

सम्पूर्ण पर्यावरण मुख्यत: दो पारितन्त्रों में विभक्त है। 1. स्थलीय पारितन्त्र 2. जलीय पारितन्त्र- स्थलीय पारितन्त्र में भू संरचना, गुहा, मृदा, मरू, तृण, वन आदि का अध्ययन होता है। जलीय पारितन्त्र में अलवणीय, लवणीय जल स्रोत, जलीय वनस्पति एवं इनकी पारस्परिक निर्भरता का अध्ययन किया जाता है।

जल जीवन का आधार है (आपो वै जीवनम्) अभिज्ञानशाकुन्तलम् की नान्दी में महाकवि कालिदास ने पर्यावरण निर्माण के विविध घटक-जल, अग्नि, सूर्य. चन्द्र, वायु, आकाश आदि की चर्चा शिवमूर्ति के रूप में की है। इनमें ''या सृष्टि: स्रष्टुराद्या'' का कथन करके सर्वप्रथम जल को ही स्थान दिया है।[१] वस्तुत: जल से ही जीवन आरम्भ हुआ है, यह तथ्य प्राचीन एवं अर्वाचीन उभयविध विद्वानों द्वारा मान्य है। ऋग्वेद के नासदीय सूक्त में प्रथमत: जल की व्यापकता का वर्णन हुआ है।[२] हिरण्यगर्भ सूक्त भी सर्वव्यापक जल में सगर्भता का प्रतिपादन करके बीज रूप में जीवन की सम्भावना व्यक्त करता है।[३] आधुनिक वैज्ञानिक भी लगभग साढ़े तीन लाख विलियन वर्ष पूर्व समुद्र की निचली सतह में उत्पन्न एक कोशीय (अमीबा) जीवों की जटिल रासायनिक क्रियाओं से जीवन के विकास की चर्चा करते हैं।[४] कुमारसम्भवम् के द्वितीय सर्ग में महाकवि भी देवताओं द्वारा ब्रह्मा की स्तुति में यह तथ्य प्रतिपादित करते हैं-'हे बह्मन्!' आपने सबसे पहले जल उत्पन्न करके उनमें ऐसा बीज वपन किया है जो कभी व्यर्थ नहीं जाता और जिसमें एक ओर ये पशु, पक्षी, मनुष्य आदि जंगम जीव तथा दूसरी ओर वृक्ष, पर्वत आदि स्थावर जीव उत्पन्न किये हैं।[१] अत: जीवन के आधारभूत जल को कवि शिव-मूर्ति मानते हैं। इसमें अशिवत्व (प्रदूषण, अतिवृष्टि, अनावृष्टि, जल प्लावन) जीवन के अस्तित्व को संदिग्ध बना देता है।

---

१. या सृष्टि: स्रष्टुराद्या वहति विधिहुतं या हविर्या च होत्री।
ये द्वे कालं विधत्त: श्रुतिविषयगुणा या स्थिता व्याप्य विश्वम्।
यामाहु: सर्वबीजप्रकृतिरिति यया प्राणिन: प्राणवन्त:।
प्रत्यक्षाभि: प्रपन्नस्तनुभिरवतु वस्ताभिरष्टाभिरीश:॥ अभि. शा., १.१

२. नासदासीन्नो सदासीत्तदानीं नासीद्रजो नो व्योमा परो यत्।
किमावरीव: कुह कस्य शर्मन्नम्भ: किमासीत् गहनं गभीरम्॥-ऋग्वेद, १०.१२९.१

३. हिरण्यगर्भ: समवर्तताग्रे भूतस्य जात: पतिरेक आसीत्।
स दाधार पृथिवीं द्यामुतेमां कस्मै देवाय हविषां विधेम॥ ऋग्वेद, १०.१२१.१

४. पर्यावरण और हम (रामदेव मिश्र, संपा, शुकदेव प्रसाद), पृ. ११

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

इस भूमण्डल का २/३ भाग जल से व्याप्त है, जिसमें वाष्प, ठोस एवं द्रव तीनों ही रूपों में जल की सत्ता है कविकुल गुरू की रचनाओं में ये तीनों ही रूप दृष्टिगत होते हैं। अनेक स्थलों पर इन्होंने सूर्य द्वारा सागर, नदी व सरोवरों के जल में वाष्पीकरण की प्रक्रिया का वर्णन किया है।

''धूम: ज्योतिः सलिलमरूतां सन्निपातः क्व मेघः[२]'' मेघदूतम् की इस पंक्ति में जल का वाष्पीकृत रूप ही वर्णित है। कुमारसम्भवम् के हिमालय वर्णन में, बर्फ से ढकी चोटियों तथा मेघदूतम् में करकापात[३] आदि के प्रसंग में जल के ठोस रूप बर्फ का आकर्षक वर्णन हुआ है।

अनन्तरत्नप्रभवस्य यस्य हिमं न सौभाग्यविलोपि जातम्।
तुषारसंघातशिलाः खुराग्रैः समुल्लिखन्दर्पकलः ककुद्मान्॥[४]

सागर नदियाँ, सरोवरों निझरों आदि के वर्णन जल के द्रवीय रूप के बोधक हैं। भूमण्डल पर जलीय पारितन्त्र दो रूपों में प्राप्त होता है। मृदु जलीय परितन्त्र तथा सागरीय पारितन्त्र।

मृदुजलीय परितन्त्र

नदियों व अधिकांश झीलों में प्रायः मृदु या मीठा जल पाया जाता है। मृदु जलीय पारितन्त्र जैसे-नदियों, सरोवरों प्रपातों के वर्णन में कविता-वनिता-कान्त का चित्त अधिक रमा है। गंगा, यमुना, अलकनन्दा, भागीरथी, मन्दाकिनी, कपिशा, कावेरी, गन्धवती गम्भीरा, तमसा, ताम्रपर्णी, निर्विन्ध्या, सुरभितनया, वरदा, लौहित्य, शिप्रा, वंक्षु आदि नदियों उपनदियों के वर्णन के साथ गंधमादन सरोवर, मानसरोवर, पंचाप्सर, पंपासर आदि सरोवरों, गंगा-प्रपात, महाकोसी आदि निर्झरों के रम्य चित्र भी महाकवि ने अपनी शब्द-रेखाओं से निर्मित किये हैं।

कालिदास जहाँ भी जल का वर्णन करते हैं। उसे नीलाभ व शुद्ध कहते हैं जो जल की प्रदूषण रहित अवस्था का द्योतक है यथा-मेघदूतम् में सरस्वती नदी का जल अत्यन्त स्वादु व शुद्ध है। अतः यक्ष मेघ को उसे पान करने का निर्देश देता है। वह इतना मधुर है कि बलराम ने अपनी अभीष्ट मदिरा का परित्याग करके उसे ग्रहण किया था। गंगाजल भी श्वेत व स्फटिक मणि के समान स्वच्छ है, इसलिए मेघ उसे भी पान कर सकता है।[५] मेघमार्ग में अवस्थित गम्भीरा नदी का जल भी निर्मल है। यक्ष विदिशा की वेत्रवती के स्वादु जल के पान का भी आग्रह करता है।[६] ग्रीष्म के कारण निर्विन्ध्या नदी की जलधारा

१. यदमोघमपामन्तरुप्तं बीजमज त्वया।
अतश्चराचरं विश्वं प्रभवस्तस्य गीयते॥ कुमारसम्भव, २.५
२. मेघदूतम्, पूर्वमेघ, ५
३. तान्कुर्वीथास्तुमुलकरकावृष्टिपातावकीर्णान्। पू. मे. ५८
४. -कुमारसंभवम् १। ३
५. हित्वा हालामभिमतरसां रेवतीलोचनाङ्कान्। बन्धुप्रीत्या समरविमुखो लाङ्गली या सिषेवे।
कृत्वा तासामभिगममपां सौम्य सारस्वतीनामन्तः शुद्धस्त्वमपि भविता वर्णमात्रेण कृष्णः॥ पू. मेघ, ५३
६. तस्याः पातुं सुरगज इव व्योम्नि पश्चार्द्धलम्बी त्वं चेदच्छस्फटिकविशदं तर्कयेस्तिर्यगम्भः।
संसर्पन्त्या सपदि भवतः स्रोतसि च्छाययाऽसौ स्यादस्थानोपगतयमुनासङ्गमेवाभिरामा। पूर्वमेघ, ५५

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

पतली पड़ गई है। किनारों पर उगे वृक्षों से गिरने वाले सूखे एवं पीले पत्तों से उसका रंग भी पीला पड़ गया है, निस्संदेह ऐसा जल प्रदूषित होगा। इस प्रदूषण को दूर करने के लिए कालिदास यक्ष मुख से कहलाते हैं कि वहाँ जल बरसाना ताकि नदी की कृशता दूर हो जाये।[१]

जल बरस जाने से वृक्षों के पत्ते नहीं गिरेंगे परिणामस्वरूप जल गन्दा नहीं होगा। यहाँ कालिदास मृदु जलीय पारितन्त्र की निर्मलता एवं शुद्धि के लिए सक्रिय दिखाई देते हैं। अन्यत्र रघुवंश में भी राजा रघु कौत्स से पूछते हैं कि उन नदियों का जल तो ठीक है न, जिनमें आप लोग प्रतिदिन संध्या, तर्पण, स्नान आदि क्रियायें करते हैं।[२] वस्तुतः आवश्यकता पूर्ति का साधन होने से नदियों के शुद्धीकरण के लिए राजा का चिन्तित होना स्वाभाविक ही है।

मृदु जल के स्रोत नदियों, सरोवरों में जल की दो परतें होती हैं। ऊपरी परत में सूर्य किरणों के माध्यम से प्रकाश पहुँचाता रहता है। यह परत कोष्ण होती है। ऑक्सीजन की पर्याप्त मात्रा भी यहाँ पाई जाती है। निचली परत सूर्य के प्रकाश के अभाव में अन्धकारपूर्ण तथा ठंडी होती है परन्तु इस परत में भू पोषक तत्त्वों की प्रचुरता होती है। ऋतुओं के अनुसार ऊपरी एवं निचली परतों का जल आपस में मिलता रहता है तथा इसमें जीवों का निवास होता है। पोषक तत्त्वों की बहुलता के कारण नदी सरोवरों तथा इनके तटों पर जलीय वनस्पतियाँ तथा मछली आदि जल जीव बहुतायत में पाये जाते हैं।

प्रकृति प्रेमी कालिदास की रचनाओं में जलीय वनस्पतियों के रूप में शैवाल, कुमुद, कल्हार, मृणाल आदि एवं जल प्रदेशों के तट पर पायी जाने वाली वनस्पतियाँ जैसे--निचुल, वानीर, वेतस, वर्षाकालीन शिलीन्द्र आदि के भूरिशः उल्लेख प्राप्त होते हैं। इन वनस्पतियों के उपभोक्ताओं के रूप में भेक, मण्डूक, मत्स्य, शफर, रोहित, हंस, राजहंस, कादम्ब, बलाका, चक्रवाक आदि जलीय एवं आकाशवाणी जीवों के प्रसंग पूर्णतः मृदु जलीय पारितन्त्र के अनुरूप हैं। उदाहरण के लिए रघुवंशम् के सोलहवें सर्ग में सरयू नदी के वर्णन (१६/४५,४६,५४,५५) में कवि कहता है कि ग्रीष्म काल में गृहदीर्घिकाओं में जल की अल्पता के कारण (१६/४५) कुश ने चंचल हंसों से शोभित और तटवर्ती लताओं के पुष्पों की गन्ध को प्रभावित करने वाले सुखद सरयू जल में जल क्रीडा की अभिलाषा व्यक्ति की (१६.५४) सुरक्षा की दृष्टि से नक्र(ग्राह)निकाल दिये गये (१६.५५) आवर्त, लहरों से युक्त जल में मीन शैवाल के लिए उत्सुक थे। जल की कमी से कमलनाल गृहदीर्घिकाओं में दिखाई देने लगते थे । (१६.४५-४६)। इस प्रकार हंस (१६. ५६ राजहंस (१६.५४), शैवालोत्सुक मीन (१६.६१), चक्रवाक (१६.६३), नक्र (१६.५५,७९) आदि का उल्लेख करके कालिदास ने जलीय पारितन्त्र पर निर्भर भोजन शृंखला के सभी घटकों का समावेश किया है। यहाँ अजैविक घटक-नदी, सैकत, आवर्त, तरंगायमान जल, जैविक घटक-वानीरगृह, तटीय पुष्पलता शैवाल तथा उपभोक्ताओं के रूप में हंस, राजहंस, मीन,

---

१. तीरोपान्तस्तनितसुभगं पास्यसि स्वादु यस्मात्। सभ्रूभङ्गं मुखमिव पयो वेत्रवत्याश्चलोर्मिः। वही, २६

२. वेणीभूतप्रतनुसलिलाऽसावतीतस्य सिन्धुः पाण्डुच्छाया तटरूहतरूभ्रंशिभिर्जीर्णपर्णैः।
सौभाग्यं ते सुभगविरहावस्थया व्यंजयन्ती कार्श्यं येन त्यजति विधिना स त्वयैवोपपाद्य॥ वही, ३१

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

चक्रवाक, नक्र आदि तथा नौका चालन, जलविहार की दृष्टि से मानव की सत्ता के समावेश से जलीय पारितन्त्र का समग्ररूप उभरा है।

एक अन्य उदाहरण भी द्रष्टव्य है-विक्रमोर्वशीयम् के जल-संसाधन बहुल गंधमादन वन में मन्दाकिनी (अंक-४), वर्षाकालीन वेगवती पार्वत्य नदी (४.५२, ५३), स्फटिक शिलातल सदृश निर्मल निर्झर (४.५०), सरोवर (४.३०,४०) धारासार मानसूनवृष्टि (४.७, ८, १३) का उल्लेख अजैविक घटकों के रूप में अवलोक्य है। जैविक घटको में नवशाद्वल (४.५७), निचुल (४.१३) क्षुद्र पादप कन्दली (४.१५), जलीय पादप नलिनी (४.३४), पद्म (४.४०), बिस (४.३१) तथा पुण्डरीक (४.४२) का वर्णन है। इनके उपभोक्ताओं के रूप में हंस (४.३०, ३१) कीट, भ्रामर, इन्द्रगोप (४.४०-४२) चक्रवाक आदि का वर्णन भी है। मानव का इनके साथ प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष संबंध भी है। इसी प्रकार शाकुन्तलम् के शचीतीर्थ तथा गोदावरी, पम्पा सरोवर आदि के वर्णनों में पूर्ण जलीय व्यवस्था दिखाई देती है।

समुद्रीय पारितन्त्र-

जलीय पारितन्त्र का दूसरा रूप लवणीय जल के रूप में महासागरों से संबंद्ध है। यह अन्तः ज्वारीय क्षेत्र तथा गहन समुद्री पारितन्त्र के रूप में विवेचनीय है। अन्तः ज्वारीय क्षेत्र में ज्वारभाटा के कारण जल सदैव गतिशील रहता है। इस काल में समुद्र के रेतीले तट पर सीपी, केंकड़े, घोंघे आदि जीव दृष्टिगत होते हैं। गहन समुद्री पारितन्त्र में अत्यधिक जैव विविधता पाई जाती है। यहाँ छोटे-छोटे जीव, पादप, प्लवक से लेकर शार्क ह्वेल जैसे विशालकाय जल जीव पाये जाते हैं।

रघुवंशम् में राम की पुष्पक यात्रा के प्रसंग में समुद्रीय पारितन्त्र के विविध रूप अवलोकनीय हैं। लंका प्रस्थान करते समय राम सीता को लवण समुद्र पर बाँधे गये सेतु को दिखलाते हैं। समुद्रीय जल के लवण युक्त होने से लवण समुद्र सामान्यतया समुद्र मात्र के लिए प्रयोज्य पद है। किन्तु पुराण आदि प्राचीन साहित्य में यह भारत के दक्षिणी समुद्र (हिन्दमहासागर) के लिए प्रयुक्त होता था।[१] राम के अनुसार यह सागर सूर्य किरणों को जल रूपी गर्भप्रदान करने वाला रत्नवर्धक, बड़वानल को धारण करने वाला (१३.४) है। यह दसों दिशाओं को व्याप्त करने वाला (१३.५). नदीपति (१३.९), प्रलयकाल में विद्यमान रहने वाला (१३.६) तथा विविध प्राणियों से युक्त है। इसमें कहीं तिमि-मत्स्य मुख में जीवों सहित समुद्र जल लेकर उसे मुख बन्द करके रन्ध्रयुक्त सिरों से जलधाराओं के रूप में ऊपर छोड़ते हुए फुहारा बनाते हैं।[२] कहीं मातंग नक्रों के द्वारा जल को सहसा उछालने से खण्डित फेन क्षण भर के लिए

१. निर्वर्त्यंते यैर्नियमाभिषेको येभ्यो निवापाञ्जलयः पितृणाम्।
तान्युंछषष्ठांकितसैकतानि शिवानि वस्तीर्थजलानि कच्चित्॥ -रघुवंशम्, ५.८

२. (क) दिने-दिने शैवलवन्त्यधस्तात्सोपानपर्वणि विमुंचदम्भः।
उद्दण्डपद्मं गृहदीर्घिकाणां नारीनितम्बद्वयसम्बभूव॥ -रघु. १६.४७
(ख) अथोर्भिलोलोन्मदराजहंसे रोधोलतापुष्पवहे सरय्वाः।
विहर्तुमिच्छा वनितासखस्य तस्याम्भसि ग्रीष्मसुखे बभूव॥ -रघु. १६.५४
(ग) सतीरभूमौ विहितोपकार्यामानायिभिस्तामपकृष्टनक्राम्। रघु. १६.५५
(घ) पारिप्लवाः स्रोतसि निम्नगायाः शैवाललोलाँच्छलयन्ति मीनान्। वही, १६.६१

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

इन जन्तुओं के गण्डस्थल पर लगे कर्ण चामर सा प्रतीत होता है। (१३.११)। कहीं जल के ऊपर आकर वायुपान करते भुजंगों की फणमणि दमकने से समुद्र की विशाल तरंगों से उनकी भिन्नता ज्ञात हो जाती है (१३.१२)। कहीं लाल विद्रुम समूह पर सहसा तरंगों के साथ बिखरे शंख समूहों के मुख मूँगों के उठे हुए अँकुरों में फँस जाने पर बड़ी कठिनाई से निकल पाते हैं। (१३.१३) सागरीय जल के ग्रहण के लिए प्रवृत्त मेघ भँवर द्वारा घुमाये जाने पर मन्दराचल से समुद्र मन्थन के दृश्य की पुनरावृत्ति करता जान पड़ता है (१३.१४)। दूर होने के कारण समुद्र तटीय तमाल-तालीवान-श्रेणी समुद्र रूपी लौह चक्र पर सलंग्न क्षीण मालिन्य रेखा के समान दिखाई दे रही है(१३.१५)। कुछ और आगे पूग वृक्षावली के साथ बालुकामय तट पर खुली पड़ी हुई शुक्तियाँ तथा बिखरे मुक्ताफल दृश्यमान हो रहे हैं (१३.१७)।

उपर्युक्त वर्णन में विमान से दृश्यमान सागरीय जल के मध्यवर्ती जीव जैसे-तिमि (ह्वेल) मातंग नक्र (घड़ियाल) वर्णित हैं। तदनन्तर तट के सामीप्य के द्योतक भुजंग, विद्रुम शंखादि दिखाई देते हैं। दूर से तमाल, तालीवान रेखावत् दिखते हैं। तट के पास पहुँचने पर पूग वक्षावली ही नहीं सिकता पर बिखरे शुक्ति, मुक्ता भी स्पष्ट दिखाई देने लगते हैं।[१] इस प्रकार समुद्र में ह्वेल, गजाकार घड़ियाल, सिन्धुसर्प शंख-शुक्ति आदि कठोर खोल में रहने वाले जीव तथा विद्रुम जैसे जीवों के वर्णन सर्वथा समुद्रीय पारितन्त्र के अनुरूप हैं। सागर के तटवर्ती प्रदेशों की वनस्पतियों के वर्णन भी स्वाभाविक तथा तथ्यपूर्ण हैं। इस प्रकार महाकवि ने विशाल समुद्र के स्वरूप उत्ताल तरंगों, आवर्तों जलीय जीवों, तटीय वनस्पतियों का सूक्ष्म यथार्थ चित्रात्मक वर्णन किया है।[२]

कविकुलगुरू कालिदास ने जलीय पारितन्त्र से सम्बद्ध उन प्रक्रियाओं का वर्णन भी किया है, जिनसे जल में व विशेषरूप से सागरीय जल में परिसंचरण उत्पन्न होता है। जैसे-सूर्यातप-सूर्य की किरणों से प्राप्त ताप द्वारा सागरों महासागरों व नदी, जलाशयों का जल गर्म होकर जलवाष्प में परिवर्तित होता रहता है इसे वाष्पीकरण कहते हैं। वायु मण्डल में उपस्थित जल वाष्प शीतल होकर जल के अतिसूक्ष्म कणों में संघनित हो जाता है इन्हीं कणों से मेघ-निर्माण होता हैं रघुवंश में राम सीता से कहते हैं 'गर्भं दधत्यर्कमरीचयः (१३.३)। समुद्र से ही सूर्य की किरणें जल खींचती हैं। नदी आदि के प्रसंग में भी महाकवि ने वाष्पीकरण प्रक्रिया का उल्लेख किया है। जैसे नदियाँ ग्रीष्मकाल में सूर्य को जल पिलाकर छिछली हो जाती हैं। उन्हीं नदियों में वर्षाकाल में बाढ़ आ जाती है।[३] मेघ रेवा से जल लेकर विन्ध्यवन में वृष्टि करता है।[४] गंगा से जल लेकर हिमालय का वनोप्लव शान्त करता है।[५] वस्तुतः समुद्र नदी व

१. (क) ब्रह्माण्डपुराण १/२
(ख) महाभारत, भीष्मपर्व - १२/२

२. (क) ससत्वमादाय नदीमुखाम्भः संमीलयन्तो विवृताननत्वात्।
अमी शिरोभिस्तिमय : सरन्ध्रैरूर्ध्वं वितन्वन्ति जलप्रवाहान्॥ रघु. १३/१०
(ख) अस्ति मत्स्यः तिमिर्नाम शतयोजनमायतः (मल्लिनाथ रघु. १३/१० की टीका)

३. रविपीतजला तपात्यये पुनरोधेन हि युज्यते नदी। कुमार., ४/४४

४. पूर्वमेघ, २१

५. वही, ५५

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

जलाशयों से सूर्य को वाष्प द्वारा ही जल प्राप्त होता है। वाष्पीकरण की प्रक्रिया में मेघनिर्माण एवं जलवृष्टि होती है। रघुवंशम् के १३वें सर्ग में ही एक स्थल पर सूर्यताप से निर्मित मेघ-निर्माण एवं समुद्रीय परिसंचरण का स्पष्टतः निदर्शन हुआ है। कवि कहता है--'काले-काले बादल समुद्र का पानी लेने आयें हैं और समुद्रीय भँवर के साथ-साथ अत्यन्त तीव्रगति से चक्कर काट रहे हैं'-

प्रवृत्तमात्रेण पयांसि पातुमावर्तवेगाद् भ्रमता घनेन।
आभाति भूयिष्ठमयं समुद्रः प्रमथ्यमानो गिरिणेव भूयः ॥[१]

(२) प्रचलित पवनें-

जल परिसंचरण का द्वितीय महत्त्वपूर्ण कारक प्रचलित पवनें हैं। महासागरों के जल तल पर जब तीव्र मौसम-पवनों का प्रवाह होता है, जल भी उनकी दिशा के साथ-साथ प्रवाहित होने लगता है। इससे महासागरीय जल में परिसंचरण होता है। 'मेघदूतम्' इसी प्रचलित पवनों से मानसूनी वृष्टि का निदर्शन है। वायुमण्डल में विद्यमान मेघकण, तापमान की आर्द्रता आदि संचालक वायु द्वारा ही स्थानान्तरित होते हैं। अतः कवि कहता है[२] मेघ को अनुकूल पवन धीरे-धीरे प्रेरित करता है[३] हल्के अल्पतोय मेघ वायु से तितर-बितर हो जाते हैं।[४] प्रतिकूल पवन धाराओं की चपेट में आ जाने से मेघ समुचित दिशा में बह नहीं पाते। इसका संकेत भी कालिदास ने किया है।

स्थानादस्मात्सरसनिचुलादुत्पतोदङ्मुखः रवम्।
दिङ्नागानां पथि परिहरन्स्थूलहस्तावलेपान्॥[५]

अतः मानसूनी वायुधाराओं के साथ मेघ वन, पर्वत, सरिता सरोवर सभी को सुगमता से पार कर लेता है।

(३) गुरूत्वाकर्षण शक्ति-

जल में परिसंचरण का तृतीय महत्त्वपूर्ण कारक सूर्य व चन्द्रमा की गुरूत्वाकर्षण शक्ति भी है इससे महासागरीय जल में ऊर्ध्वाधर गति उत्पन्न होती है। इसे ज्वारभाटा भी कहते हैं। कवि ने अपनी रचनाओं में प्रकारान्तर से इसके वर्णन किये हैं। जल में सूर्य किरणों के प्रवेश से जल गर्म हो उठता है, जिसे बड़वानल की संज्ञा दी जाती है।

---

१. रघु. १३.१४
२. त्वामारूढ़ः पवनपदवीम् (पू. मे. ८)
३. मन्दं मन्दं नुदति पवन...... (पू. मे. १०)।
४. अन्तः सारं घन तुलयितुं नानिलः शक्ष्यति त्वाम्। वही, २१
५. पू. मे. १४

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

पावकस्य महिमा स गण्यते कक्षवज्ज्वलति सागरेऽपि यः।[१]

अर्थात् अग्नि का प्रताप तभी सराहनीय होता है जब वह समुद्र में भी वैसे ही फड़क कर जले जैसे सूखी घास के ढेर में जलती है। यह स्थिति सूर्य की, गुरूत्वाकर्षण शक्ति से ही सम्भव है।

अन्यत्र चन्द्रमा की गुरूत्वाकर्षण शक्ति से सागरीय ज्वारभाटों का प्रतिपादन हुआ है। कवि कहता है 'जैसे वायु के रूके रहने से शांत समुद्र का तट चन्द्रमा के निकलने पर हिलोरें लेने लगता है, वैसे ही सीता को हँसते देखकर शूर्पणखा भी उत्तेजित हो गई।'[२]

निवातपद्मस्तिमितेन चक्षुषा कान्तं पिबतः सुताननम्।
महोदधेः पूर इवेन्दुदर्शनाद् गुरुः प्रहर्षः प्रबभूव नात्मानि।।

जैसे चन्द्रमा को देखकर समुद्र में ज्वारभाटा आने लगता है वैसे ही पुत्र को देखकर राजा दिलीप को अत्यधिक आनन्द हुआ।

वस्तुतः इसी ज्वारभाटे के परिणाम स्वरूप शंख, सीपी आदि सूक्ष्म जलचर जीव रेतीले तट पर आ जाते हैं, जिनका मनोहारी वर्णन कवि ने रघुवंशम् के तेरहवें सर्ग में राम की पुष्पक विमान यात्रा के प्रसंग में किया है।

इस प्रकार कालिदास जल परिसंचरण की वैज्ञानिक प्रक्रिया से परिचित प्रतीत होते हैं। इस परिसंचरण से प्रकृति के स्थलमण्डल, वायुमण्डल और जलमण्डल के मध्य सदैव जलचक्र बना रहता है। वास्तविकता तो यह है कि प्रकृति का कोई भी अंग आत्मदान में कृपणता बरते तो समस्त जीवन-शृंखला ही विशृंखलित हो सकती है। यदि नदियों सागरों से सूर्य के द्वारा मेघों को आर्द्रता न मिले तो मानसून प्रवाह भूतल पर अग्रसर होकर भी वृष्टि नहीं दे सकता। मेघों से वर्षा जल न मिलने से नदियाँ अल्पतोया होकर सूख सकती है। अतः राष्ट्रकवि इस सम्बन्ध में सचेत है और यज्ञ से धूम, धूम से वृष्टि, वृष्टि से अन्न, अन्न से जीव की पारस्परिक सापेक्षता बतलाकर एक व्यवस्थित पारितन्त्र की सूचना देता है—

हविरावर्जितं होतस्त्वया विधिवदग्निषु।
वृष्टिर्भवति सस्यानामवग्रहविशोषिणाम्।।[३]

पारितन्त्र को असंतुलित करने वालों को महाकवि दण्ड का अधिकारी मानता है। अहंकारी भोगलिप्त तारकासुर विज्ञान प्रश्रयी मानव से पूर्ण साम्य रखता है। सूर्य, वायु, समुद्र, जल सभी को उसने अपने अधीन कर रखा है। इन प्राकृतिक उपादानों की स्वाभाविक गति पर अंकुश लगा दिया है। यथा-

१. रघु. ११.७५
२. (निवातस्तिमितां वेला जन्द्रोदय इवोदधेः रघु. १२.३६)
३. रघु. १.६२

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

मन्दाकिनी के स्वर्णकमलों को उखाड़ कर अपनी वापिका में सजा लिया है। जिससे मन्दाकिनी मलिनजला हो गयी है।[१] वस्तुतः पारितन्त्रीय यथार्थ यह है कि वृक्ष आदि के विनाश से भूक्षरण होने से नदी, सरोवरों आदि का जल प्रदूषित हो जाता है। मलिनता जल की अशुद्धता का द्योतक है। मलिन जल में सूर्य का प्रकाश पानी के आर-पार नहीं जा पाता। सौर-प्रकाश के अभाव में जल का सतत्-स्वाभाविक शोधन नहीं हो पाता। पर्याप्त ऑक्सीजन न मिलने से जल-जीव नष्ट होने लगते हैं तथा हानिप्रद जीवों की वृद्धि होने लगती है। परिणामस्वरूप जलीय पारितन्त्र बिगड़ने लगता है। अतः कालिदास ऐसे तारकासुर को वध का अधिकारी मानते हैं। आज का विज्ञान प्रश्रयी मानव भी प्रकृति के साथ खिलवाड़ कर रहा है। प्राकृतिक शक्तियों पर नियन्त्रण पाने के अहंकार से ग्रस्त है और पर्यावरण के सहज-सन्तुलन में हस्तक्षेप कर रहा है जिस से ऋतु चक्र बिगड़ रहा है। कहीं अतिवृष्टि तो कहीं अनावृष्टि से विश्व त्रस्त है। अतः प्रशासन के द्वारा यह स्थिति नियन्त्रणीय है ताकि पारितन्त्र व्यवस्था समुचित रूप से बनी रहे।

---

१. मन्दाकिन्याः पयः शेषं दिग्वारणमदाविलम्।
हेमाम्भोरूहसस्यानां तद्वाप्यो धाम साम्प्रतम्॥ कुमार., २/४४

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

संस्कृत वाङ्मय में संगीत कला

डॉ. रश्मि मिश्र

प्राचीन काल से ही संगीत कला का किसी न किसी रूप में मनुष्य के जीवन में महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है। प्रत्येक कला का लक्ष्य भौतिक संसार से ऊपर उठकर अलौकिकता को प्राप्त करना है। ऐसे कई भारतीय मनीषी हुए हैं, जिन्होंने कला के माध्यम से अपनी आत्मा की उन्नति की है। मनुष्य समाज में रहकर ही भौतिक सुखों को प्राप्त करता है और यदि मनुष्य संगीत की मधुर लहरियों में अपने को आत्मसात् कर ले तो वह आत्मिक सुख प्राप्त कर सकता है। सरस ब्रह्म की रसवत्ता ही संगीत है। **रसो वै सः**[१] संगीत ईश्वरीय वरदान है अतः वह ब्रह्म स्वरूप ही है। संगीत ही एक ऐसा माध्यम है, जिससे मनुष्य अपने सुख-दुःख के भावों को भी प्रकट करता है, जिससे उसको एक प्रकार की मानसिक शान्ति मिलती है तथा उसका मनोरञ्जन भी होता है। हरिवंश पुराण में लिखा है कि नृत्य, संगीत एवं वादित्र द्वारा मनुष्य अपना मनोरञ्जन करके स्फूर्ति का अनुभव करता है।[२] महापुराण में भी संगीत, वादित्र एवं नृत्यगोष्ठियों के आयोजन का उल्लेख है।[३] उक्त पुराणों में अन्य गोष्ठियों के अतिरिक्त काव्य गोष्ठी में गायन की प्रधानता है।[४] उपनिषद् में मृत्यु के उपरान्त जिन स्वर्ग एवं सुखों का वर्णन किया गया है, संगीतज्ञ इसी लोक में, इसी जीवन में और इसी शरीर के माध्यम से उसे सिद्ध कर लेते हैं और सुखों को प्राप्त कर आनन्द की अनुभूति करते हैं। वैदिक युग में तो संगीतकला पुरोहितों के हाथ में ही थी, उन्हीं के द्वारा ही संगीत विद्या का प्रचार-प्रसार हुआ था। उस समय वहाँ तीन प्रकार के कलाकार हुआ करते थे। गायक, वादक और नर्तक। ये तीनों ही उन्नति पर थे। वैदिक युग में संगीत के बड़े-बड़े आयोजन भी हुआ करते थे, जिनमें नर्तकियां खुल कर भाग लेती थी। तत्कालीन समाज में गायकों, वादकों और नर्तकों को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता था। वीणा इस युग का प्रमुख वाद्य था। ऋग्वेद कालीन 'समन' नामक उत्सव प्रख्यात् उत्सव था, जिसका अपना ऐतिहासिक महत्व था। वह

---

१. तैत्तिरीय ब्राह्मण ३/७

२. चितैश्चित्तहरैर्दिव्यैर्मानुषैश्च समन्ततः। नृत्यसङ्गीतवादित्रैर्भूतलेऽपि प्रभूयते।। हरिवंश पुराण ५९-२०

३. कदाचित् गीतगोष्ठीभिर्वाद्यगोष्ठीभिरन्यदा। कर्हिचिन्नृत्यगोष्ठीभिर्देयस्तांपर्यमुपासत्।। महापुराण १२-१८८

४. महापुराण - १२-२१२

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

रात्रिकालीन उत्सव था। इसमें कुमारियाँ अपनी इच्छानुसार अपने वर का चुनाव करती थी तथा युवक भी उत्साहपूर्वक भाग लेते थे। इस उत्सव में कुमारियों की संगीत विषयक परीक्षा भी होती थी और यही समन आगे चलकर समज्जा के नाम से प्रयुक्त हुआ। कौषीतकिब्राह्मण[१] में शिल्प के तीन प्रकार का उल्लेख मिलता है। नृत्य, संगीत और वाद्यसंगीत। छान्दोग्य उपनिषद्[२] में इन तीनों का एक साथ उल्लेख हुआ है। वैदिक काल में गायन वादन के साथ-साथ नृत्य कला का भी प्रचलन था। नर्तकियाँ पैरों में घुंघरू बांधकर नृत्य प्रदर्शन किया करती थी। नर और मारियाँ सोम रस का पान करके सामूहिक रूप से नृत्य में भाग लिया करते थे। नृत्यों में रज्जू नृत्य, सलिल नृत्य, अरुण नृत्य, प्रकृति नृत्य, पुष्प नृत्य और वसन्त नृत्य प्रमुख थें उस समय गायक, वादक और नर्तक तीनों का नैतिक स्तर बहुत ऊँचा होता था क्योंकि उनका मूल उद्देश ही कला की साधना और कला का संवर्धन था। एक कारण यह भी था ; कि उस समय कला का पोषण धर्म की कोख में हो रहा था। वैदिक युग का संगीत अधिकांश रूप से यज्ञों का अंग बना रहा है। शतपथ ब्राह्मण[३] में अप्सराओं के गान और नृत्य का उल्लेख हुआ है। नृत्य संगीत का प्रचलन केवल मानव समाज में ही नहीं बल्कि देवताओं में भी था। ऋग्वेद[४] की एक प्रक्ष्वा में नृत्य और वाद्यों का उल्लेख हुआ है। उसकी व्याख्या करते हुए सायणाचार्य ने नाचते हुए देवताओं **नृत्यमाना देवताः** का उल्लेख किया है। राष्ट्रप्रेम की उत्कट भावना से प्रेरित अथर्ववेद[५] की पुरुषसूक्त की एक ऋचा में गायन और नृत्य का उल्लेख हुआ है, जिस भूमि पर मनुष्य नाचते गाते हैं **यस्यां गायन्ति नृत्यन्ति भूम्यां मर्त्याः।** इसी प्रकार काठक संहिता[६] में नृत्य, संगीत, नर्तकों और गायकों का उल्लेख हुआ है। अथर्ववेद और ऐतरेय ब्राह्मण[७] में महनग्नि शब्द एक राजनर्तकी के लिए प्रयुक्त हुआ है। अतः मानव लोक और देवलोक दोनों में ही तीनों कलाओं का व्यापक प्रचलन रहा था।

इस प्रकार वेदों से समस्त जीवन को ही संगीमय माना जा सकता है। सामवेद संगीत प्रधान है अर्थात् ज्ञान और कर्म की परिसमाप्ति या पूर्णता संगीत में ही होती है। वैदिक पद्धति में विवाह के समय पाणिग्रहण के छ : मंत्रों के उपरान्त अथर्ववेद का एक मंत्र अनिवार्य रूप से पढ़ा जाता है, जिसमें पति घोषणा करता है कि 'तुम ऋक् हो, मैं साम हूँ अर्थात् जीवन में संगीत के स्वर

---

१. कौषीतकी ब्राह्मण (२९/५)
२. छान्दोग्य उपनिषद् (८/२/८)
३. शथपथ ब्राह्मण (१-१-१)
४. ऋग्वेद (५-३३-६)
५. अथर्ववेद (१२-१-४१)
६. काठक संहिता (१७-१३)
७. अथर्ववेद (१४-१-३६) (२०/१३६/५)
ऐतरेय ब्राह्मण (१-२७-१)

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

देने वाला मैं हूँ और तुम ऋग्वेद के समान ज्ञान का विस्तार करने वाली अर्थात् संगीत की साधना हो। मैं द्यूलोक हूँ, तुम पृथ्वी के समान हो, अतः हमारा यह संकल्प वृद्धावस्था की अन्तिम स्थिति तक चले और हम सौ वर्ष पर्यन्त तक जीते रहें।[१]

अमोऽहमस्मि सात्वं सात्वमस्यमोऽहम्। सामाऽहमस्मि ऋक्त्वं द्यौरहं पृथ्वी त्वं तावेण विवाहावैह सह रेतो दधावहै। प्रजां प्रजनयावहै पुत्रान् विन्दावहै बहून्। ते सन्तु जरदष्टयः सं प्रियौ रोचिष्णु सुमनस्यमानो। पश्येम शरदः शतं जीवेम शरदः शतं श्रणृयाम शरदः शतम्।

वैदिक साहित्य में स्वर विधान संबंधी पुष्कल सामग्री सुरक्षित है पूर्वार्चिक, उत्तरार्चिक, ग्रामगेयगान, आरण्यगेयगान, स्तोव, स्तोम आदि पारिभाषिक शब्दावली से तत्कालीन संगीत की समृद्धि का पता लगता है। सामवेद के जो गेय छन्द हैं उनको विशेष स्वर विधान के साथ गाने के नियम भी उसमें दिये गये हैं। सामवेद की इन ऋचाओं का सछन्द और सस्वर गाया जाता था। उस समय स्वर के तीन प्रकार थे उदात्त, अनुदात्त और स्वरित। इन्हीं तीन स्वर संस्थानों से ही बाद में षड्ज आदि सप्त स्वरों की सृष्टि हुई। उदात्त से निषाद और गान्धार, अनुदान्त से ऋषभ् और धैवत् और स्वरित से षड्ज मध्यम तथा पञ्चम का जन्म हुआ। उदात्त का एक और नाम 'तार' भी है इसलिए अनुदात्त को उच्च, मन्द अथवा खाद भी कहते हैं और स्वरित को मध्यसमतारक्षक स्वर। तार, मन्द और मध्य इन तीन स्वरों से षड्ज आदि सात स्वरों का विकास किस प्रकार हुआ इसका विवरण ऋक्प्रातिशाख्य में भी दिया गया है। इस प्रकार वैदिक काल में संगीत का किसी न किसी रूप में अस्तित्व था। वैदिक अनुष्ठान, वैदिक कर्मकाण्ड आदि में भी ऋचाएँ संगीतात्मक ध्वनि से ही होती हैं।

वैदिक युग में संगीत की दो धाराएं प्रवाहित थी, वैदिक और लौकिक। वैदिक संगीत यज्ञादि सीमित धार्मिक संगीत था, जिसमें ऋक्, यजु, साम का सस्वर पठन या गायन किया जाता था। किन्तु लौकिक संगीत के अन्तर्गत यज्ञ के अवसरों पर, यज्ञ के बाद एवं अन्य लौकिक प्रसङ्गों पर संगीत गायन, वादन और नृत्य के रूप में प्रयोग किया जाता था। वैदिक वाङ्मय में एक स्वराश्रित गायन को अर्चिक, दो स्वराश्रित गाथिक और तीन स्वराश्रित गायन को सामिक कहा गया है।[२] और जिन तीन स्वरों का उपयोग किया जाता था उन्हें उदात्त, अनुदात्त और स्वरित कहते हैं।[३] वैदिक काल में ही सात लोकों के समान पूर्ण सप्तक की स्थापना हो चुकी थी। इस प्रकार वैदिक युग में मानव-लोक और देव-लोक दोनों में संगीत नृत्य आदि कलाओं का व्यापक प्रचलन था। नाट्यशास्त्र के प्रणेता आचार्य भरत ने पञ्चम वेद की उत्पत्ति चारों वेदों से बतायी है। देवताओं की

---

१. अथर्ववेद (१४-२-७१)

२. नारदीय शिक्षच १-१-२ एवं ३

३. 'उच्चैरुदात्तः नीचैरनुदात्तः समाहारः स्वरितः' –पाणिनि व्याकरण

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

प्रार्थना पर मनोविनोदार्थ ब्रह्मा ने ऋग्वेद से अभिनय और (संवाद) सामवेद से गीत (संगीत यजुर्वेद से अभिनय और अथर्ववेद से रस लेकर नाट्यवेद का निर्माण किया।[१]

जग्राह पाठ्यं ऋग्वेदात् सामेभ्यो गीतमेव च।
यजुर्वेदादभिनयान् रसानाथर्वणादपि।।

अर्थात् वैदिक काल में संगीत का किसी न किसी रूप में अस्तित्व था। वैदिक अनुष्ठान, वैदिक कर्मकाण्ड आदि में भी ऋचाएं मन्त्र संगीतात्मक ध्वनि से ही किये जाते थे। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि वेद भारतीय संगीत के उद्‌गम स्थल और प्राचीनतम रूप के संरक्षक हैं। वैदिक वाङ्मय में मंत्र संहिता और वेदाङ्गों, आरण्यको, उपनिषदों एवं सूत्र ग्रन्थों का अन्तर्भाव माना गया है। ऋग्वेद मंत्र द्रष्टा ऋषियों का आर्षकाव्य है। सामवेद-ऋग्वेदीय ऋचाओं का संगीत बद्ध संग्रह है, यजुर्वेद प्रायः गद्यात्मक है और अथर्वेद मंत्रों का (मांगल्यप्रद) और अङ्गी रस(अभिचार विषयक) मंत्रों का संकलन है। संगीत तत्त्व की दृष्टि से ऋग्वेद की यह पंक्ति द्रष्टव्य है-

'Music when combined a pleasurable idea is poetry, music without idea is simple music, the idea without the music, is prose from its very definitions'

इसलिए इसका दूसरा नाम ज्ञेय है। काव्य की आत्मा ध्वनि है और यही ध्वनि संगीत का आधार है। तात्पर्य यह है कि वेद स्वराश्रित है अतः संगीतात्मक है इसलिए संगीत को वेदों का मूल आधार मानना असंगत नहीं है।

उपनिषदों में भी जीवन के अनेक रूपों को संगीत में निरूपित किया गया है। वहाँ ब्रह्मचर्य या बाल्यावस्था में आरोह तथा गृहस्थ जीवन में आरोह और अवरोह समान रूप से विद्यमान् रहते हैं जैसे- सुख्-दुःख, राग-द्वेष, विस्तार-संकोच, आशा-निराशा, दिन-रात आदि एक दूसरे पर आश्रित रहते हैं और यही जीवन संगीत की स्वरमयता है, यही गृहस्थ है और यही लोक धर्म है। ऋषियों ने तीसरी अवस्था वानप्रस्थ को समता की स्थिति माना है। अतः संगीत यही पूर्णता को प्राप्त करता है। छन्दोग्य उपनिषद् में उल्लेख है कि ऋचाओं का सार साम में निहित है और साम का सार उद्गीथ अथवा ओऽम् ध्वनि में निहित है और इस ध्वनि के सम्यक् ज्ञान से उत्पन्न होने वाला रसानन्द अन्य सभी रसों में श्रेष्ठ है।

पुरुषस्य वाप्यसो वाचऋग्रसऋचः सामरसः साम्नः उद्गीथो रसः।
'ए एष रसानां रसतमः परमः पराध्र्योष्टमो उद्गीथः।।[२]

---

१. नाट्यशास्त्र (१-१७)
२. छान्दोग्योपनिषद् (३-१, २)

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

छान्दोग्योपनिषद् में ही ऋतु परिवर्तन के समय साम के गाने का उल्लेख मिलता है, जिससे ज्ञात होता है कि उपनिषदत्काल में भी संगीत कला विद्यमान थी। इसी तरह शिक्षा ग्रन्थों में तो संगीत का सैद्धान्तिक पक्ष प्राप्त होता है। नादोत्पत्ति के संबंध में दार्शनिक दृष्टिकोण पाणिनि से लेकर परवर्ती दार्शनिकों एवं संगीतज्ञों में पाया जाता है। पाणिनि के अनुसार नादोत्पत्ति की प्रक्रिया इस प्रकार वर्णित है-

आत्मबुद्ध्या समेत्यर्थान् मनो युंक्ते विवक्षया।
मनः कायाग्निमाहन्ति स प्रेरयति मारुतम्॥
मारुतस्तूरसि चरन्मन्द्रं जनयति स्वरम्॥[१]

अर्थात् प्राण शरीर के विभिन्न अङ्गों में संचरण करके मंद, मध्य और तार, इन तीनों स्थानों से विभिन्न स्वर स्थानों का निर्माण करता है। इसी तरह नारदीय शिक्षा में भी सप्त स्वर, तीन ग्राम, उञ्चास तान, इक्कीस मूर्छना आदि का वर्णन मिलता है।

महाकाव्य, पुराण, तन्त्र आदि ग्रन्थों में भी संगीत विषयक विपुल सामग्री मिलती है परन्तु संगीत शास्त्र का वास्तविक विकास भरतमुनि के नाट्यशास्त्र से ही होता है। भारतीय संगीत के आदि प्रणेता भरतमुनि के द्वारा ही संगीत का रूप निर्धारित हुआ है। संगीत को सम्मानीय अवस्था से गौरवान्वित करना भरतमुनि का ही श्रेय है। भरतकालीन संगीत में जाति और राग दोनों परम्पराओं का प्रचलन था। आचार्य भरत ने जातियों का विवेचन गान्धर्व के स्वर और पद दोनों में किया है-

स्वराश्च श्रुतयो ग्रामो मूर्च्छनाः स्थानसंयुक्ताः।[२]
स्थानं साधारणे चैव जातयोऽष्टादशैव च॥

छन्दोवृत्तानि जात्यस्य नित्यं पदगतात्मकाः।
गान्धर्वसंग्रहौ ह्येषा विस्तारं च निबोधत॥

स्वरगत जातियां अष्टादश है, जिनका संबंध कण्ठगत और वीणागत स्वरों से है और पदगत जातियों का संबंध स्वर रचना न होते हुए भी छन्द और अक्षर रचना से है। यद्यपि नाट्यशास्त्र का प्रधान विषय नाट्य ही है किन्तु उसमें संगीत का वर्णन विषदरूप से मिलता है। उन्होंने अपने पूर्वकाल के सारे स्वरों का परीक्षण करने के बाद ही उसको अपूर्ण और सदोष बताया। षडज ग्राम और मध्यम ग्राम का स्वरूप निर्धारित किया जिसमें हर ग्राम में द्वाविंशति श्रुतियाँ थी, जिनको भरत ने जाति का रूप दिया। इस प्रकार पुराना **ग्राम** शब्द का नया नामकरण जाति हुआ। अतः भरतमुनि

---

१. पाणिनि शिक्षा (३६-३७ श्लोक)

२. नाट्यशास्त्र २०/-१३ पृ. १८

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

पद्धति के अनुसार ७ शुद्ध जातियाँ थी। भारतीय संगीत प्रारम्भ से ही दो धाराओं में प्रवाहित होता रहा है– एक धार्मिक समारोहों में और दूसरा लौकिक समारोहों में। बाद में सामगान और गन्धर्व के नाम से जाना जाने लगा, तत्पश्चात् मार्गी और देशी नाम से विख्यात हुआ। इस समय संगीत कला की पूर्ण रूप से प्रतिष्ठापूर्वक स्थापना भरतकाल के समय में ही हो गयी थी।

वैदिक युग की अपेक्षा पौराणिक युग में संगीत की पद्धति, नीति नियमों और प्रकारों में काफी अंतर दिखाई देता है। पुराण में वर्णित संगीत अधिक प्रगतिशील जाना जाता है। हरिवंशपुराण में गांधार राग की प्राचीनता का पता लगता है इसमें सातों स्वरों, विभिन्न रागिनियों, मंद, मध्य और तार इन तीनों स्थानों और मूर्च्छना, नृत्य, नाट्य और वाद्य आदि का भी विस्तार से परिचय मिलता है। हरिवंशपुराण में ही उर्वशी, हेमा, रम्भा, मेनका, मिश्रकेशी: तिलोत्तमा आदि तत्कालीन नर्तकियाँ उनके विभिन्न वाद्यमंत्रों और उनकी नृत्यसंबंधी रीतियों का उल्लेख भी मिलता है। मार्कण्डेय पुराण में षड्ज आदि सात स्वरों, पंचविध ग्राम रागों, पंचविध गीतों, मूर्च्छनाओं के ५१ प्रकार की ताने, तीन ग्रामों और चार पदों का परिचय मिलता है। वायुपुराण में भी सात स्वर, तीन ग्राम, इक्कीस मूर्च्छनाएँ और चार तालों का उल्लेख मिलता है।

महाकवि वाल्मीकि के आदिकाव्य रामायण का जो स्फुरण अनुष्टुप छन्द में हुआ है– वह संगीतात्मक हैं। व्यघ्रशर से वियुक्त क्रौंचमिथुन के क्रंदन से कवि को जो करूण शोक उत्पन्न हुआ वही श्लोक बन गया।[१] और कवि के उद्‌गार ही संगीतमयी वाणी में प्रस्फुटित हो गये।

मा निषाद प्रतिष्ठा त्वमगमः शाश्वतीः समाः।[२]
यत् क्रौंचमिथुनादेकमवधीः काममोहितम्॥

यही रामायण का प्रथम छन्द है, यही संस्कृत का प्रथम उच्छवास श्लोक है और यही ताल-लय बद्ध प्रथम सरगम है और गेयता ही रामायण का प्राण तत्व है।

रामायण और महाभारत में संगीत एक विशिष्ट वर्ग में ही सीमित नहीं रह गया था बल्कि सम्पूर्ण लोकरूचि का विषय बन गय़ा था। संगीत को तत्कालीन समाज में सर्वत्र लोकप्रियता मिल चुकी थी। राम-रावण और कौरव-पाण्डव की पुरातन कथा को मौलिक रूप में सुरक्षित रखने तथा उसको समाज में प्रचलित करने का काम तत्कालीन नट, नर्तक और गायकों ने ही किया था। उस युग का प्रचण्ड ज्ञानी और महापंडित रावण स्वयं ही संगीत में पारङ्गत विद्वान् था। उसके संबंध में कहा जाता है कि रावण ने ही सस्वर वेद -पाठ की प्रणाली का प्रचलन किया था। नर्मदा नदी के किनारे भगवान् शंकर की स्तुति में गाये गये सामवेद के मंत्र ही उनकी संगीत पटुता को द्योति

१. शोकः श्लोकत्वमागतः। रामायण
२. वाल्मीकि रामायण (बालकाण्ड २.१५)

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

करते हैं। रावण का स्वर ज्ञान अद्‌भुत था। रावण की पत्नी मंदोदरी भी संगीत की बड़ी विदुषी थी। रावण की राजसभा में ही अनेक गायनाचार्य एवं प्रवीण नर्तकियाँ थी। रावण के नाम से **रावणीयम्** एक संगीत ग्रन्थ भी उपलब्ध होता है जो काफी बाद की रचना है सम्भवतः वह रावण द्वारा रचित संगीतशास्त्र संबंधी ग्रन्थ का अंश हो। रामायण की कथा को भी वाल्मीकि ने लव-कुश द्वारा उसको सस्वर गवाया था तथा वाल्मीकि स्वयं भी संगीत के पारंगत विद्वान थे। इसी प्रकार महाभारत में भी संगीत का पर्याप्त प्रचार प्रसार था। महाभारत के श्रीकृष्ण तो संगीत के अपूर्व पण्डित थे। श्रीकृष्ण की वेणुवादन और गोपियों के साथ उनकी रासलीलाएँ प्रसिद्ध हैं। ब्रह्मा, विष्णु और महेश आदि देवी देवताओं की पूजा अर्चना के अवसर पर नृत्य, गायन और वादन का प्रचलन भी था। अर्जुन के संबंध में भी प्रसिद्ध है कि एक वर्ष के अज्ञातवास के समय अर्जुन ने छद्‌मवेष में विराट राजा के दरबार में रहकर उनकी पुत्री उत्तरा को संगीत की शिक्षा दी थी। वहां वैदिक विवाह के प्रसंग में ही अन्यत्र नारी की प्रशंसा करते हुए उसके गीत गाने की बात भी कही गई है[१]।

तामगाथां गास्यामि मा स्त्रीणामुत्तमं यशः'।

महाभारत में गन्धर्व और किन्नरों का सशास्त्र गाने का भी उल्लेख मिलता है-

गीतवादित्रकुशलाः शम्यातालाविशारदाः।
प्रमाणे च लये स्थाने किन्नराश्च कृतश्रमाः[२]।।

महाभारतकार ने संगीत के शास्त्रीय पक्ष पर भी विवेचन किया है। षड्‌जादि सप्त स्वरों को शब्द विस्तार माना है और शब्द आकाश का गुण है।

षड्‌जषर्म गान्धारो मध्यमोः निषादो धैवतस्तथा।
एवं बहुविधो ज्ञेयः शब्द आकाशसंभवः।।[३]

महाभारत काल में संगीत जनजीवन का अंग बन गया था। उत्सवों पर संगीत के विशेष आयोजन किये जाते थे। रैवतक पर्वत पर आयोजित किये गये लोकोत्सव में श्री कृष्ण और अर्जुन ने नृत्य नाट्य का रसास्वाद किया था। **खाण्डववनदाह** पर आयोजित **जलविहारोत्सव** में भी गीत, नृत्य और वादन का आयोजन हुआ था। द्रुपद की राजधानी हमेशा **तूर्योध** की ध्वनि से गूंजती थी।[४] महापुरुषों के स्वागत समारोहों में संगीत का आयोजन किया जाता था। इन्द्र की सभा में, अर्जुन के

---

१. अथर्वेद
२. महाभारत ४/४४-४५
३. आश्व. ५३/५२-५४
४. आदि ११/१५ संक्षिप्तमहाभारत

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

स्वागत में गन्धर्वों ने वीणा वाद्यों के साथ गायन का तथा अप्सराओं द्वारा भावपूर्ण नृत्य का भी आयोजन किया था। महाभारत में उल्लेखों से प्रतीत होता है कि उस समय संगीत को राज्याश्रय प्राप्त था। राजा संगीत में अनुरागी होते थे। संगीत कला विशारदों को राजदरबार में गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त था। राजघरानों में राजमहिलाओं के संगीत के शिक्षण के लिए संगीत के शिक्षकों की नियुक्तियां भी की जाती थी। विराट पर्व में अर्जुन ने अज्ञातवास के समय वृहन्नला के रूप में राजा विराट के अन्तःपुर में संगीत शिक्षण का कार्य भी किया था।

गीतं नृत्यं विचित्रं च वादित्रं विविधं तथा।
शिक्षयिष्याम्यहं राजन् विराटस्य पुरस्त्रियः[१]॥

राज्य की ओर से भी संगीत शालाओं का आयोजन किया जाता था। भारत वर्ष में आज तक यह मान्यता है कि रामायण के बाद महाभारत पूर्ण आकार ग्रन्थ है तथा साहित्य और संस्कृति का उपजीव्य है।

'यदिहास्ति तदन्यत्र यन्नेहास्ति तत् क्वचित्।

अर्थात् जो कुछ यहां है (महाभारत में) वह लोक में मिलेगा चाहे वह काव्यरूप में हो, चाहे इतिहास पुराण के रूप में हो, चाहे नीतिशास्त्र के रूप में, चाहे धर्म या व्यवहार के रूप में और चाहे ललित कलाओं के रूप में। और जो कुछ महाभारत में नही है वह इस भारत वर्ष में कहीं नहीं मिलेगा। अन्य कलाओं की भांति संगीत कला भी महाभारत में पर्याप्त रूप से व्याप्त है। महाभारत में कृष्ण के द्वारा जो ज्ञान का उपदेश दिया गया है वही गीता के नाम से प्रसिद्ध है। गीता का अर्थ है जो गाई गई हो। गीत में संगीतात्मकता है किन्तु दार्शनिक स्वर अधिक प्रबल है। महाभारत काव्य में अनेक स्थलों पर संगीत का वर्णन मिलता है। उस काल में साम और गान्धर्व का प्रचार अधिक था। वैदिक संगीत के स्वर, पद, स्तोम आदि का अध्ययन वैदिक शिक्षा के अंगों के रूप में किया जाता था। यज्ञ गानों में साम गान की परम्परा थी। महाभारत के अनेक प्रसंगों में साम संगीत का वर्णन मिलता है। साम विशुद्ध वैदिक संगीत था जिसका प्रयोग यज्ञों के अवसर पर किया जाता था जिसका लक्ष्य था ईश्वर की आराधना, अतः वह ईश्वर की स्तुति गान करता था।

सामभिर्ये च गायन्ति सामगाः शुद्धबुद्धयः[२]।

यही सामगान वैदिक आर्यो की दिनचर्या का अंग बन गया था। ऋषियों के आश्रम सामसंहिता के पाठ और साम गीतों की मधुर ध्वनि से गूंजा करते थे।[३] लौकिक कृत्यों के अतिरिक्त

१. महाभारत
२. अनुशासनपर्व २३/४९-५०
३. संक्षिप्त महाभारत आदिपर्व ७/८-९

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

जन्म और मृत्यु जैसे लौकिक प्रसंगों पर भी साम गान का विधान था।[१] इस प्रकार वैदिक संगीत के अतिरिक्त गान्धर्व जैसे लौकिक संगीत भी उपलब्ध था। गान्धर्व संगीत में गायन, वादन ओर नर्तक का अन्तर्भाव माना गया है। इनमें गाथा और मंगलकीर्तियों का प्रचलन था। गाथाओं के गायक-गान्धर्व, कथागायक और पौराणिक होते थे।

गायन्ति गाथा गान्धर्वान्[२]

अत्रं गाथा ब्रह्मगीताः कीर्त्तयन्ते पुराविदः[३]।

इस प्रकार हमारे ग्रन्थों में संगीत की व्याख्या अनेको प्रकार से की गई है। मानक हिन्दी शब्द कोष में संगीत शब्द की व्युत्पत्ति 'सम' उपसर्गपूर्वक गै धातु से 'क्त' प्रत्यय के योग से बताई है। जिसका अर्थ है-मधुर ध्वनियों या स्वरों का कुछ विशिष्ट लय में होने वाला प्रस्फुटन[४] प्राचीन संस्कृत वाङ्गमय में संगीत का व्युत्पत्ति परक अर्थ सम्यक् गीतम् रहा है। वराहोपनिषद में इस प्रकार है-

'संगीत ताल लय वाद्यवंशगतापि मौलिस्थकुम्भपरिरक्षणधीर्नटीव[५]।'

भरतकाल में भी संगीत केवल सम्यक्‌गीत का पर्यायवाचक रहा है। नृत्य, गीत और वाद्य का समन्वित रूप का नहीं। कालिदास के मेघदूत में संगीतार्थ उपादानों में गीत, वाद्य और नृत्य तीनों का समावेश है[६]। कौटिल्य के अर्थशास्त्र में गीत वाद्य और नाट्य का सहचरी कलाओं के रूप में उल्लेख हुआ है[७]। बौद्ध और जैन ग्रंथों में गन्धत्व वेद के अन्तर्गत गीत वादित नच्च नाट्य तथा अख्खानभ का उल्लेख है[८]। इन उल्लेखों से स्पष्ट रूप से प्रतीत होता है कि प्राम्भ में संगीत शब्द सैद्धान्तिक रूप से भले ही सम्यक्‌गीतम् का बोधक रहा हो परन्तु व्यवहार में गीत, वाद्य और नृत्य का साहचर्य रहता होगा, जिसे देखकर ही मध्यकालीन संगीत शास्त्रज्ञों ने संगीत को त्रयी के रूप में स्वीकार किया, जिसमें गायन वादन और नृत्य का समावेश किया। निम्न पंक्तियां इस बात की पुष्टि करती हैं-

गीतं वाद्यं तथा नृत्यं त्रयं संगीतमुच्यते[९]।

---

१. शान्तिपर्व ८९/५२
२. अद्योग पर्व ९६/९-१०
३. शान्ति पर्व २१०/२१
४. मानक हिन्दी कोष ख ५५ पृ. २१३
५. ईशाद्यष्टोत्तरशतोपनिषद् पृ. ५२९
६. पूर्वमेघ ५६
७. अर्थशास्त्र -कौटिल्य २.२६
८. भारतीय संगीत का इतिहास (पृ. २७५) शरच्चन्द्र परांजपे
९. संगीतरत्नाकर - प्रथमभाग (१.२१) शारंगदेव

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

गीतं वाद्यं तथा नर्तनं च त्रयं संगीतमुच्यते[१]।
गीतं वादित्र नृत्यानां त्रयं संगीतमुच्यते[२]।

इस अन्विति में विद्वानों ने संगीत को सर्वोपरि माना है। आचार्य भरत के अनुसार गीत नाटक के प्रमुख अंगों में से अन्यतम है तथा वादन और नृत्य दोनों उसके अनुयायी हैं।[३] विष्णुधर्मोत्तर पुराण में वाद्य और नृत्त को गीत का अनुवर्ती माना गया है।[४] गायन की प्रधानता के कारण ही संगीत की इस त्रयी को संगीत संज्ञा से कहा गया है।

गायनस्यात्र प्रधानत्वात्तच्छंगीतमितीरितम्[५]।

अत: संगीत समुदायवाचक नाम है। इस नाम से तीन कलाओं का बोध होता है। वस्तुत: गायन वादन और नृत्य के समन्वय से संगीत कला में सत्यं शिवम् और सुन्दरम् की सृष्टि होती है।

---

१. संगीतदर्पण - श्लोक ३ वर्मादर पणित
२. संगीत पारिजात - श्लोकसं २० प.अहोबल
३. नाट्यशास्त्र ४-२६-६५
४. नाट्यशास्त्र ४-२६०-६५
५. संगीतपारिजात - श्लोकसं. - २०

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

काव्यकारणविमर्श : अर्वाचीन दृष्टि

श्री राजमंगल यादव

आचार्य भरतमुनि से लेकर पण्डितराज जगन्नाथ तक की काव्यशास्त्रीय परम्परा के समस्त आचार्यों ने इस विषय पर अपने-अपने मतों को प्रस्तुत किया है। जिस प्रकार भरत, भामह, दण्डी, वामन, रुद्रट, भोज, राजशेखर, कुन्तक, जयदेव, विश्वनाथ, मम्मट तथा पण्डितराज जगन्नाथ आदि आचार्यों ने काव्य रचना के उपादानों पर अपनी सूक्ष्मदृष्टि से विचार किया है। उसी प्रकार २०वीं सदी के प्रमुख आचार्यों ने यथा- पं. श्रीपादशास्त्री हसूरकर, श्रीकौत्स अप्पल्ल सोमेश्वरशर्मा, सर्वेश्वर कवि, आचार्य छज्जूराम शास्त्री, आचार्य रेवाप्रसाद द्विवेदी, आचार्य ब्रह्मानन्दशर्मा, पं. गिरिधर लाल व्यास शास्त्री, डॉ. रमाशङ्कर तिवारी, डॉ. शङ्करदेव अवतरे, प्रो. अमरनाथ पाण्डेय, प्रो. राजेन्द्रमिश्र, प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी तथा प्रो. रहसविहारी द्विवेदी आदि आचार्यों ने भी इस विषय पर गहन विवेचन प्रस्तुत किया है। पं श्रीपादशास्त्री हसूरकर ने आचार्य मम्मट प्रतिपादित काव्य कारण-

शक्तिर्निपुणता लोकशास्त्रकाव्याद्यवेक्षणात्।
काव्यज्ञशिक्षयाभ्यास इति हेतुस्तदुद्भवे।।

का ही समर्थन करते हुए शक्ति (प्रतिभा), निपुणता (व्युत्पत्ति) और अभ्यास को ही काव्य रचना में कारण माना है।[१] श्रीकौत्स अप्पल्ल सोमेश्वर शर्मा ने भी पूर्वाचार्यों द्वारा प्रतिपादित प्रतिभा, व्युत्पत्ति तथा अभ्यास का समीक्षण करते हुए प्रतिभा को काव्य का प्रधान कारण माना तथा व्युत्पत्ति और अभ्यास को उसकी सहायक सामग्री के रूप में उपन्यस्त किया है।[२] आचार्य सर्वेश्वर कवि

---

१. साहित्यमञ्जरी, पृ. १

२. अत: काव्योत्पत्तौ प्रतिभैव प्रधानं कारणम्। सत्यां तस्यां यदि व्युत्पत्त्याभ्यासौ स्तस्तर्हि हेम्न: परम्प्रमोद इत्यवश्यमभ्युपेयम्। समुदितहेतुवादिनां गते तु प्रतिभायास्सत्वेऽपि व्युत्पत्त्यभ्यासयोरभावे काव्यस्यानुपत्तिरेवापद्येत। सामग्र्या असंपूर्णत्वात् न हि तथाविधोऽनुभव:। अतो युक्त्यनुभवानुरोधात्प्रतिभया एव काव्यकारणत्वमङ्गीकार्यम्। स च जन्मान्तरसुकृतागतो देवतामहापुरुषप्रसादादिजन्यो वा कवित्वबीजरूपसंस्कारविशेष:।

—साहित्यमविमर्श- द्वितीय परिच्छेद, पृ० ३६

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

ने सुन्दर मृदु पदावली युक्त बालव्युत्पत्ति को काव्य का कारण माना है।[१] आचार्य छज्जूराम शास्त्री ने काव्य निर्माण में 'व्युत्पत्ति (बोध), शक्ति (संस्कार विशेष) और अभ्यास तीनों की तुल्य कारणता को प्रतिपादित किया है। इनका मत है कि काव्य के प्रादुर्भाव में तीनों मिलकर ही कारण हैं, पृथक्-पृथक् नहीं।[२] इस प्रकार आचार्य छज्जूराम शास्त्री ने आचार्य मम्मट प्रतिपादित प्रतिभा, व्युत्पत्ति और अभ्यास को ही काव्य का कारण माना है। काव्यशास्त्र के अनेक आचार्यों ने प्रतिभा को काव्य का प्रमुख कारण माना है तथा व्युत्पत्ति और अभ्यास को उसके सहायक के रूप में प्रतिपादित किया है। परन्तु शास्त्री जी ने आचार्य मम्मट का अनुसरण करते हुए तीनों की समानरूपता को प्रकट किया है। व्युत्पत्ति को परिभाषित करते हुए शास्त्री जी ने आचार्य रुद्रट द्वारा प्रतिपादित छन्द और व्याकरण का ज्ञान, ६४ कला और कोष में निपुणता, युक्तायुक्त विचार को ही समर्थित किया है तथा शक्ति के स्वरूपोद्घाटन में मम्मट का अनुसरण किया है।[३]

प्रो. रेवाप्रसाद द्विवेदी का मत है कि काव्य का कारण प्रतिभा है और वह होती है अर्थ की अवभासना। यह मेघमाला के मध्य बिजली की चमक के सदृश हुआ करती है।[४] मेघमाला है प्रज्ञा। परमात्मा ने अपनी कृपा के पात्र नारदादि में जो अपना स्वरूप प्रथमतः प्रकट किया था, वह

---

१. लसन्मृदुपदावल्या बालव्युत्पत्तिकारणम्।
तेन साहित्यसारोऽसौ क्रियते नाट्यलक्षणम्। साहित्यसार- प्रथम प्रकाश-कारिका-११

२. तस्य काव्यस्य निर्माणे समुल्लासे प्रचारणे।
व्युत्पत्तिः शक्तिरभ्यासः त्रयं हेतुर्न हेतवः॥ -साहित्यबिन्दु - प्रथम बिन्दु- कारिका-८

३. छन्दोव्याकरणज्ञत्वं, कला कोष-प्रवीणताम्।
युक्तायुक्त-विवेकं च व्युत्पत्तावाह रुद्रटः॥
शक्तिं निपुणतां लोकशास्त्र-काव्याद्यवेक्षणात्।
काव्यज्ञ-शिक्षयाभ्यासं हेतुं तत्राह मम्मटः॥ -साहित्यबिन्दु-प्रथमबिन्दु-कारिका-९-१०

४. कारणं प्रतिभा काव्ये सा चार्थ-प्रतिभासनम्। प्रज्ञाकादम्बिनी-गर्भे विद्युदुद्योत्-सोदरम्॥
नारदादि-कृपापात्र-चेतोधातौ जगत्प्रभोः। प्रथमं स्व-स्वरूपस्य दर्शनं यत् तदीदृशम्॥
समाधौ योगलग्नानां हृदये विषयान्विता। ज्योतिष्मती प्रवृत्तिर्या तत्स्वसा प्रतिभा कवेः॥
स्वयंभूश्च सहेतुश्चेत्यसौ लोके द्विधा स्थिता। आदिमाऽऽदिकवौ दृष्टा द्वितीयान्यत्र दृश्यते॥
द्वितीया या भवन्त्यत्र कारणानि बहून्यपि। कारणं तु भवत्यत्र सत्वोद्रेको हि केवलः॥
रजस्तमोऽनुवेधानां सङ्ख्यातीता तु या स्थितिः। उद्रेकोऽप्यनया सोऽयमतिवैचित्र्यमश्नुते॥
एकस्यापि कवेः काव्य-प्रबन्धे येन दृश्यते। बन्धभेदो मधूद्याने वृक्ष-श्री-भेदसोदरः॥
ततश्च प्रतिभाभेदोऽप्येकस्मिन्नपि दृश्यते। कवौ किं विद्युदुद्योतः स्यात् सदैवैक-सौभगः॥
उपादानं निमित्तं च काव्यज्ञ प्रतिभैव सा। द्वितीयं गर्भमात्रे यत् तस्यास्तिष्ठति तत् सदा॥
काव्यालङ्कारकारिका-द्वितीय अधिकरण-कारिका-११-१९

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

इस प्रतिभा से मिलता-जुलता है तथा योगियों के हृदय में समाधिस्थ अवस्था में जो विषयान्विता ज्योतिष्मती प्रवृत्ति मानी गई है, कवि की प्रतिभा उसकी स्वसा है। यह प्रतिभा लोक में द्विविध रूप में प्रत्यक्ष होती है- (i) स्वयम्भू और (ii) सहेतु। इन दोनों में प्रथम आदि कवि वाल्मीकि में तथा द्वितीय अन्य कवियों में द्रष्टव्य है। इनमें जो द्वितीय है इसके करण तो अनेक होते हैं। परन्तु कारण केवल सत्वोद्रेक होता है। यह सत्व का उद्रेक भी अनेक प्रकार का होता है क्योंकि इसमें रज और तम का अनुबेध रहता है और यह अनुबेध भी सङ्ख्यातीत हुआ करता है। यही कारण है कि एक ही कवि की कविताओं में अनेक प्रकार के बन्ध मिलते हैं जैसे वसन्त के उद्यान में वृक्षों की छटाएँ। इसी कारण एक ही कवि में प्रतिभाएँ भी अनेक प्रकार की मिलती हैं, क्या बिजली की चमक सदैव एक-सी ही होती है? अत: काव्य के प्रति यह प्रतिभा ही उपादन और निमित्त कारण हुआ करती है। इसलिए काव्य सदा प्रतिभा के भीतर ही रहा है। प्रो. द्विवेदी ने अपने ग्रन्थ नाट्यानुशासन के रसभोगनामक पञ्चम उन्मेष में बतलाया कि कलाओं में जो भी भाव व्यक्त होते हैं सबकी आत्मा प्रतिभा ही है। दर्शन सम्प्रदाय में उसी को प्रातिभासिक सत्ता (आत्मा) कहा गया है।[१]

डॉ ब्रह्मानन्द शर्मा ने शक्ति और श्रम को काव्य का कारण माना है। उनका कहना है कि यहाँ शक्ति प्रधान होती है तथा श्रम की भी उपयोगिता होती है।[२] काव्यकारण विवेचन के सन्दर्भ में पं० गिरिधर लाल व्यास जी ने पूर्वाचार्यों को ही समर्थित किया है। प्रतिभा को काव्य का कारण मानते हुए व्युत्पत्ति तथा अभ्यास को भी महत्वपूर्ण बतलाया है। काव्यशास्त्र की पूर्व परम्परा को ही अपनी कारिकाओं में निबद्धकर विद्वान् आचार्य ने मम्मट प्रतिपादित काव्यकारण का अनुसरण किया है।[३] प्रो. शिवजी उपाध्याय ने काव्यकारण के सम्बन्ध में अपने मत को प्रस्तुत करते हुए बतलाया कि कविस्वयम्भू होकर अपनी प्रज्ञा (नवनवोन्मेषशालिनी प्रतिभा) के द्वारा लोकोत्तर किसी

---

१. सर्वेषामपि भावानां कलासु प्रतिभात्मता। प्रतिभासिकसत्तात्मेत्युच्यतां दर्शनेषु सा॥
–नाट्यानुशासन-पञ्चम उन्मेष

२. शक्तिः श्रमश्च काव्यस्य, कारणमिति मे मतिः।
शक्तिरत्र प्रधाना स्यात्, श्रमस्याप्युपयोगिता॥ -काव्यसत्यालोक, पञ्चम उद्योत, कारिका, ६८

३. प्रदर्श्यतेऽधुना काव्यकारणं बिबुधैर्मतम्। येन वाग्वैभवं विद्भिर्विश्वेऽस्मिन् वै प्रतन्यते॥
भणताभामहेनाथ प्रतिभा काव्यकारणम्। व्युत्पत्त्यभ्याससहिता नूनं तत्रैव संस्मृता॥
या मात्रा वर्णवृत्तेषु सदैव समपेक्षिता। तथाभिधाकोशाद्धि स्यात्पदार्थनिश्चयः॥
पूर्वाचार्यमतं नूनं पूर्णतः स्वीकृतं ततः। वृद्धसम्मतिरप्यत्र प्रमाणे सन्निवेशिता॥
मनः प्रसुप्तिः प्रतिभा प्रातः कालेऽभियोगिता। अनेकशास्त्रदर्शित्वमित्यर्थालोकहेतवः॥
–अभिनेवकाव्यप्रकाश-प्रथम उन्मेष-कारिका, २६०-३१९

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

लोकोत्तर चमत्कार जनक अनुत्तम तथा उत्तमोत्तम काव्य का सर्जन करता है।[१] डॉ. हरिश्चन्द्र दीक्षित ने भी काव्य के हेतु के रूप में प्रतिभा को ही स्वीकार किया है। उनका मानना है कि काव्य का एकमात्र कारण स्वगत प्रतिभा होती है जो कवि को काव्य सर्जन के लिए प्रेरित करती है। वाच्यार्थबोध से आनन्दानुभावक वाक्यरूप काव्य की प्रमुख हेतु प्रतिभा है। कल्पना और उपयुक्त अभिव्यक्ति की सहज शक्ति को प्रतिभा कहते हैं। अमन्द अभ्यास, स्वाध्याय अथवा गुरुशिक्षा से उपयोगी शास्त्रों और काव्यों का ज्ञान तथा लोकानुभव-काव्यरचना के ये अन्य हेतु हैं प्रतिभा होने पर इन हेतुओं में कवि की स्वतः प्रवृत्ति होती है। पशु-पक्षियों और स्त्री-पुरुषों के रूपों, स्वभावों और भावानुभावों का ज्ञान, विविध लोक व्यवहारों का ज्ञान और प्रकृतिगत सरित्पर्वतादि के रूपों का ज्ञान लोकानुभव कहलाता है। इन्हीं रूपादि वस्तुओं के रूपादि भावक और धार्मिकादि विचारों के मनःप्रेरक या अलङ्कृत शब्द सौन्दर्य वर्णन से काव्य की रचना होती है। कल्पना वह शक्ति है, जिससे विभिन्न वस्तुओं के रूपों का अस्थूल परिवर्तन और परस्पर आरोप किया जा सकता है, जिससे वस्तुओं का केवल रूप निर्धारित होता है। वहीं प्रतिभा की भी कोटियाँ होती हैं, अन्यथा कवि कोटि भेद न हों।[२]

डॉ. रमाशङ्कर तिवारी ने काव्य कारण के सन्दर्भ में अपने मत को प्रकट करते हुए भारतीय विद्वानों तथा पाश्चात्य विद्वानों की विचारधाराओं का समन्वयीकरण किया है तथा अपने विचारों को प्रकट करते हुए बतलाया है कि दैवी प्रेरणा को प्रथमतः काव्य रचना का हेतु प्राचीन आचार्यों ने माना है, क्योंकि वह प्रतिभा पदार्थ ही व्यञ्जित होकर तत्त्वतः काव्योद्भव का हेतुभूत है और वह एक पारमार्थिकी है तथा निश्चित ही लोक में भिन्नशः प्रकाशित होती है। उनका मत है कविकर्म की जननी प्रतिभा है। काव्यसुविज्ञ उसको ही शक्ति कहते हैं। वह मन की विशिष्ट दशा में अनपेक्षित क्षणों में उद्बुद्ध होती है। कुछ आचार्य उस एक के ही विविधत्व का कथन करते हैं उनके द्वारा की जाने वाली यह गणना युक्तियुक्त नहीं है। निर्मिति-निपुण प्रज्ञा ही प्रतिभा है और वह समग्र काव्यलोक को प्रकाशित करती है। क्रान्तदर्शी कवि उसी के प्रसाद से अपने प्रजापतित्व की सिद्धि करते हैं। व्युत्पत्ति और अभ्यास काव्य के हेतु नहीं हैं अपितु वे काव्य संरचना में प्रतिभा के उपकारक हैं। समाधि भी प्रतिभा पदार्थ को पुष्पित करती है उसकी पदवी को नहीं ग्रहण कर सकती है।

---

१. स्वयम्भूकविरेकोऽसौ परिभूय मनीषया। काव्यमातनुते किञ्चिद् लोकोत्तरमनुत्तमम्॥
तदालोकवशाल्लोके कविकर्म प्रशस्यते। तद्वत्तल्लक्षणं तस्मात्काव्यस्य प्रमापकम्।
स्वीयप्रज्ञया नवनवोन्मेषशालिन्या प्रतिभया परितः समन्ताद् भूत्वा परिव्याप्य लोकोत्तरवर्णनानैपुण्येनासौ जगद्विश्रुत एकोऽद्वितीयसङ्ख्यावान्कविः क्रान्तदर्शी सर्वदृक् किमपि लोकोत्तरं चमत्कारजनकमनुत्तममुत्तमोत्तमञ्च काव्यं स्वकतृताविशिष्टं कर्मातनुते प्रसारयति।
साहित्यसन्दर्भ- काव्यस्वरूपविमर्शः- कारिका- ११-१२तथा उसकी वृत्ति

२. काव्यतत्त्वविमर्श-पृ. २२ तथा काव्यात्मा- पृ. ३२२-२३

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

पाश्चात्य काव्यशास्त्रियों ने प्रतिभा को कल्पना बतलाया है। कतिपय आचार्य इसको सौन्दर्यभोगिनी तथा उत्तरा कल्पना भी कहते हैं। पाश्चात्य विद्वान् कॉलरिज ने कल्पना के दो विभागों का कथन किया है- (i) प्राथमिक (Primary) और (ii) उत्तरा (Secondary)। यवन कवियों ने कला और प्रतिभा को काव्य का कारण माना है तथा प्रतिभा और कला में भेद बतलाया है, परन्तु भारतीय परम्परा इस भेद को नहीं मानती। रोमन आचार्य लोञ्जाइनस ने प्रतिभा और कला में समन्वय स्थापित करते हुए बतलाया कि दोनों के संयोग से उदात्त की उत्पत्ति होती है। डॉ० तिवारी ने रामचरित मानसकार द्वारा विवेचित प्रतिभा के स्वरूप को भी उल्लिखित किया है। डॉ० तिवारी का कहना है कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने प्राच्य आचार्यों से भिन्न प्रकार से काव्योत्पत्ति का निरूपण किया है उनका मत है कि कवि का हृदय सिन्धु है, मति अथवा बुद्धि शुक्ति तुल्य है, शारदा (सरस्वती) स्वाति नक्षत्र हैं तथा श्रेष्ठ विचार ही श्रेष्ठ वारि (जलधारा) हैं। तुलसीदास जी ने निर्मितिशीला प्रतिभा के उद्रेक को व्यक्त करने के हेतु के रूप में सरस्वती की कृपा, हृदयस्थ बुद्धि तथा विचार को प्रतिपादित किया है। रामचरितमास में तुलसीदास जी ने प्रस्तुत चौपाईयों में काव्यसृजन की प्रक्रिया का वर्णन किया है-

हृदयसिन्धु मति सीप समाना। कहहिं शारदा स्वाति सुजाना।
जौं बरसई वर वारि विचारू। होहिं कवित मुकुतामनि चारू॥

(रामचरितमानस, बालकाण्ड)[१]

---

१. दैवीप्रेरणापूर्वं गण्यते स्म। हेतुः प्राच्यैः काव्यस्योत्पत्तौ॥
व्यज्यते तेन हि प्रतिभापदार्थः। तत्त्वतो हेतुभूतः काव्योद्भवे॥
सा एकैव पारमार्थिकी स्यात्। खलु प्रकाशते लोके भिन्नशस्तु॥
प्रतिभा जननी कविकर्मणश्च। कथ्यते सैव शक्तिः काव्यसुविज्ञैः॥
उद्बुध्यते सा ह्यनपेक्षितक्षणेषु। विशिष्टायां वा मनसो दशायाम्॥
विविधत्वं तस्या एके वदन्ति। नो युक्तियुक्तं तेषां विगणनम्॥
निर्मितिनिपुणा प्रज्ञा हि प्रतिभा। प्रकाशयति काव्यलोकं समग्रम्॥
क्रान्तदर्शित्वं सिध्यति कवीनाम्। तस्याः प्रसादेन प्रजापतित्वम्॥
समाधिरपि पुष्णाति प्रतिभापदार्थम्। नार्हति ग्रहीतुं पदवीं च तस्य॥
कल्पना प्रस्तूयते शास्त्रगणने। पाश्चात्त्यैः खल्विव तुल्यवृत्तिः। प्रतिभायास्तु प्रवरकाव्यरचने॥
सौन्दर्यभोगिनी तूच्यते स्म। उत्तरा कल्पना कतिपयैश्च॥
कला ह्यश्नुते गौरवं हेतुतायाः। प्रतिभान्तरेण यवनचिन्तने वा॥
लोञ्जाइसेन समाधीयते स्म। द्वन्द्वं प्रतिभाकलयोरुदात्ते॥
तुलसीदासो रूपयति काव्यजन्म। भिन्नशः प्राच्याचार्येभ्यः॥
हृदयमतिविचारसंश्लेषः प्रसूते। कवितामुक्तावलिं वाक्प्रसादे॥
काव्यतत्त्वविवेक, कारिकासङ्ग्रह, कारिका- १-१६ तथा व्याख्या वृत्ति, पृ. ११८-२५

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

डॉ. शङ्करदेव अवतरे का मत है कि शक्ति, निपुणता और अभ्यास इन तीनों के अविभाज्य योग से उदित होने वाली प्रतिभा ही काव्य निर्माण में एकमात्र कारण है। जैसे ब्रह्म अनासक्त होकर भी जड़-चेतन प्रकृति में अन्तःप्रविष्ट रहता है, उसी प्रकार कवि का यह प्रतिभारूप हेतु भी जड़-चेतन प्रकृति की अन्तर्यात्रा करने वाला होता है। इसके अनन्तर उन्होंने प्राचीन आचार्यों के मतों का निरूपण करते हुए बतलाया कि काव्य के निर्माण में (मम्मटादि आचार्यों के द्वारा) संस्कार रूप कवित्व शक्ति, लोक-शास्त्र-काव्यादि के सम्बन्ध में निपुणता और काव्यमर्मज्ञ विद्वानों के द्वारा दी गई शिक्षा के तहत सतत अभ्यास, ये तीन बातें- अविभाज्य रूप से एकमात्र कारण के रूप में स्वीकार की गई हैं। कवित्व शक्ति को प्रतिभा के रूप में, लोक-शास्त्र-काव्यादि के सम्बन्ध में निपुणता को बहुश्रुति (बहुश्रुत होने) के रूप में और शिक्षापूर्वक अभ्यास को अमंद अभियोग के रूप में (दण्डी आदि के द्वारा) अभिहित किया गया है। यहाँ विद्वानों के बीच इतना ही मतभेद है कि अधिकांश विद्वान् उपर्युक्त तीनों तत्त्वों के एकीकृत रूप को एक ही कारण के रूप में काव्य का बीज मानते हैं–ठीक उसी प्रकार जैसे घट के निर्माण में दण्ड-चक्र आदि समष्टि रूप में कारण की एकता का प्रख्यापन करते हैं। इसके विपरीत दूसरे विद्वानों का मानना है कि उपर्युक्त तत्त्वों में से किसी एक या दो के संयोग से भी काव्य रचना सम्भव हो सकती है–ठीक उसी प्रकार जैसे अग्नि की उत्पत्ति तृणों से भी हो सकती है, अरणी (शीशम की लकड़ी से निर्मित) से भी और मणि (आतिशी शीशा) से भी। तीसरे विद्वान् वे हैं जो प्रतिभा–जैसे कारण के भीतर ही सभी प्रकार के ज्ञान का और अभ्यास का भी संस्कार मानते हैं अतः इन विद्वानों की मान्यता उसी प्रकार ग्राह्य है जैसे त्रित्वान्वयी के रूप में काव्यहेतु वाले मम्मट आदि की, क्योंकि ये प्रतिभा जैसे काव्यहेतु के भीतर ही निपुणता और अभ्यास के अपेक्षित अर्थों का सङ्ग्रह कर लेते हैं। सुखद आश्चर्य की बात है कि पाश्चात्य काव्यशास्त्रियों ने भी काव्यनिर्माण हेतु के रूप में या तो कवि की प्राकृतिक (सहज) प्रतिभा को बीज के रूप में स्वीकारा है, या फिर प्रतिभा (कवित्व शक्ति), नियमबोध (निपुणता) और अनुशीलन (अभ्यास) के रूप में त्रित्त्वान्वयी को काव्य हेतु माना है।[1]

---

१. काव्ये त्रित्त्वान्वयी हेतुः प्रतिभानामकः कवेः।
प्रकृत्यन्तः प्रवेशार्होऽप्यसक्तस्येव वेधसः।।
शक्तिर्निपुणताऽभ्यासस्त्रिकं काव्यस्य कारणम्।
प्रतिभाश्रुत्यभियोगपर्यायेणापि तद् विदुः।।
दण्डचक्रादिकन्यायात् तत् त्रिकमेककारणम्।
तृणारणीमणिन्यायात् केचिदाहुः पृथक् पृथक्।।
अतिकापि किमप्येकं वदन्तः काव्यकारणम्।
अपि विद्वद्वारा ग्राह्याः सापेक्षार्थस्य सङ्ग्रहात्।।
सहजा प्रतिभा काव्यहेतुस्त्रित्त्वान्वयी तथा
केवलं शब्दभेदेन पाश्चात्त्यैरपि मन्यते।।
अभिनवकाव्यशास्त्रम्- द्वितीय आयाम-काव्य प्रक्रिया-सूत्र-१५-१६ तथा कारिका-५३-५७

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

प्रो. अमरनाथ पाण्डेय ने प्रतिभा को काव्य का हेतु माना है तथा अपनी कारिकाओं में प्रतिभा के महत्व का प्रतिपादन किया है। काव्य सिद्धान्त कारिका नामक अपनी कृति के प्रारम्भिक पाँच पद्यों में कवि ने प्रतिभा विस्तार के लिए भगवान् शिव-शक्ति, देवी सरस्वती तथा देवताओं से प्रार्थना की है। पाश्चात्य काव्यशास्त्रियों ने कल्पना को महत्व प्रदान किया है, प्रो. अमरनाथ पाण्डेय ने उसका भी उद्घाटन प्रस्तुत कारिकाओं में किया है। कविवर पाण्डेय ने उस कल्पना शक्ति की व्याप्ति को आरेखित करते हुए बतलाया है कि सत्कल्पना क्या-क्या नहीं साधती। इस प्रकार कल्पना के स्वरूप को उद्घाटित करते हुए कवि ने राजशेखरादि कवियों द्वारा स्वीकृत समाधि की भी चर्चा की है। उनका मत है कि अन्तर प्रयत्न समाधि और बाह्य प्रयत्न अभ्यास दोनों शक्ति को उद्भासित करते हैं जैसा कि राजशेखर ने प्रतिपादित किया है।[१] इस प्रकार प्रो. पाण्डेय ने अपनी कारिकाओं में प्रतिभा के विस्तृत स्वरूप की चर्चा की है। कवि पुनः अन्तिम

---

१. शिवं स्तुवाना सुषमां दधाना नवार्थरीतिञ्च सदाश्नुवाना।
परप्रकाशैः सुभगैर्विलासैर्देवी हितं मे प्रतिभा तनोतु॥
परप्रसादो महितो हितो मे सर्वस्वमूलं लालिते निकामम्।
अपास्य सर्वं दुरितं तमांसि चित्तप्रसादं त्वरितं तनोतु॥
देवैः स्तुता कर्मणि योजयन्ती सृष्टेः सतत्त्वं कलया दिशन्ती।
आनन्दसिन्धौ मुदिता शिवेन काव्यं शिव मे प्रतिभा तनोतु॥
चित्तस्य मोहं प्रभया व्यपोह्य लोकाय चैतन्यमनन्तबोधम्।
प्रदाय दृष्टिं विमलां कविभ्यः सा देवता मे हृदये विभातु।
काव्यस्य पन्था नितरां निगूढः प्रकाशितो मे हृदये प्रसन्ने॥
पदं विधत्ता सृतये कवीनां सतां मुदे शाश्वतपारमेष्ठ्यम्॥
प्रभावितानैः सुकुमारकान्तिर्भावैरजस्रैर्विपुलं समृद्धा।
दिवं धारित्रीं पारिव्याप्य चारुः सा कल्पना काव्यमलङ्करोतु।।
पदे पदे प्रीतिरसं क्षरन्ती लावण्यपूरं ललनां दुहाना।
निर्व्याजमाप्यायनभावनाभिर्नित्यं रहस्यं विशदी करोति॥
वक्ता रहस्यस्य तथासमश्च श्रोता समानाध्वनि जागरुकौ।
प्रीत्यै क्रमेते परयोर्विलासेऽतिक्रम्म लीलामपि वेधसोऽपि॥
अनागतं भूतमनन्तमर्थं धिया विशेषं सुतरां वगाह्य।
निर्माति भूयिष्ठमशेषचित्रं विश्वं नवं कल्पनयाचिरेण॥
रूपं यथा भाति विशुद्धचित्ते तथैव काव्ये फलति प्रभावात्।
विम्बं विकल्पानतिशय्य साक्षादुदेति कश्चिन्मनुते मनीषी॥
अर्थाः समाधौ निपुणं निरीक्ष्य काव्येऽर्पिताः सन्ततसाधनाभिः।
आरुह्य भूमिं खलु भावयन्तो बुधास्त एव प्रथिता जगत्याम्॥
न तादृशं काव्यमनल्पवित्तं चित्तं स्वभावात् स्ववशे करोति।
यथा गुणैः सा प्रतिभा कवीनां चित्तं चरित्रं प्रकटीकरोति॥
काव्यसिद्धान्तकारिका-कारिका-१-१२ (अजस्रा-जनवरी-अप्रैल, २००१)

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

कारिकाओं में प्रतिभा के विस्तृत स्वरूप को विवेचित करते हुए उसे आनन्दसिन्धु की जननी बतलाया है। कवि अपने चित्त में कवित्व के रहस्य को किस प्रकार जान लेते हैं। इन सब बातों का विवेचन करते हुए प्रो० पाण्डेय बतलाते हैं कि–प्रयत्न समाधि तथा वाह्य प्रयत्न अभ्यास के द्वारा शक्ति किस प्रकार उद्भासित होती है और सरस्वती की कृपा, भक्ति आदि किस प्रकार काव्य के कारण हैं, कवि ने अधोलिखित कारिकाओं में इसका उद्घाटन किया है।[1]

---

१. समाहितानां कविता कवीनामानन्दसिन्धोर्जननी प्रतीता।
चित्तं स्थिरं वेत्ति कवे रहस्यमसंस्तुतं तत्सकलं रुणद्धि।।
व्युत्पत्तिमश्रान्तमपूर्वबोधमुद्घाट्य लोकस्य परं रहस्यम्।
चित्तस्य भित्तावमलं चरित्रं सनातनं चित्रयति क्षणेन।।
प्रत्नापि नूत्नापि कथाप्रवृत्तिरुच्छ्वासमानैः कुतुकं तनोति।
सर्गैः प्रसङ्गं निपुणं ग्रथित्वा भाषाञ्जलिं कोऽपि पुरस्करोति।।
चित्ते विशुद्धे समुदेति वस्तु काव्ये निबद्धं हितमातनोति।
काव्यस्य रीतिर्वितता धरायां विभाव्यते भावनया बुधेन।।
काव्यस्य भावो मनसो विकारमुच्छिद्य मोहं प्रकटीकरोति।
कार्यद्वयं काव्यविधाननिघ्नं प्रकाशितं वर्त्मनि सत्कवीनाम्।।
इर्ष्यादिदोषैर्मलिना न शक्ताः काव्यानि कर्तुं न समीक्षितुं च।
यथा कथञ्चिद् विहितः प्रयत्नः फल्गुर्भवत्याशु विनाशमेति।।
स्फुरद्भिमर्शैरमिता कवीनां शक्तिर्विचित्रोल्लसति स्वभावात्।
सत्काव्यलाभाद् विबुधा विवेक्तुं वस्तूनि लोके प्रभवन्ति नित्यम्।।
काव्यस्य बोधो नितरामुदात्तो रीतिर्निगूढा खलु दर्शनस्य।
पदे पदे स्पन्दमनोरमा चित् पुष्णात्यपूर्वां सुषमां प्रतीकैः।।
पुरेतिवृत्तं पुरुषार्थरीतिं सम्यग्विभाव्यालिखितः प्रबोधः।
काव्यं प्रणीतं विदुषां प्रतीत्यै प्रीत्यै सदा दोग्धि हितं चरित्रम्।।
नद्यः समुद्रागिरयो विभावैः काव्ये स्थितः पुष्कलमद्भुतानि।
चित्राणि संयोज्य समर्पयन्ति सनातनं गौरवमुन्मयूखम्।।
कार्यस्य सिद्धौ प्रभवत्यशेषे शास्त्रे सतां ज्ञापकमञ्जसैव।
तत्त्वानुरोधात् सुधियो व्यवस्थां यथाप्रसङ्गं समुदाहरन्ति।।
सतः प्रयोगो विशदैः पदैश्च साद्भिर्विमृष्टो नियमेन रीत्या।
प्रीतिञ्च कान्तिं पारितो वितीर्य प्रीणाति चित्तं खलु मङ्गलाय।।
निसर्गशोभा ललितं निबद्धा काव्ये विशेषं सृजति प्रभावात्।
प्रायां कवीनां कृतिषु प्रसन्ना निसर्गवीथी विभवैर्विभाति।।
काव्यसिद्धान्तकारिता-कारिका-३१-४३ (अजस्रा-जनवरी-अप्रैल-२००१)
प्रीतिं कवीनामथ सौहृदं तत् सचेतसां लोकहिताय नित्यम्।
सन्धाय बन्धैर्ललितैर्निबन्धैश्चित्ते स्थिता मे विभवं विभर्तु।।
न केवला शक्तिरुदेति सिद्ध्यै न नैपुणी कारणतामुपैति।
द्वयोः परां प्रीतिमलौकिकस्य काव्यस्य हेतुं प्रतिपादयामः।।
वहीं, कारिका-३१-४५ ९ (क्रमशः अग्रिम पृ० पर)

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

प्रो. रामप्रताप वेदलङ्कार ने शक्ति निपुणाता तथा अभ्यास विशिष्ट को काव्य का हेतु माना है तथा कहा कि कवि इन्हीं के द्वारा चमत्कार सुवासित काव्य की रचना करता है। कवि ने नवनवोन्मेषशालिनी प्रतिभा को प्रज्ञा बतलाया है जो स्फुरणात्मिकी होकर उस चमत्कृति को प्रकट करती है। यदि कवि के अन्दर प्रतिभागुण है तो काव्यार्थ का विराम नहीं होता है यदि उसका अभाव है तो काव्य निर्माण कार्य असम्भव होता है। शक्तिजात चमत्कार से सभी अर्थ प्रवर्तित होते हैं। इसके सम्पर्क से ही काव्य 'काव्य' कहा जाता है। शक्ति व्युत्पत्ति के अभाव में जो शब्दों का विनियोजन होता है वह प्रक्लिष्टार्थ है, विद्वान् उसे काव्य नहीं कहते। अव्युत्पत्ति के कारण उत्पन्न दोष कवि के शक्ति बल से छिप जाता है। परन्तु कवि की अशक्ति से उत्पन्न दोष शीघ्र ही प्रतीत हो जाता हैं। प्रस्तुत विवेचन में प्रो. वेदालङ्कार ने ध्वन्यालोककार का अनुसरण किया है। व्युत्पत्ति अभ्यास व्यर्थ है तथा शब्दलीला से क्या लाभ है? यदि काव्य में वह चमत्कारी प्रतिभा अल्पमात्रा में भी नहीं प्रदर्शित होती है। कविशक्ति से समुद्भूत, कौतुकगन्ध से समन्वित, चमत्कार को समाकीर्ण काव्य किसको रुचिकर नहीं होता। सूक्ति, गीत, वाद्य और नायक-नायिकाओं की लीला तब काव्यास्वादकर होती है जब उनकी प्रतिभायुक्त प्रस्तुति होती है। चमत्कारमयी वाणी को सुनकर तथा उससे अन्वित रूपक को देखकर जिसके अन्दर आह्लाद नहीं उत्पन्न होता वे लोग शुष्ककाष्ठवत् होते हैं। प्रतिभा कवियों का निष्कलङ्क आभरण है ऐसा प्रो. वेदालङ्कार का मत है।

गृहे स्थिता भावनया मयूखैर्लोकं कवेर्व्याप्य शिवेन युक्ता।
क्षणे क्षणे दोग्धि सुधां वचांसि वाचो विलासं ललितं चिनोति।।
श्रुते रहस्यं कविभिर्गृहीतं दीप्त्या पुनीते सुधियः समानम्।
सृष्टेः स्वरूपं विशदं वितव्य साहित्यकाष्ठां श्रयते प्रकामम्।।
परा मनीसा परमार्थमूलं रिक्थं कवीनां कवितानिधानम्।
भद्रः क्रतुः पावनतीर्थमिष्टं मिष्टं वचः काव्यनवावतारः।।
चित्रैरवाप्ता विपुला समृद्धिर्गतिं विशिष्या प्रकटीकरोति।
प्रीत्यै तथा तत् क्षमते न चित्रं यथा कवित्वं कलितं समाधौ।।
लीलाञ्चितैः साधुपदैः पवित्रं भावं स्वकीयं तनुते कवीन्द्रः।
तस्मात् स्फुरन्ति प्रतिपादितानि शास्त्रे विधानानि मतानि लोके।।
एकाकिनी ध्यायति संविधानं विमृश्य तत्त्वं विविधक्रियाभिः।
वध्नाति बन्धं रुचिरं निबन्धं सा देवता मे प्रतिभा हिताय।।
काव्ये हितैर्व्याकरणप्रयोगैः साहित्यमानं कवयो विशेषम्।
कथावितानैरमितैः प्रधानैः परम्परां काञ्चिदुदीरयन्ति।।
व्युत्पत्तिसम्पर्कविशेषरम्यं काव्यं निधानं सकतार्थसिद्धेः।
सचेतसां चेतसि सन्निधानं प्रानोति लोके जयमङ्गलाय।।
वहीं-कारिका-४६-४७ तथा कारिका-७४-७७ (अजस्रा-जनवरी-अप्रैल-२००१)

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

उससे अयुक्त अकवि तथा युक्त महाकवि कहे गये हैं।[१]

प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी ने काव्य का कारण जागरिता प्रतिभा को माना है। जागरिता प्रतिभा का तात्पर्य स्पन्दनशीला से है। उनका मत है कि यद्यपि प्रतिभा सार्वजनीन होती है फिर भी स्पन्दन कवि प्रतिभा का स्वभाव है। कवि स्वभाव ही प्रतिभा है तथा कवि का यह स्वभाव तीन प्रकार का होता है- सुकुमार, विचित्र और उभयात्मक। प्रो. त्रिपाठी ने प्रतिभा के दो भेद बतलाये हैं-संस्कार रूपा और जागरिता। इनमें से प्रथम चिदंशभूत समस्त संसार में सर्वत्र व्याप्त है। यह प्रतिभा अविचारित रूप से व्यवहार करती हुई सभी जन्तुओं में विद्यमान रहती है।

आचार्य का मत है कि काव्यघटनानुकूल शब्दार्थ उपस्थिति जागरण है। जागरण में हेतु होते हैं—गुरु उपदेश, लोकशास्त्र अवेक्षण, काव्याभ्यास, काव्यगोष्ठी, सहृदयों की सङ्गति, प्रसङ्गविशेष अथवा घटना विशेष। यह कवित्वशक्तिरूपा प्रतिभा काव्यानुकूल शब्दार्थ ज्ञान और अभ्यास को

---

१. शक्ति निपुणताभ्यासैविशिष्टैः काव्यहेतुभिः।
कविना तन्धयते काव्यं चमत्कारसुवासितम्।।
प्रज्ञा सा प्रतिभा प्रोक्ता नवोन्मेषणशालिनी।
या स्फुरणात्मिकी भूत्वा व्यनक्ति तां चमत्कृतिम्।।
न काव्यार्थविरामोऽस्ति यदि स्यात् प्रतिभागुणः।
तदभावे च न भूयात्काव्यनिर्माणसम्भवः।।
शक्तिजाच्च चमत्कारात् सर्वोऽप्यर्थः प्रवर्तते।
एतत्सम्पर्कमासाद्य काव्यं काव्यमुदीर्यते।।
शक्तिव्युत्पत्त्यभावे यच्छब्दानां विनियोजनम्।
प्रक्लिष्टार्थकमेतन्न काव्यं सूरिभिरुच्यते।।
अव्युत्पत्तिभवो दोषः शक्त्यैवाव्रियते कवेः।
किन्त्वशक्तिकृतो दोषः शीघ्रमेव प्रतीयते।।
व्युत्पत्त्यभ्यासवैयर्थ्यं को लाभः शब्दलीलया।
काव्ये यदि मानाङ् नास्ति प्रतिभा सा चमत्करी।।
कविशक्त्याः समुद्भूतं कौतुकगन्धसमन्वितम्।
चमत्कारसमाकीर्णं काव्यं कस्मै न रोचते।।
सूक्तिर्गीतञ्च वाद्यं च लीलाश्च कान्तकान्तयोः
काव्यास्वादकरं सर्वं प्रातिभी प्रस्तुतिर्यदि।।
चमत्कारमयीं वाचं तदन्वितञ्च रूपकम्।
श्रुत्वा दृष्ट्वा न हृष्यन्ति काष्ठकुड्यानिभा जनाः।।
प्रतिभैव कवीनां साऽनर्घमाभरणं मतम्।
तदयुक्तोऽकविः प्रोक्तस्तद्युक्तश्च महाकविः।।
चमत्कारविचारचर्चा-प्रथमविचार-कारिका-११-२१

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

स्वयं आत्मसात करती है। कहीं तो प्रथम बीजभूता प्रतिभा के द्वारा भी काव्याङ्कुर की उत्पत्ति होती है। व्युत्पत्ति उसका पूरक है तथा अभ्यास के द्वारा उसका परिष्कार होता है।[1]

प्रो. राजेन्द्र मिश्र ने प्रतिभा को देवप्रदत्त बतलाया है। उनका मत है कि शक्तिरूपा चिरन्तनी प्रज्ञा ही कवित्व का बीज है जो निर्मल एवं जन्मजन्मान्तरोपात्त संस्कारों का प्रसवभूत होती है। जैसे मिट्टी, जल तथा वायु के सद्भाव रहने पर भी, पृथ्वी के गर्भ में बिना बीज निक्षिप्त किये, अङ्कुर कभी उग नहीं पाता, ठीक उसी प्रकार निरन्तर, बार-बार अभ्यास करते रहने पर भी तथा सैकड़ों शाखाओं वाले अत्यन्त विस्तृत शास्त्रों का पाण्डित्य प्राप्त कर लेने पर भी, एक प्रज्ञा (प्रतिभा) के अभाव में कवित्व का बीज अङ्कुरित नहीं हो पाता। विद्वानों के द्वारा बतलायी गयी यह सच्चाई पत्थर पर खिंची लकीर मान लेनी चाहिए। कवि प्रतिभा के स्वरूप का स्पष्टीकरण करने के लिए अपने द्वारा रचित ग्रन्थ 'अरण्यानी' के पद्य को भी प्रस्तुत किया है, जिसमें वे कहते हैं कि मैं स्वयं कविता नहीं लिखता वस्तुतः स्वयं भगवती शारदा ही मेरी कविताई के बहाने अपने को इस संसार में प्रकाशित करती हैं। कमल पुष्प अपने व्यक्तिगत प्रभाव से परिमल नहीं बिखेरता है। वह सब तो बस, दिवसलक्ष्मी का विस्फूर्जन है। प्रो. मिश्र का मानना है कि भगवती सरस्वती की कृपादृष्टि के बिना कवि काव्य रचना नहीं कर सकता वह जो कुछ करता है उस सब का मूल कारण दैवी प्रसाद है। इसी का स्पष्टीकरण करते हुए कवि ने बटुकनाथ शास्त्री खिस्ते के एक पद्य को उद्धृत किया है, जिसमें कवि कह रहा है कि थोड़ा-बहुत आगमवाङ्मय में परिचित लोग कविता लिखा करें, चिरपरिचित उन-उन भावों को नये-नये रूपों में ढालते हुए। परन्तु क्षीरसागर की लहरियों के समान स्निग्ध, द्राक्षामयी कविताझरी की रचना कराने के लिये तो हे मृडानी! तुम्हारी कृपादृष्टि ही समर्थ है।[2]

---

१. जागरिता प्रतिभा तस्य कारणम्।।१/२।१
तस्य कारणं जागरिता प्रतिभा। जागरिता स्पन्दशीला। यद्यपि प्रतिभा सर्वजनीना, स्पन्दस्तु कविप्रतिभायाः स्वभावः। कविस्वभाव एव तत्प्रतिभा। साचायं कविस्वभावस्त्रिविधः-सुकुमारो, विचित्र उभयात्मकश्च। प्रतिभा द्विविधा भवति-संस्काररूपा, जागरिता च। संस्काररूपा प्रतिभा चिदंशभूता चराचरात्मके समस्तेऽपि जगति सर्वत्र व्याप्ता। इयं प्रतिभा अविचारितं व्यवहरन्ती सर्वेषु जन्तुषु विद्यमाना।
काव्यघटनानुकूलशब्दार्थोपस्थितिर्जागरणम्। जागरणे च हेतवो भवन्ति-गुरूपदेशः................ क्वचित्तु प्रथमं प्रतिभया बीजभूतया काव्याङ्कुरोत्पत्तिः, व्युत्पत्त्या तस्य पूर्तिरभ्यासेन च तत्परिष्कारः।
अभिनवकाव्यालङ्कार सूत्र-अधिकरण-१-अध्याय-३-सूत्र-१ तथा उसकी वृत्ति।

२. प्रज्ञा बीजं कवित्वस्य शक्तिरूपा चिरन्तनी।
जन्मजन्मान्तरोपात्तसंस्कारप्रसवाऽमला।।
मृत्तिकाजलवायूनां सद्भावेऽपि यथाङ्कुरः।
बीजेऽसति धरागर्भे नैव जातु प्ररोहति।।
तथैवाऽचरितेऽभ्यासे भूयोभूयोऽप्यनारतम्।
लब्धेऽपि शास्त्रपाण्डित्ये शतशाखेऽतिविस्तृते।। (क्रमशः अग्रिम पृ० पर)

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

प्रो. रहसविहारी द्विवेदी ने काव्य के कारण पर अपना मत व्यक्त करते हुए बतलाया कि काव्य के उपयोगार्थ शब्द और अर्थ की प्रतिभामयी-उपस्थिति, निपुणता तथा लोकशास्त्र आदि विधाओं का ज्ञान काव्य रचना में कारण हैं।[१]

इस प्रकार इन समस्त अर्वाचीन काव्यशास्त्रीय आचार्यों ने अपने मौलिक ग्रन्थों में काव्यकारण पर अपनी अद्‌भुत प्रतिभा के द्वारा प्रतिभा, व्युत्पत्ति तथा अभ्यास को ही काव्य के कारण के रूप में विवेचित किया है। यद्यपि काव्य में कारण इन्हीं तीन तत्त्वों को पूर्वाचार्यों ने भी स्वीकृति प्रदान की है तथापि इस शदी के आचार्यों द्वारा उन्हीं को स्वनिर्मित मौलिक रचनाओं में अपने नूतन विचारों के साथ विवेचित किया इस शदी के कई आचार्यो ने तो स्पष्टत: यह सङ्केत कर दिया है कि वह अमुक पूर्वाचार्य से प्रभावित हैं तथा उसी के समर्थन में अपनी सहमति भी देते हैं। तथा अनेक आचार्यों ने सतर्क अपनी उद्यमशीला प्रतिभा के द्वारा सर्तक अनेक कारिकाओं में प्रतिभा तत्त्व की गहनमीमांसा प्रस्तुत की है, जिसका विवेचन क्रमश: पूर्ववत् किया जा चुका है। अत: निस्सन्देह कहा जा सकता है कि अद्यतन आयार्यों की मौलिक उद्‌भावनाएं काव्यशास्त्र के विस्तार में नितान्त सर्वतोन्मुखी हैं।

प्रज्ञां विना कवित्वस्य बीजं नैव प्ररोहति।
सत्यमेतद्दृषद्रेखाकल्पमूह्यं मनीषिभि:।।
नाहं करोति कवितामिह शारदैव साऽऽत्मानमञ्जयति मत्कवनच्छलेन।
गन्धं तनोति जलजं न निजप्रभावाद् विस्फूर्जितं सकलमेव तदर्कलक्ष्म्या:।।
कवयतुतरां लोक: किञ्चित्कृतागमसञ्चर:
परिचितधरानर्थानेतान् नवानिव भावयन्।
जनयितुमलं स्निग्धां दुग्धाम्बुधेरिव वीचिकां
शिवसति भवद्वीक्षा द्राक्षामयीं कविताझरीम्।।
अभिराजयशोभूषणम्-प्रथमोन्मेष-काव्यहेतु प्रकरण

१. काव्योपयोगिशब्दार्थोपस्थिति: प्रतिभामयी।
नैपुण्यं लोकशास्त्राणां विधाज्ञानं च कारणम्।।
(नव्यकाव्यतत्त्वमीमांसा-)-दूर्वा-द्वितीयोन्मेष-(अप्रैल-मई-जून-२००५, पृ० ९३

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham